# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

## अपूर्ण शौचालयों को जल्द पूरा करने के निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मंगलवार को संगम सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति/स्वच्छ भारत मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लाभार्थियों को प्रथम किश्त मिल चुकी है, वहां तत्काल दूसरी किश्त जारी की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शौचालय निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन और अपूर्ण शौचालयों की लंबित संख्या पर चिंता जताते हुए संबंधित एडीओ पंचायतों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।उन्होंने शौचालय निर्माण की जियो-टैगिंग कराने, रेट्रो फिटिंग सर्वे की रिपोर्ट तैयार करने तथा लाभार्थियों की पात्रता का सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रेट्रो फिटिंग का लाभ केवल उन्हीं को दिया जाए जो स्वयं इसका खर्च उठाने में सक्षम न हों।इसके साथ ही, जिलाधिकारी ने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, शिल्ट कैचर की समयबद्ध सफाई, आरआरसी सेंटर की क्रियाशीलता और गीले-सूखे कचरे के पृथककरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट और एफएसटीपी यूनिट के निर्माण के लिए स्थल चयन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शौचालय के पात्र व्यक्तियों की अधिक से अधिक संख्या चिन्हित कर उनका ऑनलाइन आवेदन कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

## जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न, साफ-सफाई को लेकर बनी नई रणनीति

प्रयागराज। जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई।इस बैठक में जिला पंचायती राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी विकासखंडों में स्वच्छता अभियान को गति देने, शौचालय निर्माण की गुणवत्ता, और कचरा प्रबंधन की स्थिति सुधारने जैसे मुद्दों पर निर्णय लिए गए। प्रमुख बिंदु:गांवों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को और बेहतर बनाने पर बल।

खुले में शौच से मुक्त की दिशा में तेजी से कार्य करने का निर्देश।स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जन-आंदोलन होना चाहिए। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# फर्जी सिम बेचने वाले 7 अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। म्यूल एकाउंट्स/फर्जी सिम बेचने वालों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत वाराणसी साइबर सेल टीम, थाना चौक की पुलिस टीम द्वारा मोती झील महमूरगंज के पास एक किराये के घर में चलाये जा रहे फर्जी कंपनी व उसके कॉल सेंटर को सीज किया गया व विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर अंतर्राज्जीय गैंग के 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिस पर थाना चौक में मु0अ0सं0 106/2025 धारा - 318 (2), 319 (2), 338, 339, 340(2) बीएनएस पंजीकृत होकर विवेचना की जा रही है।

उक्त प्रकरण के दृष्टिगत मोहित अग्रवाल पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी एवं श्री राजेश कुमार सिंह संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में तथा श्री सरवणन टी. पुलिस उपायुक्त अपराध व श्रीमती नीतू का?द्यान अपर पुलिस उपायुक्त अपराध/साइबर कमिश्नरेट वाराणसी के पर्यवेक्षण में व श्री विदुष सक्सेना सहायक पुलिस आयुक्त साइबर क्राइम कमिश्नरेट वाराणसी, श्री अतुल अंजान त्रिपाठी सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध. कमिश्नरेट वाराणसी के नेतृत्व मे उक्त घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी जिसमें फर्जी कॉल सेंटरों (1- मोती झील महमूरगंज व 2- बीएसएनएल ऑफिस के पास माधोपुर सिगरा) को सीज कर विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्जीय गैंग के 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# केन्द्रीय कारागार नैनी में निःशुल्क नेत्र चिकित्सीय शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। केन्द्रीय कारागार नैनी में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज संजीव कुमार के निर्देश पर, दिनेश कुमार गौतम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की मेडिकल टीम के सहयोग से किया गया।शिविर के दौरान कारागार के निरुद्ध बंदियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण, दवाओं का वितरण एवं आँखों के ऑपरेशन से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर गौरव सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा बंदियों को विधिक सहायता दी गई और शिविर की उपयोगिता के बारे में बताया गया।सचिव दिनेश कुमार गौतम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की और भविष्य में भी ऐसे चिकित्सीय शिविर आयोजित किए जाने का आश्वासन दिया। वहीं, सतपाल गुलाटी, वाइस चेयरमैन, यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स ने कारागार के सभी बंदियों को निःशुल्क इलाज और ऑपरेशन की सुविधा प्रदान करने का वादा किया।इस अवसर पर प्रोफ़ेसर रविकांत चौबे, विधि विभाग, रज्जु भैया विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने बंदियों को विधिक सहायता प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रज्जु भैया विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं और पराविधिक स्वयंसेवकों ने भी शिविर के सफल आयोजन में सहयोग दिया।कार्यक्रम में डा. प्रशांत कुमार, मेडिकल डायरेक्टर, यूनाइटेड मेडिसिटी, के.बी. सिंह, डिप्टी जेलर, केन्द्रीय कारागार नैनी, यूनाइटेड मेडिसिटी की मेडिकल टीम एवं जेल कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता कार्य से जुड़ी गतिविधियों को एके शर्मा ने की साझा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री भारत सरकार मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में अपशिष्ट निस्तारण एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के संबंध में एक महत्वपूर्ण वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश में चल रही स्वच्छता कार्य से जुड़ी गतिविधियों, उपलब्धियों एवं नवाचारों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक कार्ययोजना लागू की गई है। नगर निकायों के सहयोग से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा निस्तारण, सीवेज ट्रीटमेंट और स्वच्छता पखवाड़ा जैसे कार्यक्रमों को लगातार गति प्रदान की जा रही है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से गांधी जयंती-2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का संचालन भी किया जाएगा।श्री शर्मा ने बताया कि विगत वर्ष भी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया गया।इसके अंतर्गत स्वच्छता की भागीदारी(श्रमदान,जन भागीदारी) कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर रहा। संपूर्ण स्वच्छता घटक के अंतर्गत 155 घंटे महासफाई अभियान चलाया गया तथा सी0टी0यू0 के तहत लगभग एक लाख ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए, जिसकी सफाई हेतु 19 लाख से अधिक नागरिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा इन स्थानों को स्वच्छ बनाया गया।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, वेस्ट टू आर्ट इंस्टॉलेशन, स्वच्छ फूड स्ट्रीट, स्वच्छ भारत कल्चरल फैस्ट एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाए गए और इन सब में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नगर विकास मंत्री ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश के नगरों में कई दशक पुराने कूड़े के पहाड़ों को पूरी तरह साफ कर वहां पार्क और प्रेरणास्थल बनाने का काम किया गया है।लिगेसी वेस्ट प्रोसेसिंग और मेटल रिकवरी के उपरांत निकले हुए मेटल और वेस्ट मटेरियल से वेस्ट टू वंडर पार्क बनाया गया है। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के कई नगरों ने पूरे देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिनको स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में अवार्ड भी मिला। इसमें लखनऊ ने तीसरा, आगरा ने दसवां,गाजियाबाद ने ग्यारहवां,प्रयागराज ने बारहवां,कानपुर ने तेरहवां, वाराणसी ने सत्रहवां,मेरठ ने तेइसवां व अलीगढ़ ने छब्बीसवां स्थान प्राप्त किया। नगर विकास मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष एक लाख से अधिक गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स या सीटीयू (कूड़े के परंपरागत या पुराने ढेर) चिन्हित किए गए थे जिनको पूरी तरह साफ कर वहां बाग बगीचे या पार्क बनाकर सुशोभित किया गया है।लखनऊ नगर से प्रतिदिन निकलने वाले दो हजार टन कूड़े की दैनिक प्रोसेसिंग के लिए सात सौ टन क्षमता की तीन यूनिट अब कार्यरत है।

## बाढ़ से बचाव के लिए प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी, सावधानी बरतने की अपील

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने बाढ़ के दौरान और बाढ़ के बाद सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय किसी भी तरह की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए प्रशासनिक निर्देशों का पालन अनिवार्य है।एडवाइजरी में कहा गया है कि बाढ़ की चेतावनी मिलते ही लोग अपने पड़ोसियों को सतर्क करें और ऊँचे स्थानों या प्रशासन द्वारा बनाए गए बाढ़ शरणालयों में शरण लें। गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और बीमार व्यक्तियों को सबसे पहले सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने की अपील की गई है। घर छोड़ने से पहले बिजली का मुख्य स्विच और गैस रेगुलेटर बंद करने, कीमती सामान ऊँची जगह पर रखने तथा इमरजेंसी किट साथ रखने की सलाह दी गई है।एडवाइजरी में यह भी स्पष्ट किया गया है कि बाढ़ के पानी में नहाने, जल क्रीड़ा करने या वाहन चलाने से बचें। नदी, तालाब, जलप्रपात और घाटों के पास न जाएँ। बाढ़ में डूबे हुए हैंडपंप का पानी पीने से बचें और केवल उबला हुआ या क्लोरीन से शुद्ध किया गया पानी ही प्रयोग करें। बच्चों को बाढ़ के पानी में या उसके पास खेलने न दें और बासी भोजन का सेवन न करें।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ के बाद क्षतिग्रस्त घरों, पुलों और इमारतों में प्रवेश करने से पहले उनकी सुरक्षा जांच अवश्य कर लें। बाढ़ में डूबे विद्युत उपकरणों का प्रयोग न करें और बाढ़ से बहकर आए पशु शवों को सुरक्षित तरीके से निपटाएँ। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें और बच्चों को पूरे आस्तीन के कपड़े पहनाएँ।उन्होंने लोगों से अपील की कि बिजली के खंभों, तारों और ट्रांसफॉर्मरों से दूर रहें, नाव पर क्षमता से अधिक लोग न बैठें और अफवाहों से बचें। सही जानकारी के लिए स्थानीय प्रशासन, ग्राम प्रधान या समाचार माध्यमों पर भरोसा करें।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा से बचाव के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, लेकिन लोगों को भी सतर्कता और सुरक्षा उपायों का पालन करना होगा।

## रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री ने कर्मचारियों के प्रमोशन हेतु प्रमुख विधुत इंजीनियर से की मुलाकात



**गोरखपुर ।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय कर्मचारियों के प्रमोशन के बारे में प्रमुख विद्युत इंजीनियर से मुलाकात कर के संज्ञान में ले आने का काम किया गया महामंत्री विनोद राय ने प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर से अनुरोध किया कि जो बाकी बचे लोग हैं एलपीएस 2 उनका प्रमोशन किया जाए एलपीएस फर्स्ट में और जिनका प्रमोशन हो गया उनकी तत्काल वेतन लगवाने का कार्य किया जाए सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया गया प्रमोशन करने के लिए कर्मचारियों की मांग है कि वेतन में जल्द से जल्द लगाने की व्यवस्था किया जाए और बाकी बच्चे लोगों का प्रमोशन तत्काल किया जाए ताकि कोई भी कैडर समाप्त न हो मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ मंडल कार्मिक अधिकारी और सीनियर डिवीजनल इंजीनियर ऑपरेशन प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर को धन्यवाद दिया गया प्रमोशन करने के लिए और उनसे आग्रह किया गया बाकी बचे लोगों को तत्काल प्रमोशन करने के लिए और उनकी जॉइनिंग और वेतन लगवाने के लिए प्रशासन इस पर ध्यान देकर के करने का व्यवस्था करें ।

## हाईकोर्ट के निर्देश के बाद गोला तहसील प्रशासन का चला बुलडोजर,खाली कराई सरकारी जमीन

गोरखपुर। गोला क्षेत्र के एक गाँव में अवैध रूप से पोखरी व भीटा पर हुई कब्जे को मुक्त करने का आदेश हाईकोर्ट के द्वारा दिया गया था। आदेश के तीन माह बाद राजस्व टीम ने पुलिस फोर्स की मदद से पोखरे व भीटे की सरकारी जमीन को बुलडोजर चला कर खाली करा दिया। इस दौरान कब्जा धारकों के द्वारा बुलडोजर की कार्यवाई का विरोध भी किया गया। देवलापार निवासी पूर्व प्रधान दिवाकर दूबे पुत्र स्व भीष्म दूबे ने ग्राम मेंहदराव में पोखरे व भीटा कि जमीन पर हुए अवैध कब्जा को लेकर उच्चन्यायालय में पीआईएल दाखिल कर सरकारी जमीन को खाली करने की गुहार लगाई थी। तीन माह पहले 17 मई को प्रयागराज उच्चन्यायालय ने पोखरा व भीटा को जुर्माना के साथ कब्जा मुक्त कराने का आदेश दिया था। इसी आदेश के मद्देनजर नायब तहसीलदार जय प्रकाश के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में मंगलवार को बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन को कब्जामुक्त करा दिया।तीन माह से कार्यवाई कराने के लिए पूर्व प्रधान तहसील का चक्कर लगा रहे थे। उनके द्वारा उच्चन्यायालय के आदेश के पालन में तहसील प्रशासन के द्वारा टाल-मटोल करने की शिकायत उच्चधिकारियों से भी की गयी थी

# भारतीय रेल में 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगा स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। भारतीय रेल पर 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता अभियान के द्वतीय चरण के सातवें दिन मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन के निर्देश एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ई.एन.एच.एम) श्र अभिषेक राय के नेतृत्व में वाराणसी मंडल के गाजीपुर सिटी, जंक्शन,छपरा,सीवान,देवरिया सदर,मऊ,आजमगढ़,बलिया,बनारस,वाराणसी सिटी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों ट्रेनों आवासीय, कांलोनियों, डिपो एवं कारखानों में स्वच्छता सम्बंधित अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर कार्यरत स्वास्थय निरीक्षकों ने स्टेशन पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता संबंधित नारे,पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से जन जागरुकता रैली निकाली,साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया एवं स्वच्छता अभियान का प्रचार-प्रसार किया गया । कचरे का पृथक्करण एवं कूड़ेदान की व्यवस्था करना जिसके अन्तर्गत स्टेशन परिसर में गीले एवं सूखे कचरे के लिए अलग-अलग कूड़ेदान लगाये गये। ट्रेनों और कोचों की गहन सफाई कराई गयी। ट्रेनों में मिलने वाली लिनेन का निरीक्षण एवं भंडारण का निरीक्षण,रेलवे ट्रैक की सफाई, शहरी स्थानीय निकायों के सहयोग से स्टेशनों से सटे रेलवे पटरियों के किनारे कचरे को हटाया गया। पटरियों के आस पास गहन सफाई सुनिश्चित की गई। रेलवे कॉलोनियों और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों में गहन सफाई अभियान चलाया गया। स्टेशनों और ट्रेनों में पीए सिस्टम के माध्यम से घोषणाएं की गईं स्वच्छता रैली के माध्यम से, जनता को ''स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत'' और ''आइए, भारतीय रेल को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाएँ'' जैसे नारों के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से यात्रियों को भी मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## कमता, चिनहट और मटियारी चौराहा के जाम से रूक रही हाइवे की रफ्तार

# रोजाना जाम, आमजन हलकान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**अतिक्रमण, अवैध कब्जे और ई रिक्शा है जाम के मुख्य कारण**

**चिनहट चौराहे पर अतिक्रमण हटाने का कार्य ठंडे बस्ते में**

**बीच रोड पर खड़ा होता है ई रिक्शा, लगता है जाम**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ से अयोध्या, गोरखपुर, बहराइच , गोण्डा, नेपाल बार्डर समेत बिहार जाने के लिये अयोध्या हाइवे का बहुल ही बुराहाल है। हालात यह है कि इस हाइवे के पालीटेक्निक से लेकर इन्दिरा नहर तक की करीब 7 किलोमीटर की दूरी वाहन सवारों के लिये किसी नरक से कम नहीं है। ऐसा नहीं है कि कमता, चिनहट और मटियारी चौराहों पर यातायात पुलिस व्यवस्था नहीं है, यातायात पुलिस अपना कार्य करते है लेकिन इन सब के बावजूद इस हाइवे पर वाहनों का भार इतना अधिक है कि तीनों चौराहों का असर अब हाईकोर्ट के सामने देखने को मिलने लगा है जहां अयोध्या की ओर से आने जाने वाले वाहन जाम की वजह से ओवर ब्रिज के उपर या नीचे जाम में फंस जाते है। यहां का हाल यह है कि ओवर ब्रिज पार कर नीचे आने और इन्दिरा प्रतिष्ठान या पालीटेक्निक की तरफ निकलने में वाहनों को पांच मिनट की जगह जाम की वजह से 25 से 30 मिनट लग जाते है।

हालांकि पिछने एक दशक में अयोध्या हाइवे की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिये तमाम प्रयास किये गये। जिसमे पालीटेक्निक कमता, चिनहट और मटियारी चौराहे पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया। इसके अलावा किसान पथ का निर्माण भी हुआ जिससे माल वाहनों को इन्दिरा नहर से मोड़ दिया गया। इन प्रयासों से वाहन सवारों को कुछ माह तक ही राहत मिली। अब हालात यह है कि वाहन सवारों को हाइवे की जगह आस पास के गलियों से निकल कर बीबीडी कालेज तक पहुंचना पड़ रहा है। जिससे वहां से हाइवे पर निकल कर अपने गंनतव्य तक रवाना हो जाते है।

करीब दो माह पूर्व मण्डलायुक्त के दौरे में चिनहट और मटियारी चौराहे से अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया था, काम भी शुरू हुआ लेकिन स्थानीय नेताओं के हो-हल्ला के बाद यह काम वहीं ठप हो गया, और टीम कुछ दिन का समय देकर वापस चली गयी जो आज तक दोबारा नहीं आयी।

मजे की बात है कि चिनहट चौरहे पर ई रिक्शा चालक बीच रोड पर ही ई रिक्शा खड़ा कर सवारी भरते है वो भी एक दो नहीं करीब एक दर्जन ई रिक्शा चालकों का यह काम रोजाना का है सामने यातायात पुलिस कर्मी भी बैठते है लेकिन इन पर कोई रोक टोक नहीं होती। इसका खामियाजा सतरिख, मटियारी और चिनहट कस्बे व मल्हौर की ओर से आने वाले वाहन सवारों को भुगतना पड़ता है जिससे इनकी वजह से जाम लगना इस कदर शुरू होता है कि पूरा हाइवे जाम के जाल में फंस जाता है। यही हाल मटियारी और और हाईकोर्ट के सामने का भी है जहां ई रिक्शा चौराहे की यातायात व्यवस्था ध्यवस्थ कर रखी है।

## जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



**वाराणसी।** फिर से नदियों के बढ़ते जलस्तर और जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति को लेकर ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बाढ़ राहत शिविर प्राथमिक विद्यालय, सरैया व सलारपुर का औचक निरीक्षण कर मौके पर मौजूद क्षेत्रीय पार्षद एवं नायब तहसीलदार से बाढ़ के हालात तथा लोगों के शिविर में आने के बाबत पूछताछ की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। बाढ़ राहत शिविर सरैया में बताया गया कि शाम तक निचले इलाक़े के कुछ लोगों के आने की संभावना है। ज्ञात हो कि गंगा नदी का जलस्तर लगातार तेजी से बढ़ रहा है। जिलाधिकारी ने सभी सबंधित विभाग के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। बाढ़ राहत शिविर सलारपुर के निरीक्षण में उन्होंने आस-पास के प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के बारे में जानकारी ली और पढ़ने आए बच्चों के कक्षा में पठन-पाठन के कार्यों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने सलारपुर वार्ड के निचले इलाके में जाकर पिछले दिनों आए बाढ़ के पानी को देखा। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निगम के अधिकारियों को राहत शिविर के परिसर व शौचालय की समुचित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, आस-पास के जल जमाव वाले क्षेत्रों में एंटीलार्वा का छिड़काव और फागिंग लगातार कराते रहने के निर्देश दिये।

## त्यौहारों पर रेलवे चलाएगा अतिरिक्त ट्रेनें

वाराणसी। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीवाली, छठ आदि त्यौहारों पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 07651/07652 जालना-छपरा-जालना विशेष गाड़ी का संचलन जालना से 27 अगस्त से 26 नवम्बर, 2025 तक तथा छपरा से 29 अगस्त से 28 नवम्बर, 2025 तक 14 फ़ेरों के लिए बढ़ाया जा रहा है। 07651 जालना-छपरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी को 27 अगस्त से 26 नवम्बर, 2025 तक प्रत्येक बुधवार को जालना से 23.35 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन औरंगाबाद से 00.20 बजे, मनमाड से 04.20 बजे, भुसावल से 06.40 बजे, खंडवा जं0 से 08.55 बजे, हरदा से 10.02 बजे, इटारसी जं0 से 12.10 बजे, पिपरिया से 13.02 बजे, गाडरवारा से 13.27 बजे, नरसिंहपुर से 14.00 बजे, जबलपुर से 15.40 बजे, कटनी से 17.00 बजे, मैहर से 17.42 बजे, सतना से 18.25 बजे, मानिकपुर से 20.10 बजे, प्रयागराज जं0 से 22.40 बजे, ज्ञानपुर रोड से 23.50 बजे तीसरे दिन बनारस से 00.55 बजे, वाराणसी से 01.20 बजे, औंड़िहार से 02.02 बजे, गाजीपुर सिटी से 02.50 बजे, बलिया से 03.45 बजे तथा सहतवार से 04.05 बजे छूटकर छपरा 05.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 07652 छपरा-जालना साप्ताहिक विशेष गाड़ी 29 अगस्त से 28 नवम्बर, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को छपरा से 22.15 बजे प्रस्थान कर सहतवार से 23.00 बजे, बलिया से 23.25 बजे दूसरे दिन गाजीपुर सिटी से 00.25 बजे, औंड़िहार से 01.00 बजे, वाराणसी से 02.30 बजे, बनारस से 02.45 बजे, ज्ञानपुर रोड से 03.37 बजे, प्रयागराज जं0 से 05.25 बजे, मानिकपुर से 07.37 बजे, सतना से 08.35 बजे, मैहर से 09.00 बजे, कटनी से 09.47 बजे, जबलपुर से 11.10 बजे, नरसिंहपुर से 12.12 बजे, गाडरवारा से 12.40 बजे, पिपरिया से 13.07 बजे, इटारसी जं0 से 14.30 बजे, हरदा से 15.22 बजे, खंडवा से 17.37 बजे, भुसावल से 19.25 बजे, मनमाड से 22.00 बजे तथा तीसरे दिन औरंगाबाद से 01.05 बजे छूटकर जालना 04.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 11, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एसएलआर के 02 कोचो सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं. | 1186-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-द्वितीय कॉल दिनांक 25.08.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में स्थित विभिन्न प्रकार के रेलवे आवासों की विद्युत परिसंपत्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,01,91,976.91 (एक करोड़ एक लाख इक्यानवे हजार नौ सौ छिहत्तर रुपये एवं इक्यानवे पैसा) |
| 4. | ई-निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 2,01,000/- (दो लाख एक हजार रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| 7. | ई-निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 18.09.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1186-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-द्वितीय कॉल दिनांक: 25.08.2025 2582/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रिफा-ए-आम क्लब में एलडीए ने हटाए अवैध कब्जे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। वजीरगंज स्थित ऐतिहासिक रिफा-ए-आम क्लब में मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे हटाए। कार्रवाई के दौरान झुग्गियों, टीनशेड व अवैध दुकानों को ध्वस्त किया गया। इस बीच कुछ लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान शांतिपूर्वक पूरा कराया गया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि क्लब को सुरक्षित करने के लिए चारों ओर बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही क्लब परिसर में सड़क, पाथ-वे, हॉर्टीकल्चर और लाइटिंग समेत विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे।



शहरवासियों को यहां मैरिज हॉल, कैफ़ेटेरिया व अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्रवाई के दौरान लगभग 22 अवैध दुकानें खाली कराई गईं, जबकि क्लब में झुग्गी डालकर रह रहे 10 परिवारों को विस्थापन नीति के तहत बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित कर शिफ्ट कराया गया। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि लगभग 2.18 लाख वर्गफीट क्षेत्रफल में फैला यह क्लब नजूल संपत्ति है। वर्ष 1886 में 99 साल की लीज पर क्लब को आवंटित किया गया था, लेकिन 1985 में लीज अवधि समाप्त होने पर इसे एलडीए को हैंडओवर कर दिया गया। वर्तमान में भवन का अधिकांश हिस्सा जर्जर हो चुका है। यहां अवैध रूप से क़ब्ज़ा कर रह रहे परिवारों को व दुकानदारों को 25 अगस्त 2025 तक जगह खाली करने का समय दिया गया था। मंगलवार को समय सीमा समाप्त होने पर अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में नजूल, अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान कुछ दुकानदारों और कब्जेदारों ने विरोध कर कार्रवाई रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने पुलिस बल की मदद से अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह, उप सचिव माधवेश कुमार, जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता मनोज सागर और तहसीलदार हेमचन्द्र तिवारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दहेज़ की मांग को लेकर गर्भवती की पिटाई कर घर से भगाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पीड़िता ने निगोहां पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

निगोहां, लखनऊ। निगोहां थानाक्षेत्र के अघईया गाँव निवासी एक मजदूर ने अपनी बेटी की शादी अयोध्या के कुचेरा बाजार से किया था,जिसमे मजदूर ने अपनी हैसियत के अनुसार कन्याधन देकर मुश्लिम रीतिरिवाज से शादी कर विदा किया था। शादी के कुछ समय बाद तो सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा,लेकिन कुछ माह बीतते ही दहेज लोभी ससुराली जनो ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।वहीं बीते 1एक माह पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने गर्भवती की पिटाई कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद तबियत मे सुधार होने के बाद परिजनों के साथ निगोहाँ थाने पहुंचकर मामले की लिखित तहरीर दी,निगोहां पुलिस मामले की जांचकर कार्यवाही में जुट गई है।



निगोहाँ के अघईया गाँव निवासी मजदूर हामिद अली ने अपनी बेटी नगमा का निकाह इसी वर्ष जनवरी में अयोध्या के कुचेरा बाजार निवासी मुमताज अली के बेटे रमजान अली के साथ की थी,और कन्याधन के रूप मे चार लाख रुपयों के जेवरातों के साथ-साथ गृहस्थी का सारा सामान भी दिया था। शादी के बाद से ही पति रमजान अली, खाला चील्हा,खाला का बेटा अली हुसैन व खाला की बेटी शबनम अतरिक्त दहेज की मांग करते हुए एक तोला सोने की चेन व मोटर साईकिल की मांग को लेकर आये दिन प्रताडित करना शुरू कर दिया।प्रताड़ना से परेशान होकर बेटी ने पिता द्वारा और दहेज देने मे असमर्थता दिखाई,तो करीब एक माह पूर्व उपरोक्त सभी लोगो ने मिलकर गर्भवती महिला की जमकर पिटाई कर दी।और घर से भगा दिया।जिसके बाद बीमारी हालत मे वह किसी तरह मायके पहुंची, और तबियत सुधरने पर मंगलवार को मायकेजनो के साथ निगोहाँ थाने पहुंचकर मामले की लिखित तहरीर दी।निगोहाँ पुलिस मामले की जांच कर कार्यवाही मे जुट गयी है। सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि बुधवार को दोनों पक्षों को बुलाया गया है,दोनों पक्षों से वार्ता कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# सड़कों और ड्रेनेज पर विधायक ने मुख्यमंत्री से की उच्च स्तरीय समीक्षा की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में हर वर्ष बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाली जलभराव, सड़कों की दुर्दशा और ड्रेनेज व्यवस्था की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर इन मुद्दों पर उच्च स्तरीय समीक्षा का अनुरोध किया है। डॉ. सिंह ने पत्र में उल्लेख किया कि राजधानी की जनता को मानसून के दौरान विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई क्षेत्रों में जलभराव, नालों के अवरुद्ध होने और सड़कों पर गड्ढे बनने की स्थिति सामने आती है, जो कि नगर निगम एवं नगर विकास विभाग के कामकाज में और अधिक सतर्कता एवं निगरानी की आवश्यकता को दर्शाती है।

डॉ. सिंह द्वारा पत्र में रखे गए मुख्य बिंदु: 1. नालों की नियमित और वैज्ञानिक सफाई की आवश्यकता। 2. नई बनी सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निगरानी व्यवस्था। 3. आलमबाग, राजाजीपुरम, चारबाग, इन्दिरानगर, गोमतीनगर विस्तार, हजरतगंज और सरोजनीनगर जैसे क्षेत्रों में जलभराव की रोकथाम हेतु विशेष कार्ययोजना। 4. अधिकारियों एवं अभियंताओं की स्पष्ट जवाबदेही तय हो। लखनऊ के लिए दीर्घकालिक फ्लड मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जाए, जिसमें आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक, जीआईएस मैपिंग और वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग हो। डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि एक स्वतंत्र मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए, जिसमें तकनीकी विशेषज्ञों को भी शामिल कर कार्यों की समय-सीमा व गुणवत्ता पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि, ''लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है और यहां की स्थिति पूरे राज्य की छवि का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए यह आवश्यक है कि राजधानी का शहरी ढांचा सुदृढ़, आधुनिक और दीर्घकालिक दृष्टि से योजनाबद्ध हो।''

# इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति प्रत्याशी का हुआ जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। मंगलवार को इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी के लखनऊ आगमन पर जिला समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ सैकड़ों नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया।



इस अवसर पर प्रदेष उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह 'पुष्कर', प्रदेश सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल, वीर बहादुर सिंह, गिरधारी लाल लोधी, वरिष्ठ नेता हरिशंकर यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, अनिल पासी, रितु अग्रवाल, ललिता राजपूत, राष्ट्रीय सचिव महिला सभा वीना रावत, जिला सचिव मनोज कुमार यादव, कुलेन्द्र यादव, हरिपाल यादव, गनेशी यादव, प्रदेश सचिव शिक्षक सभा दिनेष सिंह, पूर्व चेयरमेन एन इषरत बेग, सरोजनी नगर विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव, मनीष यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवकुमार टाइगर, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू', शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, पूर्व पार्षद अरविन्द यादव, शान्ति यादव, गोविन्द यादव, कौस्तुभ तिवारी, अवशेष कष्यप, त्रिभुवन सिंह, अजीत यादव 'पवन', शैलेन्द्र यादव 'टुल्लू', षिवम यादव 'गोलू' एवं राजू रावत 'एडवोकेट' के साथ सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ईपीएफ धनराशि को यूएन नंबर में जमा कराने की मांग

**सरोजिनी नगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजिनी नगर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत तमाम ग्राम रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी को एक मांग पत्र सौंपते हुए उनके मानदेय से काटी गई धनराशि को उनके यूएन नंबर में जमा कराने की मांग की है। मंगलवार को दर्जनों रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी रीता सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा। रोजगार सेवकों ने बताया कि हमारे मानदेय से काटी गई धनराशि हमारे यूएन नंबर में जमा नहीं की गई जिससे मानव संसाधन नीति का कोई लाभ उनको नहीं मिल रहा है। इस मौके पर ग्राम रोजगार सेवकों के कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र प्रजापति, ब्लॉक संरक्षक रामसनेही, भूपेंद्र सिंह, सुधा शर्मा, मुकेश रावत, अरुण कुमार रावत, खुशबू शर्मा, प्रीति यादव, रितु देवी, आशा वर्मा सहित तमाम रोजगार सेवक मौजूद रहे।



## पक्का पुल पर खतरे से खेलते युवा, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुराने लखनऊ में खदरा व टीले वाली मस्जिद के बीच गोमती नदी पर बने पक्का पुल पर मंगलवार को अजीब नज़ारा देखने को मिला। गोमती नदी के ऊपर बने इस ऐतिहासिक पुल पर कुछ युवक और नाबालिग अपनी जान जोखिम में डालकर खतरनाक करतब करते नज़र आए। पुल के किनारों पर बने गुम्बदों पर चढ़कर ये लोग फोटो खिंचवाने और टाइमपास करने में मशगूल थे। यहाँ से गुज़र रहे अन्य लोगों का कहना था कि तेज हवा का एक झोंका भी इन्हें सीधे नदी की गहराई में धकेल सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके युवाओं को न तो अपनी सुरक्षा की चिंता है और न ही प्रशासन की पाबंदियों की। गौरतलब है कि इस पुल के पास ही पुलिस बूथ मौजूद है, जहां हर वक्त पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं, लेकिन खतरों से खेल रहे इन युवाओं पर किसी की नज़र नहीं पड़ी। सवाल उठ रहा है कि यदि कोई हादसा हो गया तो आखिर उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? लापरवाह युवाओं की या सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी करने वाले तंत्र की। पक्का पुल पर ऐसी घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## शिक्षक दिवस पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची जारी

लखनऊ पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार व राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने वाली शिक्षकों की सूची मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी कर दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव के स्तर से शिक्षकों की जारी सूची में मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के प्रधानाचार्य राम प्रकाश गुप्त, आर्य महिला इंटर कॉलेज वाराणसी की छाया खरे, महर्षि दयानंद विद्यापीठ गाजियाबाद की कोमल त्यागी का चयन किया गया है। इसी तरह राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए हाथी बरनी इंटर कॉलेज हाथी वाराणसी के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाठक, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली के प्रधानाचार्य चमन जहां, जनक कुमारी इंटर कॉलेज हुसैनाबाद जौनपुर के प्रधानाध्यापक डॉक्टर जंग बहादुर सिंह, एसएसबी इंटर कॉलेज मुरलीपुर मेरठ के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुखपाल सिंह तोमर, पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुल्तानपुर की डॉक्टर दीपा द्विवेदी, मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद की सुमन त्रिपाठी, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज गोरखपुर के डॉक्टर वीरेंद्र कुमार पटेल, बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज लखनऊ के हरिश्चंद्र सिंह, बनारसी दास इंटर कॉलेज खेड़ा मुगल सहारनपुर की अंबरीश कुमार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हसनपुर अमरोहा की प्रीति चौधरी, उदय प्रताप सिंह इंटर कॉलेज वाराणसी के उमेश सिंह, श्री राम जानकी शिव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय कैलाश बाग परासिया आलम बहराइच के प्रधानाचार्य कृष्ण मोहन शुक्ला का नाम शामिल है।

# प्रभु प्रेम के विषय है, जहां प्रेम होगा वहीं प्रभु प्रगट होंगे : आचार्य ज्ञानेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । निगोहां के उतरावां गांव में चल रही श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी जी ने भक्तों को भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र एवं गहन आध्यात्मिक संदेशों से अवगत कराया।उन्होंने बताया कि ह्लदसों इंद्रियों को जिसने रथ बनाया वही दशरथ कहलाए। धर्म, निष्ठा और उपासना उनकी तीनों रानियां हैं। जब चौथा पन आया तो भी भगवान प्रकट नहीं हुए, लेकिन संत का मार्गदर्शन मिला। संतों के कहने पर यज्ञ हुआ और खीर से भगवान का प्राकट्य हुआ।आचार्य जी ने समझाया कि खीर में प्रयुक्त तीन तत्व ऽ दूध, चावल और चीनी ऽ जीवन के तीन मूल संदेश देते हैं। दूध ज्ञान का प्रतीक है, चावल कर्म का और चीनी जीवन की मधुरता का। जीवन जितना मधुर होगा,



उतनी ही स्पष्टता से भक्ति और भगवान के दर्शन होंगे। उन्होंने कहा कि प्रभु प्रेम के विषय हैं, जहां प्रेम होगा वहीं प्रभु प्रकट होंगे। कथा व्यास ने यह भी बताया कि भगवान ने अपने भक्तों से कहा कि ह्लहम क्या करें, आप बुलाइए तो हम चले आते हैं।ङ्क प्रभु की करुणामयी लीलाओं का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग इस चरित्र को गाते या सुनते हैं, वे भगवान के पद को प्राप्त करते हैं और इस संसार रूपी कूप में फिर नहीं पड़ते।कार्यक्रम में अवधी बधाई गीतों और भजनों से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्रोताओं ने भक्ति रस में डूबकर अपने जीवन को धन्य बनाया।आयोजन की कमान शैलेंद्र सिंह चौहान ने संभाली, जबकि व्यवस्थापन में प्रेस क्लब निगोहां अध्यक्ष विमल सिंह चौहान की विशेष भूमिका रही। कथा में दूर-दराज से आए ग्रामीणों व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कथा का रसपान किया।

# स्नातक मतदाता को लेकर प्रधानों के साथ बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। निगोहां के लालपुर गांव में स्नातक चुनाव व मतदाता जोड़ने को लेकर बुद्धिजीवियों व क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों की बैठक पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख विनोद वर्मा के आवास पर आयोजित हुई। मंगलवार को बैठक में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर अधिक से अधिक स्नातक मतदाता जोड़ने पर चर्चा की गई। बैठक में सदस्य विधान परिषद स्नातक अवनीश सिंह पटेल शामिल हुए। उन्होंने ग्राम प्रधानों से चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव से पूर्व आप लोग अपनी अपनी ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक स्नातक मतदाता जोड़ने का काम करें। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान नन्द किशोर वर्मा, क्षेत्रीय प्रधानों में सूर्य कुमार द्विवेदी, अशोक रावत, विकास पटेल, बृजेश वर्मा, सुनील पटेल, प्रभाकर त्रिवेदी,अभय दीक्षित, सत्यम पटेल, जगत पटेल समेत क्षेत्र के तमाम बुद्धि जीवी मौजूद रहे। इस दौरान सभी को अवनीश पटेल ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

# 'व्यापारियों की सहायता के लिए हर समय तत्पर रहेंगे'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल, गणेशगंज-नाका इकाई का स्थानीय कार्यालय खुला**

**संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने गणेशगंज कार्यालय का किया शुभारंभ**



लखनऊ। गणेशगंज एवं नाका क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में तत्परता लाने हेतु तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा सेवा एवं सहायता के उद्देश्य से ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ,गणेशगंज -नाका इकाई'' द्वारा गणेशगंज स्थित सूर्या मार्केट में संगठन का कार्यालय खोला गया।

व्यापार मंडल के कार्यालय का शुभारंभ उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा किसी भी संगठन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए कार्यालय, कार्यकर्ता, कार्यक्रम एवं कोष की आवश्यकता होती है।

तथा स्थाई कार्यालय होने से संगठन के कार्यक्रमों को गति मिलती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को कार्यालय के शुभारंभ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सभी पदाधिकारियों को व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद रखने तथा कार्यालय में स्थानीय व्यापारियों के साथ निरंतर मासिक बैठक किए जाने के निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, गणेशगंज- नाका इकाई के अध्यक्ष तस्लीम कुरैशी एवं महामंत्री यश सिंह ने बताया यह कार्यालय प्रातः ग्यारह बजे से शाम छह बजे तक लगातार व्यापारियों के लिए खुला रहेगा तथा कोई भी व्यापारी अपनी किसी भी समस्या को लेकर कार्यालय पर सम्पर्क कर सकता है संगठन के सभी पदाधिकारी व्यापारियों की सहायता के लिए हर समय तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर संगठन के नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष साकेश चतुर्वेदी, नगर उपाध्यक्ष कमल अग्रवाल उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल गणेशगंज नाका इकाई अध्यक्ष गुड्डू भैया तस्लीम कुरैशी ,महामंत्री यश सिंह , कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल , वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल , उपाध्यक्ष अजीम कुरैशी ,उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता, उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह , उपाध्यक्ष संजय चौरसिया ,उपाध्यक्ष सूर्या गुप्ता ,उपाध्यक्ष विकास गुप्ता,उपाध्यक्ष हर्षित गुप्ता,उपाध्यक्ष तरुण मेहता,मंत्री अंबे साहू, मंत्री सूर्य जायसवाल,मंत्री आमिर कुरैशी,संरक्षक प्रदीप गुलाटी ,संरक्षक साहिल सिद्दीकी ,विधिक सलाहकार चंद्र देव तिवारी,प्रवक्ता इमरान भारतीय ,उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट , कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

# समाजवादी संत भगवती सिंह का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 93वां जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। बीकेटी के कठवारा गांव में स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर सभागार में समाजवादी संत भगवती सिंह का 93 वां जन्मदिवस मनाया गया। मंगलवार को आयोजित हुए इस जन्मदिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जहां दूरदराज से आए कवियों ने अपनी कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं पुस्तक का विमोचन भी किया गया।प्रख्यात समाजवादी चिंतक गांधी-लोहिया, राज नारायण,चंद्रभानु गुप्त के लोकतंत्र के सपनों को साकार करने वाले समाजवादी भगवती सिंह का 93 वां जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर मां चंद्रिका मेला विकास समिति के संरक्षक,सीतापुर से भाजपा के राज्य सभा सदस्य एवं वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति के सभापति पवन सिंह चौहान,मां चंद्रिका देवी मेला समिति के अध्यक्ष




अखिलेश सिंह चौहान,उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह,महामंत्री अनुराग तिवारी,बबलू सिंह, अर्जुन सिंह,शिव शंकर श्रीवास्तव,कृपाल सिंह,राजा बख्श सिंह,जसवीर सिंह,रत्नेश सिंह,गिरजा श्रीवास्तव,व तीर्थाचार्य नंद किशोर शर्मा डीएम महराज मौजूद रहे । कार्यक्रम की शुरुआत में भगवती सिंह के जन्म दिवस पर मां चंद्रिका देवी मंदिर में हवन पूजन किया गया।वहीं भगवती सिंह के जीवन पर आधारित ध्रुव तारा एवं ''कौन थे भगवती सिंह पत्रिका का विमोचन भी किया गया ।

गौरतलब हो कि बीकेटी क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव के निवासी भगवती सिंह समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी रहे।वहीं समाजवादी पार्टी से मंत्री और समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता के रूप में जाने जाते थे।उन्होंने मां चंद्रिका देवी मंदिर के विकास कार्यों को लेकर जनता से स्वयं अपनी झोली फैलाकर चंदा एकत्र कर विकास करवाया यही नहीं मां चंद्रिका देवी मंदिर को पर्यटन के नक्शे पर पहचान दिलाई।वह मंदिर के संरक्षक भी रहे।इसके साथ ही बीकेटी क्षेत्र के प्रतिष्ठित चंद्रभान गुप्त कृषि महाविद्यालय और बीकेटी इंटर कालेज के विकास में तन मन और धन से सहयोग दिलाया।

# ग्रामीण ने शपथ पत्र देकर डीएम व सीडीओ से की निष्पक्ष जांच व विधिक कार्रवाई की मांग

## ककोरी में प्रधान व सचिव पर गड़बड़ी का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । मछरेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत काकोरी एक बार फिर अनियमितताओं के आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। ग्राम निवासी रवि प्रकाश सिंह पुत्र रजनीश प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर को शपथ पत्र सौंपकर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार और बंदरबांट का खुलासा करते हुए जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण का आरोप है कि ग्राम प्रधान व वर्तमान सचिव सोमपाल और पूर्व में तैनात सचिवों ने परिजनों व रिश्तेदारों के नाम पर नियम विरुद्ध भुगतान किए। विकास कार्यों हेतु आवंटित राशि का मनमाना बंदरबांट कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। शिकायती पत्र में कहा गया है कि पंचायत में मनरेगा योजना में रोजगार सेवक व पंचायत सहायक स्वयं मजदूरों की जगह खड़े होकर हाजिरी लगाते हैं। वही आरोप है ग्राम स्वराज पोर्टल पर पारदर्शिता रखने के बजाय महज सवालिया (?) निशान या बिंदु (.) दर्शा कर लाखों का भुगतान दिखाया गया है। यह भ्रष्टाचार और सरकारी धन के गमन का साफ संकेत है। इसके अलावा संविदा पर विद्यालय में तैनात रसोइया के नाम पर मजदूरी दिखाकर भुगतान किया जाना भी संदेहास्पद बताया गया है। जबकि रसोइया व ग्राम प्रधान के सगे सम्बंधियों को कभी भी कार्य करते हुए नहीं देखा गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ग्रामसभा में स्वीकृत कार्यों और धरातल पर वास्तविक स्थिति में बड़ा अंतर है। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि योजनाओं से संबंधित अभिलेखों और भुगतानों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, जिससे सच सामने आ सके। अब ग्रामीण की इस शिकायत पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जांच कराए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शिकायत में लगे गंभीर आरोप

पनल मरम्मत व रिबोर के नाम पर 14 लाख रुपये से अधिक का भुगतान, जबकि धरातल पर कार्य नलों की संख्या कम बताई जा रही है। और रसोइया नीलम के नाम पर 09/10/2021 को 3672 रुपये मजदूरी के नाम पर निकाले गए। वही ग्राम प्रधान किरन देवी के व्यक्तिगत खाते पर मानदेय केअतिरिक्त ग्राम निधि सेः 15/11/2021 को 44,760 रुपये और 27/01/2022 को 63,600 रुपये तथा 16/04/2022 को 94,165 रुपये का भुगतान किया गया।

### परिजनों व रिश्तेदारों के नाम पर भुगतान के आरोप

राघवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह ऽ 8,232 रुपये, राघवेंद्र सिंह पुत्र विजय करन सिंह ऽ 48,989 रुपये, शैलेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र विजय करन सिंह ऽ 50,311 रुपये, संगीता सिंह पत्नी शैलेन्द्र सिंह ऽ 13,272 रुपये, रिंकी सिंह पत्नी राघवेंद्र सिंह ऽ 16,044 रुपये, शीलू सिंह पत्नी धीरेंद्र सिंह ऽ 28,386 रुपये, अभय सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह ऽ 39,276 रुपये, वंदना मिश्रा पुत्री श्रीपाल मिश्रा (7 वर्ष पूर्व विवाह) ऽ 6,528 रुपयेआरोप है कि ग्राम प्रधान किरन देवी ने स्वयम समेत परिजनों और रिश्तेदारों के नाम पर मजदूरी का भुगतान निकालकर लाखों की बंदरबांट की है अब देखना यह है कि उच्च अधिकारियों के द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है यह गंभीर जांच का विषय बना हुआ है

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

बिसवां (सीतापुर)। सदरपुर थाना के देबियापुर गांव में पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर मंगलवार सुबह तालाब किनारे रस्सी के सहारे पेड़ से लटके हुए अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच कर शव को पेड़ से उतारकर अन्त्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। सदरपुर थाना क्षेत्र के देबियापुर गांव में मंगलवार सुबह लगभग 7:00 बजे गांव के कुछ बच्चे तालाब के किनारे बेलपत्र लेने के लिए गए हुए थे। उन्होंने देखा कि लगभग 30 वर्षीय एक युवक तालाब के किनारे लगे पेड़ से रस्सी के सहारे गले में फंदा लगाकर लटक रहा है। डर के मारे बच्चे वहां से भाग कर गांव आ गये तथा घरवालों को सूचना दी। खबर फैलते ही काफी ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सदरपुर पुलिस को सूचना दी गई। तुरन्त ही देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा जांच की। सूचना पाकर इंचार्ज थानाध्यक्ष भी मौके पर पहुंचे। थोड़ी ही देर में पुलिस क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंच गए तथा जानकारी ली।

# प्रबंधक ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को दी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर-सीतापुर। राजा बहादुर सूर्य बक्श सिंह इंटर कॉलेज कमलापुर के विद्यालय के प्रबंधक कसमंडा स्टेट के राजा श्रीमान दिव्यकर प्रताप सिंह का आगमन विद्यालय में हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त उपस्थित शिक्षकों/शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों ने अपने प्रबंधक महोदय का स्वागत अभिनन्दन किया। तदोपरांत श्रीमान राजा साहब ने सत्र 2024ऽ25 की बोर्ड परीक्षाऽ2025 के कक्षा 10 के समस्त वर्गों एवं कक्षा 12 के समस्त वर्गों के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया और भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात श्रीमान राजा साहब ने विद्यालय का निरीक्षण किया और पिछले सत्र से अद्यतन कराए गए कार्यों को देख कर प्रसन्नता व्यक्त की और प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षकों/कर्मियों से भविष्य में विद्यालय की उन्नति हेतु किए जाने वाले समस्त कार्यों/प्रयासों पर गहन चर्चा की और प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि संस्था की उन्नति हेतु एवं छात्रहित में शासन की मंशानुरूप कार्य जारी रहने चाहिए साथ में यह भी आश्वस्त किया कि इन कार्यों को संपादित करने में उनके स्तर से जो सहयोग अपेक्षित है उसके लिए वह हर समय तैयार हैं। कार्यक्रम में हिंदी शिक्षक डॉ आशुतोष मिश्र ने विद्यालय में आयोजित/संचालित होने वाली गतिविधियों आदि एवं विद्यालय प्रशासन के प्रयासों और उनके परिणामों के बारे में संक्षेप में अवगत कराया और राजा साहब को आश्वस्त किया कि कसमंडा स्टेट के प्रातःस्मरणीय स्वर्गीय राजा दिनेश प्रताप सिंह जी ने इस संस्था को संस्थापित करते हुए जो स्वप्न देखा था और जो उनका उद्देश्य था वो स्वप्न और उद्देश्य हम पूरा करके दिखाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने राजा साहब के विद्यालय आगमन पर उनको विद्यालय परिवार की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने भैंस चोरी मामले का किया पर्दाफाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पुलिस टीम को मिली सफलता,चोरी की घटना का अनावरण, अभियुक्त गिरफ्तार, 03 भैंस, पिकअप व अवैध शस्त्र बरामद

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक सीतापुर, अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद में लूट, चोरी, नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली श्री दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना महोली पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना में संलिप्त पटवारी पुत्र सलीम वक्श निवासी बहाडगंज थाना बिलसण्डा पीलीभीत को चितहला रोड पर चमारबाग चौराहा के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त उपरोक्त से चोरी की कुल 03 अदद भैंस तथा एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी की घटना में प्रयुक्त वाहन पिकअप बरामद हुए हैं। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि अपने अन्य साथियों के साथ 02 भैंसे थाना इमलिया सुल्तानपुर तथा 01 भैंस ग्राम पाल्हापुर थाना महोली से चोरी की थी। भैंस चोरी की घटना के संबंध में थाना इमलिया सुल्तानपुर पर मु0अ0सं0 191/25 व 192/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात तथा थाना महोली पर मु0अ0सं0 329/25 धारा 305 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 24.08.2025 को यूपी 112 पर एक सूचना प्राप्त हुयी कि एक पिकअप पर चोरी की 03 भैंसो को लादा जा रहा है। इस सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची तो अभियुक्तों ने पीआरवी वाहन पर पिकअप से टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

अनावरित/पंजीकृत अभियोगः- 1.मु0अ0सं0-329/25 धारा 305 बी.एन.एस. व बढ़ोत्तरी धारा 317(2)/319(2)/318(4)/338 /336(3)/340(2) बीएनएस थाना मानपुर जनपद सीतापुर। 2.मु0अ0सं0 330/25 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट थाना महोली सीतापुर।अभियुक्त का नाम/ पता- पटवारी पुत्र सलीम वक्श निवासी बहाडगंज थाना बिलसण्डा पीलीभीत।बरामदगी- 03 अदद भैंस तथा एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअपपुलिस टीम उ0नि0 सुनील कुमार सिंह, हे0का धीरेन्द्र सिंह, का0 पंकज कुमार, का0 अंकित कुमार, का0 कपिल कुमार, का0 मोहित नागर अन्य शामिल रहे।

# फूलबेहड़ पुलिस की कार्रवाई, वारंटी अभियुक्त लल्ला गिरफ्तार

फूलबेहड़ खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक खीरी व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के पर्यवेक्षण में थाना फूलबेहड़ पुलिस ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम मौजमाबाद से लल्ला पुत्र सुकई निवासी मौजमाबाद थाना फूलबेहड़ को गिरफ्तार किया।जानकारी के अनुसार, अभियुक्त लल्ला संबंधित मुकदमा संख्या 3142/04, अपराध संख्या 1243/03, बनाम गुड्डू आदि धारा 354, 410 भादवि थाना कोतवाली सदर में वांछित चल रहा था। पुलिस ने नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।इस कार्रवाई में थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम के उपनिरीक्षक अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल पन्नेलाल, हेड कांस्टेबल धनन्जय मौर्य और कांस्टेबल मुकेश कुमार पाण्डेय शामिल रहे।फूलबेहड़ पुलिस की इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में वारंटियों और अपराधियों के बीच खौफ का माहौल है।

# नंदू गुप्ता बने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सिसवा के निर्विरोध ब्लाक अध्यक्ष

## शिक्षकों में खुशी की लहर, माल्यार्पण और मिठाई खिलाकर दिया बधाई और शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महराजगंज के द्वारा पूर्व में लिए गये निर्णय के क्रम में आज दिनांक 26/08/2025 दिन मंगलवार को सिसवा विकास खंड के कमानी धर्मशाला में समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। निर्वाचन प्रक्रिया से पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। उसके बाद जनपदीय पदाधिकारियों का स्वागत अंगवस्त्र के साथ किया गया । निर्वाचन प्रक्रिया में आज नीरज राय चुनाव अधिकारी तथा अखिलेश मिश्र चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। चुनाव प्रक्रिया में मंत्री पद के लिए अमरजीत द्वारा नामांकन पत्र लिया गया तथा अध्यक्ष पद के लिए नंदू प्रसाद गुप्ता द्वारा नामांकन पत्र क्रय किया गया तथा निर्विरोध रूप से अमरजीत को मंत्री तथा नंदू प्रसाद गुप्ता को निर्विरोध रूप से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरान्त अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष बलराम निगम ने कहा कि सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष / मंत्री अपने विकास खंड के समस्त शिक्षकों से मिलकर उनके समस्याओं का समाधान करने के साथ संगठनात्मक दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें और अध्यापकों के मध्य अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ संजय कुमार मिश्र ने अपने सम्बोधन मे कहा कि सभी लोग एकजुट होकर निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल हों तथा प्राथमिक शिक्षक संघ को मजबूती प्रदान करें।निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन अम्बरीश शुक्ला जिला मंत्री द्वारा किया गया। इस निर्वाचन में दिलीप विश्वकर्मा, शशिकेश तिवारी, गौस आजम, अरूण सिंह, बेचू, सर्वेश, सतीश तिवारी, अभय, अजय तिवारी, जितेन्द, संजय, रंग, अनिल, संदीप कुशवाहा, राजकुमार, अनुराग अभय ओमवीर, विवेक जायसवाल, महावीर, संजय जयसवाल, आशुतोष गुप्ता, आलोक चौरसिया, रमेश चौरसिया, आशुतोष पटेल, निधि सचान, प्रीति, रूपम वाला, रिंकू पाल, अंकित, सर्वेश पटेल, सुधीर रंजन, शंभू प्रसाद, राम भवन प्रसाद, सुरेश मद्धेशिया, प्रदीप पटेल, हरिनारायण यादव, सत्य प्रकाश पटेल, प्रमेंद्र नाथ मिश्रा, पुरंजय राय, अनिल कुमार, अमित कुमार, मुसर्रत रजा, धर्मेंद्र कुमार पटेल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# इंचार्ज प्रधानाध्यापक को प्रधानाध्यापक के समान वेतन देने की मांग

## उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूमा) शिक्षक संघ ने एडी बेसिक को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूमा) शिक्षक संघ की गोरखपुर मण्डल इकाई ने मंगलवार को सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक को ज्ञापन सौंप कर प्रभारी प्रधानाध्यकों को नियमित प्रधानाध्यापकों के समान वेतन देने की मांग की।उप्रजूहा शिक्षक संघ के मण्डल अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को एडी बेसिक सप्तम मंडल गोरखपुर से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मा उच्य न्यायालय इलाहाबाद में योजित विभिन्न याचिकाओं में माननीय न्यायालय ने प्रभारी प्रधानाध्यापको को स्थायी प्रधानाध्यापकों के समान वेतन देने के लिए आदेश पारित किया है। माननीय न्यायालय के उक्त आदेश के अनुपालन में मण्डल गोरखपुर में कार्यरत सभी प्रभारी प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक के समान वेतन दिया जाना न्यायसंगत है। मण्डल के सभी बीएसए और वित्त लेखाधिकारी को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन सम्बन्धी आदेश दिया जाना उचित और आवश्यक है। संघ ने एडी बेसिक से मण्डल के सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को समस्त प्रभारी प्रधानाध्यापको को स्थायी प्रधानाध्यापको के समान वेतन देने सम्बन्धी आदेश निर्गत करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मंडल कोषाध्यक्ष अतुल कुमार शुक्ल, मंडल ऑडिटर राजेश शुक्ल, चरगावां ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना लाल राय, पिपरौली ब्लाक अध्यक्ष गंगेश्वर त्रिपाठी, खजनी ब्लाक अध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी, कैंपियरगंज ब्लाक अध्यक्ष रमाकांत यादव समेत अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल रहे।

# सड़क पर बाघ देखे जाने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप, दहशत में किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिंगाही खीरी। वन विभाग की नार्थ खीरी- बेलरायां रेंज के फरदहिया गांव में बाघ सड़क पर बैठा देखा गया। इसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया गांव के लोगों ने वन विभाग और पुलिस को सूचित किया। इसके बाद जहां पीआरबी पुलिस पहुंच गई वहीं वन विभाग के लोगों पर सूचना दो घंटे पहुंचे का आरोप गांव के लोग लगा रहे हैं। रेंजर उच्च अधिकारियों से मांगी पिंजरा लगाने की अनुमति।सोमवार को नार्थ खीरी बफर जोन की बेलरायां के अंतर्गत आने वाले फरदहिया गांव में जीत सिंह- और गणेश के घरों के बीच बाघ होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सुबह करीब आठ बजे के आसपास फरदहिया से नौरंगाबाद गांव के लिए खेतों से होकर जाने वाले खडंजा मार्ग पर एक बाघ बीच रास्ते बैठा था। सुबह के समय खेतों के निकले ग्रामीणों ने जैसे ही यह नजारा देखा उनके हाथ पांव फूल गए। जो लोग खेत जा रहे थे वह वापस गांव लौट आए और बाघ होने की बात गांव के लोगों को बताई जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। गांव के लोगों ने 112 पर और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। ग्रामीणों का आरोप है कि पीआरबी तो समय पर पहुंच गई लेकिन वन विभाग की ओर वन दरोगा जगमोहन मिश्रा और एक वाचर दो घंटे बाद पहुंचे। इसी बीच रास्ते पर बैठा बाघ ग्रामीणों की हलचल से गन्ने के खेत में घुस गया है और सुबह से उसी में डेरा जमाए है। इसके संबंध में नार्थ खीरी बेलरायां के रेंज अधिकारी बीपी सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर लगी हुई है। गांव के लोग जिसे बाघ कह रहे हैं वह एक बड़ा तेंदुआ है।

# चार वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार




निघासन खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना निघासन पुलिस ने आज एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने चार ऐसे वारंटी अभियुक्तों को दबोच लिया है, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस को उनकी तलाश थी। इस गिरफ्तारी से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अपराधियों के हौसले पस्त हो गए हैं।जानकारी के अनुसार, निघासन पुलिस ने अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन की अगुवाई में दबिश देकर चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सहीद पुत्र मसितुल्ला खां निवासी दुहा थाना निघासन, मायाराम पुत्र शिवचरन निवासी दुबहा थाना निघासन, रमेश पुत्र शिवचरन निवासी दुबहा थाना निघासन और दयाशंकर पुत्र मंगू निवासी दुबहा थाना निघासन शामिल हैं। इन अभियुक्तों पर वर्ष 2013 से ही विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें धारा 26 क्ष इद्प, 30, 33, 41, 42 और 47 जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं।थाना निघासन की टीम ऽ उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार तिवारी, कांस्टेबल राहुल कुमार और कांस्टेबल अतुल कुमार ऽ ने साहसिक कार्रवाई कर इन वांछित अपराधियों को पकड़ने में सफलता पाई। पुलिस ने चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

## लड़कियों पर अश्लील कमेंट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

संपूर्णानगर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सम्पूर्णानगर पुलिस ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए लड़कियों पर अश्लील कमेंट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अनुराग पुत्र रामचन्द्र निवासी सिंगाही खुर्द वार्ड नं. 06 थाना सम्पूर्णानगर और मनीष ठाकुर पुत्र मोहन ठाकुर निवासी सिंगाही खुर्द थाना सम्पूर्णानगर के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना सम्पूर्णानगर में मुकदमा संख्या 155/2025 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में पुलिस टीम के उपनिरीक्षक किरनपाल सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार और महिला कांस्टेबल प्रवेश शर्मा शामिल रहे।पुलिस की इस तत्परता से क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया है, वहीं छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने वालों में दहशत का माहौल है।

## जिला अस्पताल में मेडिकल कराने आऐ दो पक्षों में जमकर मारपीट

लखीमपुर खीरी। ओयल जिला अस्पताल में मेडिकल कराने आऐ दो पक्षों में इमरजेंसी गेट के बाहर दो पक्षों में झमा-झम जमकर मारपीट, विशेष समुदाय और गैर समुदाय के दो पक्षों में घमासान युद्ध। मिली जानकारी के मुताबिक रामनगर कालोनी चौकी रामपुर सदर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले दो पक्षों में जमकर मारपीट बताया जा रहा है कि बकरी चराने को लेकर पहले गांव में मारपीट हुई उसके बाद जिला अस्पताल में मेडिकल कराने के दौरान मारपीट पुलिस मौके पर पहुंचकर हबीब व रंजीत को अपने कब्जे में ले लिया है ! चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया घटना की जानकारी सदर कोतवाली को दे दी गई हैमारपीट के बाद मेडिकल कराने दोनों पक्ष एक साथ पहुंचे थे जिला अस्पताल इसी दौरान दो पक्षों में घमासान मारपीट शुरू हो गयी।

## मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

रायबरेली। मंडलायुक्त लखनऊ डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीएम डैशबोर्ड (विकास एवं राजस्व)एवं विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई।मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अंकित प्रगति ही वास्तविक उपलब्धि का दर्पण है, अतः प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि अद्यतन प्रविष्टियाँ समयबद्ध ढंग से दर्ज हों।

# सम्पूर्णानगर पुलिस ने 25 हजार का इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




संपूर्णानगर, खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक खीरी व क्षेत्राधिकारी पलिया के पर्यवेक्षण में थाना सम्पूर्णानगर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने थाना मझगई में दर्ज मुकदमा संख्या 171/2025 धारा 2(ब)/(ब्फ्द्वद्व)/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 में वांछित और ?25,000 के इनामी अपराधी सलमान पुत्र मुनीब साई निवासी ग्राम ललमुन्ना मजरा रसूलपुर थाना खमरिया जनपद खीरी को थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुरी गदनिया चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का चालान कर न्यायालय भेजा जा रहा है। सलमान का आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा है। उस पर पहले भी कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं जिनमें मुकदमा संख्या 360/2022 धारा 379/429 भादवि थाना धौरहरा, मुकदमा संख्या 178/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना धौरहरा, मुकदमा संख्या 94/2024 धारा 3/5/8 यूपी गोवध निवारण अधिनियम 1955 व 279/427/429 भादवि थाना मझगई और मुकदमा संख्या 171/2025 धारा 2(ब)/(ब्फ्द्वद्व)/3 यूपी गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना मझगई शामिल हैं। इस बड़ी सफलता में थाना सम्पूर्णानगर के थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार, उपनिरीक्षक किरनपाल सिंह, कांस्टेबल संजय यादव और कांस्टेबल रजत कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से जनपद में अपराधियों और गिरोहबाजों में खौफ फैल गया है।

# उच्च न्यायालय के आदेश पर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष खलिहान की जमीन की पैमाइश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । मंगलवार को हाईकोर्ट के आदेश पर एसीजेएम/सीनियर डिवीजन प्रथम (अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट) सुचेता चौरसिया की मौजूदगी में डिजीपीएस सिस्टम से टीम के साथ खलिहान व उसके सटे आराजी की पैमाइश करायी गयी। पैमाइश के बाद स्पाटमेमो तैयार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय कस्बा निवासी सचिन कुमार द्वारा खलिहान व उसके बगल के जमीन में लगे टावर के आराजी को लेकर हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल किया गया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर एसीजेएम/सीनियर डिवीजन प्रथम के साथ ही उपजिलाधिकारी सदर दीपक गुप्ता, तहसीलदार ज्ञान प्रकाश सिंह, राजस्व निरीक्षक विनय कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल रजत वर्मा, प्रिंस जायसवाल, कोर्ट अमीन वीरेंद्र कुमार यादव, वीरेंद्र कुमार पांडेय, सर्वेयर सूर्यकांत के साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में डिजीपीएस यंत्र द्वारा भूमि का पैमाइस किया गया। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भूमि की पैमाइश के बाद मौके पर ही स्पॉट मेमो तैयार करायी गयी। सचिन कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट भूमि के सीमांकन की रिपोर्ट 29 अगस्त तक तलब किया है। सुरक्षा के लिए प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जितेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विवेक सिंह, अनूप कुमार ग्राम प्रधान ओमप्रकाश यादव के साथ ही अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए पारदर्शिता व तत्परता से कार्य करने के निर्देश

**पात्रों को ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिलः प्रभारी मंत्री गुलाब देवी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। जनपद की प्रभारी मंत्री मा0 गुलाब देवी ने मंगलवार को विकास भवन स्थित सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका के 87 विकास कार्यक्रमों की एक-एक कर समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्य को धर्म मानकर मानवता को सर्वोपरि रखते हुए ईमानदारी, तत्परता, पारदर्शिता व गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने विकास भवन में आहूत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि पात्रों को ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, अधिकारी निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाएं तथा धरातल की हकीकत पर ज्यादा ध्यान दें।प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि अब तक जो भी कार्य हुए हैं वह अच्छे हुए हैं, लेकिन कमियों को दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने जल जीवन मिशन ग्रामीण के अधिकारियों से कहा कि पाइप पेयजल योजना के अंतर्गत जो सड़कों पर गड्ढे किए गए हैं उसको भरने की जिम्मेदारी भी जल जीवन मिशन ग्रामीण के अधिकारियों की ही है तथा कोई भी गड्ढा खुला ना छोड़ा जाए तथा कार्य उपरांत प्राथमिकता पर सड़क को ठीक किया जाए ताकि आमजन को परेशानी ना हो।प्रभारी मंत्री ने कहा कि जर्जर भवनों का मूल्यांकन कर जहां स्थिति खराब है वहां किसी भी सूरत में कक्षाएं संचालित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गोवंश संरक्षण स्थलों का नियमित निरीक्षण व निगरानी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि अधिकारी टीमवर्क के साथ पारदर्शिता से कार्य करें तथा पात्रों को ही योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए।प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जनपद के विकास कार्यों की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जुलाई 2025 तक के कार्यों की 87 कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि जुलाई 2025 में शासन स्तर से की गई समीक्षा में 55 कार्यक्रमों में जनपद को ए श्रेणी, 01 कार्यक्रम में बी श्रेणी, 06 कार्यक्रमों में सी श्रेणी तथा 02 कार्यक्रमों में डी श्रेणी मिली है। 23 ऐसे कार्यक्रम हैं, जिनकी ग्रेडिंग नहीं की जा रही है।उन्होंने बताया कि जनपद जुलाई 2025 की प्रगति में मंडल में तीसरे स्थान पर है। जनपद में एक करोड़ रुपए से अधिक की 1020 परियोजनाएं हैं इनमें से 867 जल जीवन मिशन ग्रामीण की है। 1020 में से 195 पूर्ण हो गई हैं तथा 11 ऐसी परियोजनाएं हैं जो 1 साल से अधिक समय से विलंबित हैं तथा कुल विलंबित परियोजनाएं 127 है।उन्होंने बताया कि जनपद को प्रधानमंत्री आवास योजना में ए श्रेणी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना में बी श्रेणी प्राप्त हुई है। जनपद में 317 छोटे व बड़े गौ आश्रम स्थल संचालित हैं। उन्होंने कहा कि जहां स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर रही है वहां उसको बदला जाए।उन्होंने बताया कि बिल्सी के निर्माणाधीन बस अड्डा का कार्य पूर्ण हो गया है जिसका जल्द लोकार्पण कराया जाएगा। वहीं महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भावनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा आवासीय भवनों के निर्माण के शेष कार्य प्रारंभ हो गए हैं। जो की जुलाई 2026 तक पूर्ण हो जाएंगे।उन्होंने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग के अंतर्गत राशन की दुकानों को अन्नपूर्णा भवन में परिवर्तित करने के मण्डलायुक्त बरेली के नवाचार को प्रदेश स्तर पर लागू किया गया है। जनपद में पहले प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक राशन की दुकान को अन्नपूर्णा भवन बनाया गया, उसके बाद पांच-पांच को तथा वर्तमान में प्राप्त निर्देशों के क्रम में 150 राशन की दुकानों को अन्नपूर्णा भवन बनने पर कार्य कराया जाएगा।इस अवसर पर भाजपा के शारदेंदु पाठक व समस्त जनपदीय अधिकारी व विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसे बदमाशों ने तमंचे के बल पर उतरवाए कुंडल

बदायूँ। सीढ़ियों के रास्ते घर में घुसे बदमाशों ने तमंचा तानकर महिला के कुंडल छीन लिए। इसके अलावा नकदी, जेवरात समेत हजारों रुपये का सामन ले गए। महिला ने एक को नामजद करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव वाजिदपुर निवासी सरोजा पत्नी पान सिंह का कहना है कि उनका मकान गांव के बाहर खेत में बना हुआ है। रविवार रात वह अपने घर में बच्चों के साथ सो रही थी और पति छत पर सो रहे थे। रात में मकान की सीढ़ियों के रास्ते घर में घुसे बदमाशों ने बक्से में रखे 18 हजार रुपये, चांदी की पायल, मोबाइल आदि सामान चोरी कर लिया। चोरों ने कानों से कुंडल उतारने का प्रयास किया तो वह जाग गई। इसके बाद एक बदमाश ने उसके ऊपर तमंचा तान दिया और दूसरे ने उसकी बेटी को चाकू दिखाया। इसके बाद चोरों ने उसके कुंडल छीन लिए और नाक की लौंग भी उतरवा ली। घटना को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। महिला का कहना है कि उसने एक व्यक्ति को पहचान लिया है। उसने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह का कहना था कि मामला झूठा है। बाकी कुछ और तथ्यों पर जांच की जा रही है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष, तत्कालीन ईओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश

बदायूं। फर्जी शपथ पत्र देने के मामले में वजीरगंज के नगर पंचायत अध्यक्ष और तत्कालीन ईओ के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। नगर पंचायत वजीरगंज वार्ड नौ के सभासद सुमित वार्ष्णेय ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि वह भाजपा के चुनाव चिन्ह से निर्वाचित हुए है। 15 फरवरी को उन्होंने नगर पंचायत वजीरगंज की अध्यक्ष नूरसबा बेगम व अधिशासी अधिकारी अखिलेश दीक्षित के घोटाले की जांच कराने के लिए डीएम को प्रार्थना पत्र दिया था। शिकायत की जानकारी होते ही नूरसबा बेगम, अखिलेश दीक्षित ने नोटरी अधिवक्ता, स्टांप वैंडर व अन्य सहयोगियों के साथ षडयंत्र रचकर फर्जी तरीके से शपथ पत्र तैयार करवाकर उसके द्वारा की गई शिकायत को निरस्त कराने को दे दिया। जबकि उसने ऐसा कोई शिकायती पत्र नहीं दिया। धोखाधड़ी करते हुए उसकी छवि धूमिल की है। घटना की रिपोर्ट लिखाने थाने गया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। एसएसपी से भी शिकायत की। इसके बाद कोर्ट की शरण ली। अब मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद तौसीफ रजा ने वजीरगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिया है।

# धर्मांतरण मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

**इस्लामनगर क्षेत्र के गांव कुंदावली के एक घर में अस्थायी चर्च बनाकर प्रार्थना कराने वाले तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गिरफ्तार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। कुंदावली गांव में धर्मांतरण मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि चर्चा है कि एक व्यक्ति को छोड़ दिया है। चारों आरोपियों के खिलाफ जांच की जा रही है। जिसमें दो महिलाएं भी हैं। बता दें कि थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव कुंदावली के एक घर में अस्थायी चर्च बनाकर प्रार्थना कराने वाले तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दरोगा सत्यपाल की तहरीर पर यह रिपोर्ट दर्ज हुई है। रविवार को हिरासत में लिए गए चार में से एक को पुलिस ने छोड़ दिया है।एक्स हैंडल पर एक व्यक्ति ने रविवार को कुंदावली गांव में धर्म परिवर्तन की शिकायत की थी। आरोप लगाया गया कि 30 लोगों का धर्म परिवर्तन कराया गया। पुलिस मौके पर पहुंची तो प्रार्थना सभा में शामिल लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने वहां से चार लोगों को हिरासत में लिया था। सोमवार को पुलिस ने सभी आरोपियों को छोड़ दिया था। इसी बीच उच्चाधिकारियों के संज्ञान में मामला आया तो पुलिस हरकत में आई, और निर्देश पर शाम को एसआई सत्यपाल ने तहरीर दी। फिर गांव कुंदावली निवासी अंजू पत्नी हरपाल सिंह, कासगंज के मोहल्ला नाथूराम कोर्ट निवासी हृदेश कुमार उर्फ विक्की पास्टर और उसकी पत्नी नीतू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इन लोगों पर ईसाई धर्म में आस्था लाने और धर्म परिवर्तन कराने का प्रलोभन दिये जाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस ने मंगलवार को इनको कोर्ट में पेश किया। वहीं चर्चा यह भी है कि इसमें मुख्य आरोपी पुलिस ने छोड़ दिया है। वहीं इस मामले को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं चर्चा यह भी है कि पुलिस ने उच्च अधिकारियों को गलत रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसको लेकर, कभी भी कोई बड़ी कार्रवाई हो सकती है। वहीं तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। बाकी मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी।

# वित्तीय समावेशन अभियान में अब तक 116062 को दिया लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जनपद मे ग्राम पंचायत स्तर पर 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक पूरे भारत वर्ष मे वित्तीय समावेशन योजना के लिए संतृप्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद मे मंगलवार तक 672 ग्राम पंचायतों मे संतृप्तीकरण अभियान के अंतर्गत कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मे 10772, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मे 2422, अटल पेंशन योजना मे 2232, प्रधानमंत्री जनधन योजना मे 97778, पुनः केवाईसी मे 1981,नामांकन मे 877 लोगो को लाभ दिया गया है और आगे भी 30 सितम्बर 2025 तक बचे हुये ग्राम पंचायत पर कैंप लगाया जा रहा है।एलडीएम डॉ0 रिकेश रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बदायूँ मे ग्राम पंचायत स्तर पर बैंको एवं पोस्ट ऑफिस के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत मे (दिनांकवार रोस्टर बनाकर) कैंप लगाकर लोगो को वित्तीय समावेशन योजना मे जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन धन खाता, के बारे मे जागरूक और लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही डिजिटल फ्रॉड, अनक्लेमड डिपॉज़िट, री-केवाईसी एवं खाते मे नामांकन दर्ज कराने का लाभ के बारे मे भी जागरूक किया जा रहा है। कैंप मे उपस्थित होकर उक्त योजनाओ के बारे मे जाने एवं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन सुरक्षा योजनाओ का लाभ उठाएँ।इस अवसर पर विभिन्न बैंकों आदि सम्बंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास



बदायूं। आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न एवं शांति व्यवस्था के लेकर सहसवान में मंगलवार को सीओ कर्मवीर सिंह, कम्पनी कमाण्डर, फोर्स आरएएफ व इंस्पेक्टर राजेंद्र बहादुर सिंह एवं समस्त चौकी इंचार्ज ने अर्धसैनिक एवं पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया।इस दौरान आम जनमानस से संवाद कर सुरक्षा का अहसास कराया। इस मौके पर समस्त चौकी इंचार्ज, थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं आगामी पर्व के चलते सहसवान सीओ कर्मवीर सिंह और इंस्पेक्टर सहसवान राजेंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस का सहयोग और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

## क्षेत्रीय साँस्कृतिक प्रतियोगिता में बदायूं के छात्र ने पाया दूसरा स्थान

बदायूं। महर्षि शिक्षा संस्थान हरिद्वार क्षेत्र के महर्षि संगठन के द्वारा 'महर्षि क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता ख्रटएए' के अंतर्गत ऑनलाइन स्क्रीनिंग के माध्यम से आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बदायूं द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया एवं हरिद्वार क्षेत्र में एमआरसीसी- 2025 के अंतर्गत द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें महर्षि विद्या मंदिर बदायूं के कक्षा सातवीं के छात्र अनिरुद्ध सिंह गंगवार द्वारा बनाए गए मॉडल को खूब सराहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य के. के वर्मा जी ने सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी मंजू सक्सेना एवं विज्ञान प्रदर्शनी समन्वयक अनुराधा शर्मा को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि यह प्रयास वह सीढ़ी है, जो हमें हमारे लक्ष्य तक पहुँचाती है। अगर हम बिना रुके और बिना थके मेहनत और प्रयास करते रहें तो कोई भी बाधा हमें सफल होने से रोक नहीं सकती। इस अवसर पर विद्यालय मीडिया प्रभारी राजीव सिंह चौहान एवं श्वेता सैनी सहित समस्त शैक्षिक स्टाफ मौजूद रहा।

## हड़तालिका तीज के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में हड़तालिका तीज के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्राओं ने मेहंदी से हाथों पर अपनी कला को उकेरा। मंगलवार को डीपीबीएस कालेज में हड़तालिका तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जी के सिंह ने किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि प्रतियोगिताओं से प्रतिभागियों में कौशल का विकास होता है। विद्यार्थियों को अपनी रूचि एवं क्षमताओं के अनुसार गतिविधियों में प्रतिभाग करना चाहिए। शिक्षा विभाग प्रभारी डा. शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा कार्यक्रम संयोजिका डा. सुनीता गौड़ ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल सदस्य में प्रो. चंद्रावती, डा. जागृति सिंह, डा. राधा उपाध्याय ने छात्रा लक्ष्मी शर्मा प्रथम, करुणा भारद्वाज व भूमिका शर्मा संयुक्त रूप से द्वितीय, प्रिया शर्मा व प्रिंसी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान विजेता घोषित किया। प्रतियोगिता में प्रो. प्रदीप कुमार त्यागी, डा.आरके अग्रवाल, प्रो सीमांत कुमार दुबे, देव स्वरुप गौतम, गुरुदत्त शर्मा, पंकज प्रकाश, डा. मोहनी गुप्ता, सृष्टि शर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## बस स्टैंड पर शराब पीने से मना करने पर युवकों ने की मारपीट

अनूपशहर। रोडवेज बस स्टैंड प्रभारी द्वारा अड्डे पर शराब पीने से मना करने पर दो युवकों ने मारपीट की। पीड़ित ने तहरीर दी।अनूपशहर रोडवेज अडडे पर प्रभारी के रूप में तैनात मनोज कुमार ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है, कि सोमवार देर शाम नगर निवासी चमन व अरमान अड्डे परिसर में बैठकर बैठकर शराब के साथ नॉनवेज का प्रयोग कर रहे थे। उन्हें यह करने से मना करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित मनोज कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी गांव बिरौली ने कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दे दी है। कोतवाली प्रभारी का धर्मेंद्र कुमार शर्मा का कहना है, कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई क्रीड़ा विभाग एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल,बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में क्रीड़ा विभाग एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने खेलो इंडिया कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा युवा उत्सव कार्यक्रम को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लोकगीत एवं लोकनृत्य को बढ़ावा देने का कार्य करें।

विकासखण्ड वार लोकगीत, लोकनृत्य पर कार्य करने के निर्देश दिए तथा कलाकारों को चिन्हित करते हुए पुरुस्कृत किया जाए। ग्रामीण खेल मैदान पर विशेष ध्यान दिया जाए। व्यायामशाला को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप क्रीड़ा अधिकारी को शतरंज की एक अच्छी प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए। खेलो भारत नीति 2025 पर चर्चा की गयी।

खेल को जन आंदोलन बनाने तथा खेलों को शिक्षा के साथ जोड़ने के भी निर्देश दिए। उप क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्कूल से समन्वय करते हुए ग्राम स्तर एवं वार्ड स्तर पर खेल कराएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खेल गतिविधियों पर कार्य करें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, उप क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती , एलडीएम ललित कुमार रॉय, खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, एवं प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिंह सिद्धू एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैथवलिया के बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ए ने बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भटहट , गोरखपुर । विकास विकासखंड भटहट के प्राथमिक विद्यालय कैथवलिया में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटहट द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । परीक्षण के दौरान बच्चों को साफ - सफाई के प्रति जागरूक किया गया । विद्यालय में उपस्थित कल 80 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ अरुण कुमार , डॉ दिनेश कुमार, श्रीमती पल्लवी सिंह स्टाफ नर्स एवं धीरेंद्र सिंह नेत्र सहायक द्वारा किया गया ।

स्टाफ नर्स पल्लवी सिंह ने बच्चों का वजन और लंबाई की जांच की तो वहीं नेत्र का जांच नेत्र सहायक धीरेंद्र सिंह ने किया । डॉक्टर अरुण कुमार एवं डॉ दिनेश कुमार द्वारा संपूर्ण शरीर की जांच किया गया । जांच के दौरान 4 से 5 बच्चे पॉजिटिव पाए गए । पॉजिटिव लक्षण में दांत से संबंधित ,चमड़े से संबंधित एवं आंखों से संबंधित बीमारियों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटहट बुलाया गया एवं चिकित्सा टीम द्वारा यह बताया गया की बच्चे आयरन की गोली सप्ताह में एक बार यानी महीने में चार बार एवं कीड़े की दवा हर 6 महीने पर एक बार यानी वर्ष में दो बार अवश्य रूप से लें । यदि ऐसा किया जाता है तो निश्चित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रहेगा । विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में आये सभी चिकित्सको के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण में भरपूर सहयोग किया गया ।

# जेपी विद्या मंदिर में हुआ छात्र परिषद का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय में छात्र छात्राओं के अंदर अनुशासन एवं नेतृत्व की भावना विकसित करना**

अनूपशहर। जेपी विद्या मंदिर में छात्र परिषद गठन का आयोजन किया गया। जिसमें ऋषभ चौधरी हेड बॉय तथा तन्वी अग्रवाल हेड गर्ल चुनी गई। जेपी विद्या मंदिर यूसी में छात्र परिषद का गठन किया गया। प्रधानाचार्य राजीव शर्मा ने कहा कि चुनी हुई प्रतिभाओं में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

विद्यालय में छात्र परिषद के गठन में छात्रों के अंदर अनुशासन एवं नेतृत्व की भावना विकसित होती है। साथ ही वे पूर्ण रूप से आश्वस्त है कि विद्यालय में जिन छात्रों को यह नैतिक, भौतिक जिम्मेदारी सौंपी है। वह इसका निर्वाह करने में पूर्ण रूप से सक्षम है। गठन में ऋषभ चौधरी हेड बॉय, तन्वी अग्रवाल हेड गर्ल चुनी गई। जबकि ह्यूमिलिटी हाउस में रिया शर्मा, एमपेथी हाउस में नम्रता शर्मा, क्रेडिबिलिटी हाउस में भक्ति वशिष्ठ, हॉर्मिनी हाउस में कशिश सिंह को हाउस कैप्टन एवं सदन के वाइस कैप्टन और प्रिफ़ेक्टस के पद पर चुने गए। एक्टिविटी कैप्टन क्षमा शर्मा तथा स्पोर्ट्स कैप्टन अक्षित राजोरा को अभिभावकों व अध्यापकों ने बैज लगाकर शेश पहनाई। प्रधानाचार्य ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन अंतरा आर्य ने किया। इस मौके पर सतीश वाजपेई, संजय सिंह, ब्रिज कुमारी, रविंद्र कुमार सिंह, प्रिया सिरोही, सचिन गर्ग, शोभा वार्ष्णेय, हसमत आरिफ आदि उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत विभाग वार लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सूची उपलब्ध कराने को भी निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागों से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में गति बढाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना की गलत रिपोर्टिंग न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। योजना से संबंधित वेंडर्स की समस्याओं पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ,जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, जिला पंचायती राज अधिकारी सीपी सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा वेंडर्स उपस्थित रहे।

## डीएम ने की कम प्रगति वाले बैंकों की समीक्षा

संभल,बहजोई। कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में कम प्रगति वाली बैंकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम एनआरएलएम के लंबित आवेदनों को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की उन्होंने बैंकवार चर्चा करते हुए बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो आवेदन लंबित हैं उनको प्राथमिकता के आधार पर सात दिवस के अंदर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें और जिलाधिकारी ने एनआरएलएम विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंक वार चेक लिस्ट बनाई जाए जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में ना आये। जिलाधिकारी ने संबंधित बैंक प्रबंधकों से कहा कि अगर आवेदनों में कोई कमी है तो उसको समय रहते हुए अवगत कराएं जिससे उसका निस्तारण करते हुए पुनः बैंकों को अवगत करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन आवेदनों को भी प्राथमिकता पर लेते हुए निस्तारण करें अगर कोई आवेदन गायब होता है तो उसके खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई संज्ञान में लाएं।

# जनपद में लोकगीत एवं लोकनृत्य को बढ़ावा देने के कार्य को दे प्राथमिकताः सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में क्रीड़ा विभाग एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने खेलो इंडिया कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा युवा उत्सव कार्यक्रम को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लोकगीत एवं लोकनृत्य को बढ़ावा देने का कार्य करें।

विकासखण्ड वार लोकगीत, लोकनृत्य पर कार्य करने के निर्देश दिए तथा कलाकारों को चिन्हित करते हुए पुरुस्कृत किया जाए। ग्रामीण खेल मैदान पर विशेष ध्यान दिया जाए। व्यायामशाला को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप क्रीड़ा अधिकारी को शतरंज की एक अच्छी प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए। खेलो भारत नीति 2025 पर चर्चा की गयी। खेल को जन आंदोलन बनाने तथा खेलों को शिक्षा के साथ जोड़ने के भी निर्देश दिए। उप क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्कूल से समन्वय करते हुए ग्राम स्तर एवं वार्ड स्तर पर खेल कराएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खेल गतिविधियों पर कार्य करें।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, उप क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती , एलडीएम ललित कुमार रॉय, खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, एवं प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिंह सिद्धू एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने लगाया दुकान पर कब्जा व जान से मारने का आरोप

अनूपशहर। व्यापारी ने नगर के तीन लोगों पर दुकान पर कब्जा करने तथा जान से मरने की धमकी देने का आरोप लगाया। संजीव अग्रवाल पुत्र विष्णु भगवान निवासी कलां बाजार ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति ने दौलत राम निवासी दिल्ली दरवाजा तथा राकेश शर्मा निवासी मुहल्ला गंगाद्वार व अन्य व्यक्ति पर जान से मारने की धमकी देने तथा मुहल्ला नेहरू गंज स्थित उसकी बहन पिंकी बंसल की दुकान पर कब्जा करने की धमकी दी है। उपरोक्त लोगों ने उससे दो लाख रुपए भी ले लिए हैं। और दोबारा दो लाख रुपए देने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सदर विधायक ने तीस किलोमीटर पैदल चल कर दुखहरणनाथ मंदिर में किया जलाभिषेक

**कजरीतीज पर पंद्रह लाख से अधिक श्रद्धालु दुख:हरणनाथ और पृथ्वीनाथ मंदिर पहुंचे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में सदर विधायक प्रतीकभूषण सिंह ने तीस किलोमीटर पैदल चलकर दुखहरणनाथमंदिर पहुंचे।रात एक बजे दुखहरण नाथ मंदिर में उन्होंने पत्नी के साथ जलाभिषेक किया।बीजेपी के सदर विधायक प्रतीक ने कहा- पिता बृजभूषण शरण सिंह और मां केतकी सिंह के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है मां पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हैं।प्रतीक के साथ उनकी पत्नी डॉक्टर राजश्री सिंह ने भी जलाभिषेक किया। हालांकि,वह सीधे मंदिर पहुंची थीं।कजरी तीज के अवसर पर जिले के पृथ्वीनाथ और दुखह रणनाथ मंदिर में रात एक बजे से सुबह सुबह बजे तक 15 लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है इनमें बड़ी संख्या में भारत से सटे देश नेपाल से आए श्रद्धालु भी शामिल हैं।दोनों मंदि रों में पांच हजार पुलिस के जवानसुरक्षा में लगे हैं।वही सदर विधायक की पत्नी अपने निजी गाड़ी से मंदिर पहुंचीं सदर विधायक प्रतीक भूषण की पत्नी को रास्ते में मिली महिलाओं ने अगली बार दुख:हरणनाथ मंदिर पर पैदल आने का सुझाव दिया।विधायक ने इस अवसर पर भ क्तों के साथ हर-हर महादेव के जयकारे लगाए और लोगों को कजरी तीज की बधाई दी।सदरविधायक ने सरयू में डुबकी लगाई,फिर पैदल मंदिर तक आए गोंडा सदर से विधायक प्रतीक भूषण सिंह अपने निवास विश्नोहरपुर से शाम चार बजे गाड़ी से 56 किमी दूर करनैलगंज के सरयू घाट पहुंचे।जहां पर उन्होंने सरयू नदी में डुबकी लगाई।सवा पांच बजे वहां से कांवड़ में जल लेकर रात 12.30 बजे बाबा दुखहरण नाथ मंदिर पहुंचे।उन्होंने पत्नी के साथ जलाभि षेक किया।प्रतीक भूषण ने बताया कि इस बार गोंडा में कांवड़ियों की संख्या शहर की आबादी से भी ज्यादा है।प्रशासन ने अच्छी व्यवस्था की डॉक्टर राजश्री ने कहा कि वह पहली बार अप ने पति के साथ इस मंदिर में आई हैं।30 से 45 किलोमीटर पैदल चलकर श्रद्धालु पहुंचे भक्तों का उत्साह इस कदर है कि कई श्रद्धालु 30 से 45 किमी की दूरी पैदल तय करके जलाभिषेक के लिए पहुंचे।करनैलगंज के सरयू घाट से नंगे पैर 35 किमी चलकर आए रमेश कुमार और अभिषेक कुमार ने बताया- ''हम हर साल यहां आते हैं और हमारी मनोकामना पूर्ण होती है।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े इंतजाम

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पूरे गोरखपुर जोन से पांच हजार से अधिक पुलिसकर्मी गोंडा में तैनात किए गए।साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है।मंदिर परिसर में सुरक्षा घेरे के बीच भक्त धीरे-धीरे जलाभिषेक कर रहे हैं।

### दुखहरण नाथ मंदिर का पौराणिक इतिहास

गोंडा नगर के बीचों-बीच स्थित दुखहरण नाथ मंदिर की महिमा त्रेतायुग से जुड़ी है।मान्यता है कि भगवान राम के जन्म पर दर्शन के लिए अ योध्या गए भगवान शिव वापसी में यहां रुके थे तभी से इस स्थान को दुखहरण नाथ के नाम से जाना जाता है।श्रद्धालुओं का विश्वास है कि य हां पूजा करने से भोलेनाथ सारे दुख दूर कर दे ते हैं।

# कजरी तीज पर जंगलीनाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, एसडीएम व सीओ ने लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भाद्रपद मास की कजरी तीज पर मंगलवार को जंगली नाथ मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते रहे और परिवार की सुख-समृद्धि व वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन कुमार सिंह ने मंदिर परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने और आने-जाने वाले मार्गों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़ प्रबंधन और स्वच्छता को लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूरे दिन मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा। भक्तों के लिए पेयजल, छायादार व्यवस्था और बैठने की उचित व्यवस्था प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन की ओर से की गई। स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों ने भी सहयोग करते हुए श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं शीतल जल की व्यवस्था की। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों का कहना है कि कजरी तीज का पर्व विशेष रूप से महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और परिवार के कल्याण के लिए व्रत रखती हैं। वहीं अविवाहित युवतियां अच्छे वर की कामना करती हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं ने बताया कि कजरी तीज पर हर वर्ष यहां धार्मिक उत्सव जैसा माहौल रहता है। इस बार भी भक्तिभाव और उल्लास के बीच त्योहार का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# बजाज चीनी मिल में फर्जीवाड़ा,प्रबंधक ने दर्ज कराया पंद्रह लोगों पर मुकदमा

**पेराई सत्र के दौरान तरबगंज के इस्माइलपुर निवासी सकलराज सिंह, जो उस समय तौल लिपिक थे। इस पूरे फर्जीवाड़े को अंजाम दिया।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड कुंदरखी इकाई में 15 लोगों ने मिलकर 26 हजार 502 क्विंटल गन्ना फर्जी दस्तावेजों के जरिए बेच डाला। मामले की पुष्टि जांच में हुई। जिसके बाद मोतीगंज थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धा राओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।पूरा माम ला 2012-13 का है।बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड कुंदरखी के सुरक्षा प्रबंधक कमलेश मणि तिवारी ने बताया कि मामला वर्ष 2012-13 का है। पेराई सत्र के दौरान तरबगंज के इस्माइलपुर निवासी सकलराज सिंह, जो उस समय तौल लिपिक थे। इस पूरे फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। जांच में सामने आया कि उन्होंने अपने भाई,कुछ खातेदारों और ग्रामवासियों के साथ मिलकर फर्जी गन्ना आपूर्ति के कागजात तैयार किए।

### पंद्रह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

इन दस्तावेजों में कलावती,माधुरी सिंह,राम खेलावन, संजय कुमार, संतोष कुमार, सरला सिंह, सरोज सिंह, त्रिलोकी सिंह, उमेश प्रताप सिंह,दिनेश प्रताप सिंह,राम सिंह,आनंद प्रताप, छोटे लाल और दिनेश कुमार सिंह के नाम से आपूर्ति दिखाई गई।इन्हीं फर्जी रिकॉर्ड्स के सहारे 26 हजार 502 क्विंटल गन्ने की बिक्री कर दी गई।शिकायत और जांच रिपोर्ट के आ धार पर पुलिस ने सकलराज सिंह समेत पंद्रह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच हो रही है और जल्द ही आरो पियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## युवक की करंट लगने से हुई मौत, विधायक मौके पर पहुंचे

महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के गोलहा मजरे जिहवा गांव निवासी 18 वर्षीय युवक की पंखे में करंट उतर आने से मौत हो गई। आनन-फानन परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले गए जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों का मजमा लग गया और तरह-तरह के लोग कयास लगाने लगे। बताते चलें कि, कोतवाली क्षेत्र के गोलहा मजरे जिहवा गांव निवासी जुनैद उम्र 18 वर्ष पुत्र मिराज आज दिन मंगलवार को लगभग 11 बजे घर पर पंखा लगा ही रहा था कि, अचानक पंखे में करंट आ गया और जुनैद करंट की चपेट में आकर गिर गया परिजनों ने जैसे ही देखा वैसे ही आनन-फानन जुनैद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाए लेकिन तब तक जुनैद मौत के आघोश में समा गया था और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने जुनैद को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही यह खबर परिजनों सहित ग्रामीणों को हुई पूरे गांव में कोहराम मच गया क्योंकि जुनैद एक मिलनसार युवक था और उसके कार्यों की सराहना ग्रामीण हमेशा किया करते थे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार शिविरद 28 अगस्त से 01 सितम्बर तक

**जन्मजात कटे होंठ एवं कटे तालू के मरीजों का होगा परीक्ष एवं उपचार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया है कि जनपद बहराइच में स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से जन्मजात कटे होंठ एवं कटे तालू के मरीजों का निःशुल्क आपरेशन एवं उपचार हेतु 28 अगस्त से 01 सितम्बर 2025 तक प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक निःशुल्क पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया जाना है। सीएमओ डॉ. कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा बच्चों का पंजीकरण कर हेल्थ सिटी ट्रामा सेन्टर एवं सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल विजय खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ में डॉ. वैभव खन्ना (एमएसएमसीएच) प्लास्टिक सर्जन/प्रोजेक्ट डायरेक्टर स्माइल ट्रेन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण/उपचार किया जायेगा।शिविर आयोजन हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार विकास खण्ड बलहा, मिहींपुरवा, नवाबगंज एवं शिवपुर के लिए 28 अगस्त 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा, ब्लॉक पयागपुर, हूज़ूरपुर एवं विशेश्वरगंज के लिए 29 अगस्त 2025 को सी.एच.सी. पयागपुर, ब्लॉक कैसरगंज, जरवल एवं फखरपुर के लिए 30 अगस्त 2025 को सी.एच.सी. कैसरगंज बहराइच तथा ब्लॉक चित्तौरा, रिसिया, तेजवापुर, महसी, बहराइच अर्बन, समस्त ब्लॉक के छूटे हुए मरीजों एवं जिले के समीप के ब्लॉकों हेतु 01 सितम्बर 2025 को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय बहराइच में निःशुल्क आपरेशन एवं उपचार हेतु शिविर आयोजित होगा।शिविर के सफल आयोजन हेतु नोडल अधिकारी आरबीएसके डॉ. आर.बी. वर्मा ने समस्त सीएचसी एवं पीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का निर्देश दिया है कि अपने अधीनस्थ आरबीएस टीम के सदस्यों/एएनएम तथा आशा/क्षेत्रीय कार्यकर्ता (महिला/पुरुष)/आंगनवाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित करें कि क्षेत्र भ्रमण में जो भी बच्चे जन्म से कटे होठ व कटे तालू से ग्रसित पाये जाये उनके अभिवावकों को शिविर के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करें ताकि अधिकाधिक लोग शिविर का लाभ उठा सकें।

डॉ. वर्मा ने बताया कि अधिक जानकारी के लिये डीईआईसी प्रबंधक आरबीएसके गोविन्द रावत के मो.न. 9598769545 एवं स्माइल ट्रेन सस्था के प्रतिनिधि नीरज कुमार शर्मा के मो.न. 9454159999, 9565437056 पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# 35,703 शिव भक्तों ने फीस रेगुलेशन बिल के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**पत्र के माध्यम से अपील की गयी है कि प्रदेश सरकार प्राइवेट स्कूलों की जो फीस के नाम पर मनमानी कर रही है, इस पर लगाम लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को बिल लेकर आये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। कजरी तीज के पर्व पर राष्ट्रीय छात्र पंचा यत के कार्यकर्ताओं के द्वारा पोटरगंज गोंडा में हेल्थ कैंप लगाया गया था, वह इस अवसर पर कैंप पर आने वाले श्रद्धालुओं से पत्र लिखवाया जा रहा था मुख्यमंत्री योगी के नाम तथा उनसे यह अपील की जा रही थी कि जब वह बाबा दुखहरण नाथ पर जलाभिषेक करने जाएं तो उनसे यह मांग जरूर करें कि प्रदेश सरकार प्राइवेट स्कूलों की जो फीस के नाम पर मनमा नी क्र रही है, इस पर लगाम लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार बिल लेकर आए और इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि बाबा दुखहरण नाथ में बहुत ताकत है, हमारे यहां यह मान्यता रही है कि जो बाबा दुख हरण नाथ पर जलाभिषेक करता है उसकी सा री मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।तो हमने श्रद्धालु ओं से यह अपील की है कि वह बाबा दुखहरण नाथ से मांग करें कि प्रदेश सरकार फीस बिल रेगुलेशन लेकर आए।इसी को लेकर 35,हजारसात सौ तीन श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री योगी के नाम पर पत्र लिखा है। इस पत्र को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है। छात्र पंचायत अध्य क्ष शिवम पांडे ने कि दो–तीन दिनों के अंदर यह मुख्यमंत्री तक पहुंचेगी और हमारी यह आशा है मुख्यमंत्री छात्रों व विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फीस बिल लाने का काम करेंगे,वही जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने ब ताया कि जब तक उत्तर प्रदेश में फीस बिल रेगुलेशन नहीं आएगा,तब तक हम लोग कार्य क्रम के माध्यम से जनता को जागरूक करके सरकार को संदेश देते रहेंगे।

# बशीरतगंज मार्ग बंद होने का विरोध

**व्यापारियों और ग्रामीणों ने डीएम को दिया ज्ञापन , अंडरपास बनाने की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। व्यापारियों और ग्रामीणों ने मंगलवार को डीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बशीरतगंज मार्ग को लखनऊ-कानपुर हाईवे से जोड़ने के लिए अंडरपास बनाने की मांग की गई है। बशीरतगंज मार्ग ब्रिटिश काल से एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग रहा है। यह पहले लखनऊ-कानपुर हाईवे का हिस्सा था। गंगा एक्सप्रेसवे और सराय काटिया औद्योगिक गलियारे के निर्माण के कारण इस मार्ग को बंद करने की योजना है।बता दे कि बशीरतगंज बाजार एक बड़ी क्षेत्रीय मंडी है। यहां से सैकड़ों व्यापारी और आसपास के गांवों के लोग कारोबार करते हैं। मार्ग बंद होने से स्थानीय लोगों को हाईवे तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा। इससे समय और ईंधन की बर्बादी होगी। स्कूली बच्चों को भी लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी के अनुसार, मार्ग बंद होने से हजारों परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी।

# विश्व बंधुत्व के रूप में मनाई गई दादी प्रकाश मणि जी की पुण्यतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सत्कर्म 'जीवन को सुगम बनाता है,प्रेम दया क्षमा करूणा मानव का श्रंगार है दुवाएं दवा से कहीं अधिक कारगर साबित होती है।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर सेवा केन्द्र पर दादी प्रकाश मणि जी का अट्ठारहवां पुण्य स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व के रूप में मनाया गया।राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका बहिन ने दादी जी के चित्र पर माल्या र्पण कर भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किया।भाई बहिनों को सम्बोधित करते हुए राजयो गिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका बहिन ने कहा कि डाक्टर प्रकाश मणि दादी जी का जीवन संसार के समस्त मनुष्यों के लिए अनुकरणीय साबित हो सकता है,दादी जी ने अपने जीवन में शांति प्रेम आंन्नद खुशी शक्ति -सत्यता पवित्रता करूणा दया क्षमा जैसे मूल्यों को आत्मसात कर रखा था,वह सभी को समान भाव से सम्मान देती थी, दादी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन मूल्य निष्ट समाज की स्थापना में लगा कर विश्व के एक सौ पैंतालीस देशों में ब्रह्मा कुमारीज़ संस्थान के सेवा केन्द्रों को स्थापित कराकर लाखों लोगों को व्यशन मुक्त कर निर्विकारी बना कर चरित्र वान बना दिया, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा लाखों रुपए के ईनामी चम्बल घाटी के मशहूर डाकू पंचम सिंह जी को करूणा दया क्षमा का पाठ पक्का करा कर सम्मानित जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करा दिया,जो आज भारत सहित विश्व भर में घूम घूम कर लोगों को नैतिकता का पाठ पढ़ा रहें हैं ,,दादी जी दया क्षमा करूणा के साथ साथ लोगों को सत्कर्म करने के लिए प्रेरित किया करतीं थीं,ऐसी प्रेरणा स्त्रोत दादी जी के जीवन से हम सभी को सीख लेकर मानवीय गुणों से सुशोभित होकर जिंदगी जीनी चाहिए ताकि हमारे कर्म से लोगों को सुख मिले।उक्त अवसर पर आये हुए सभी भाई बहनों ने दादी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर,अपने अपने जीवन में नैतिकता भरने का संकल्प लिया।राजयोगी डॉक्टरसुरेश चंद्र तिवारी राधेश्याम मिश्रा,कृष्ण कुमार तिवारी रामेंद्र नारायण सिंह,कमला प्रसाद सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया, जगदीश सोनी राघवेन्द्र पाण्डेय अनूप सिंह सुनील भाई राज सोनी पिंकी सिंह लक्ष्मी मिश्रा लक्ष्मी सोनी बबिता उमा रमा सुषमा मन्ना ज्योति पूजा डाली सहित तमाम जिज्ञासुओं ने भोजन प्रसाद स्वीकार किया।

## पैत्रक संपति का दावा करने वाली युवती ने लेखपाल पर लगाया छेड़छाड़ का अरोप

उन्नाव। पैत्रक संपति का दावा करने वाली युवती ने क्षेत्रीय लेखपाल पर छेड़छाड़, धमकी और साक्ष्य मिटाने का लगाया आरोप । पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना में वरासत कराने को लेकर युवती तहसील के चक्कर लगाती रही रिपोर्ट लगाने के बहाने लेखापाल ने उसके शैक्षिक प्रमाण पत्र जमा करा लिया। बयान के बहाने तहसील ले जाते रास्तें छेड़छाड़ की और किसी से न बताने की धमकी दी। युवती के चाचा की सहमति में बयान देने को लेकर दबाव बनाया है युवती ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाई की मांग की है। तहसील हसनगंज के माखी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्ष की युवती ने सोमवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सन 4-12-2000 को उसके पिता की मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद 17-06-2001को उसका जन्म हुआ। उसके बाद युवती मां बेटी को लेकर मायके चली गई। वही से पढ़ाई लिखाई का कार्य किया। चाचा श्रवण कुमार और संजय कुमार ने जालसाजी कर पिता के कोई संतान न होने का हवाला देकर संपति अपने नाम करवा लिया। बालिग होने पर 2019 में तहसील न्यायालय में वाद दायर किया था। मुकदमें में क्षेत्रीय लेखपाल पीयूष कुमार पांडे ने कक्षा छह से 12 तक शैक्षिक मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कुटुंब रजिस्टर की नकल ले लिया। लगभग बीस दिन पहले तहसीलदार के समक्ष बयान को लेकर लेखपाल अपनी कार से लेकर तहसील ले गये रास्ते में छेड़छाड़ कर धमकी दी कि अपने वाद मे चाचा की सहमति में बयान कर दो तभी मूल प्रमाण पत्र मिलेंगे वर्ना पिता की प्रमाणिकता नहीं होगी। 23 अगस्त को वाद निस्तारण में कोर्ट ने प्रमाण पत्रों में भिन्नता के कारण वाद निरस्त कर दिया।

# गुल्लावीर मन्दिर, झिंगहाघाट व रामलीला मैदान का डीएम ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । आसन्न श्री दुर्गापूजा, नवरात्रि एवं दशहरा इत्यादि त्यौहारों के अवसर पर घाटों की साफ-सफाई, विसर्जन स्थल झिंगहाघाट की व्यवस्था, रामलीला मैदान तथा श्री गुल्लावीर मन्दिर के सौन्दर्यीकरण इत्यादि के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चौधरी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा सहित अन्य अधिकारियों व अन्य के साथ विसर्जन स्थल झिंगहाघाट, रामलीला मैदान व श्री गुल्लावीर मन्दिर का निरीक्षण किया।विसर्जन स्थल झिंगहाघाट के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड को निर्देश दिया कि सरयू नदी की साफ-सफाई के लिए ड्रोन से वीडियोग्राफी कराकर सफाई की कार्ययोजना उपलब्ध करायें ताकि नगर पालिका परिषद के माध्यम से नदी की समुचित साफ-सफाई करा दी जाये जिससे मूर्तियों के विसर्जन के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके पश्चात डीएम ने रामलीला मैदान व श्री गुल्लाबीर मन्दिर का निरीक्षण कर साथ में मौजूद समिति के अध्यक्ष श्री टेकड़ीवाल से रामलीला मैदान तथा मन्दिर के सौन्दर्यीकरण के सम्बंध में चर्चा की। श्री गुल्लाबीर मन्दिर पहुंचने पर डीएम ने पूजा अर्चना भी की।

# एसएसबी टीम ने जब्त17 बोरी यूरिया कृषि विभाग को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी नानपारा के उपनिरीक्षक जीतेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सीमा चौकी बधापुरवा से गश्ती दल ने सीमा स्तंभ संख्या 671 के निकट संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की । सशस्त्र सीमा बल के गश्ती दल ने 17 बोरी यूरिया खाद बरामद की । जब्त किए गए सामान को आवश्यक कागजी प्रक्रिया के बाद कृषि विभाग, बहराइच के जिला कृषि अधिकारी को सूचित किया गया। जिला कृषि विभाग की टीम द्वारा जब्त की गई खाद को आगे की विधिक कार्यवाही हेतु अपने कब्जे में लिया गया। यह कार्रवाई सीमा पर तस्करी के प्रयासों पर कड़ी नजर बनाए रखने और उन्हें रोकने की दिशा में 59वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

# गोरखपुर में हुआ भव्य कवि सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । शक्ति सदन फाउंडेशन के तत्वावधान में दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज में कवि सम्मेलन में देश भक्ति गीतों का लहराया परचम .. *डॉ सरिता सिंह ,अंजू विश्वकर्मा, सत्यमवदा शर्मा , प्रेमलता सीमा नयन रीना मिश्रा , साधना मिश्रा , और 51 से साहित्यकार हुए सम्मानित भारत गौरव रहे हमारा यह परचम लहरा हम कह कर परचम लहराया शक्ति सदन फाउंडेशन के तत्वावधानमें रीना मिश्रा के संयोजन एवं विनय मिश्रा जी के आयोजन में हुआ भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह, लखनऊ सिद्धार्थ नगर बाराबंकी गोरखपुर देवरिया महाराजगंज से कभी उपस्थितरहे, हिंदी की सशक्त गीत गजल एवं भोजपुरी रचनाओं का भी हुआ पाठ भोजपुरी के लेखक *सुभाष यादव* ने मां का गुणगान करते हुएकहा *केहू कितना दुलारी बाकी माई न होई* **डॉ सरिता सिंह ने पढ़ा*हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सबको गलेलगाए हम** *सत्यमवदा शर्मा* *जिन हाथों में रचाती है मेहंदी वक्त पड़े तो तलवार उठा सकती है* *हास्य रस* में पढ़ते हुए रीना मिश्रा ने पढ़ा *फ़ेसबुक पर चैटिंग से सेटिंग हुई अपनी ही बीवी से डेटिंग हुई* प्रेमनाथ मिश्रा ने *बनेगा ऐसा हिंदुस्तान* भविष्य के हिंदुस्तान का चित्र बिखेरा.... कार्यक्रम की अध्यक्षता राम किशोर तिवारी ने की... सर्वोच्च सम्मान शक्ति सदन फाउंडेशन के द्वारा राहुल सांकृत्यायन सम्मान.. श्री मधुकर मिश्र जी को दिया गया... कार्यक्रम का शानदार संचालन संजय शर्मा बाराबंकी ने किया, कार्यक्रम में अरविंद अकेला सीमा नयन.. प्रेमलता नंद त्रिपाठी, अंजू विश्वकर्मा, साधना त्रिपाठी, अवधेश ,कात्यायनी ,उपाध्याय, स्वदेश मल्होत्रा, अजय यादव.. सौदागर सिंह उपस्थित रहे ।

# ग्रामीणों को समय पर मिल रहा योजनाओं का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के युवा शिक्षित ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने ग्राम पंचायत में अपनी सक्रियता से एक मिसाल कायम की है। ग्राम प्रधान और सचिन की सक्रियता के चलते पत्र ग्रामीण तक शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं समय पर पहुंच रही हैं पारदर्शिता परदेसी पारदर्शी व्यवस्था के कारण गांव में विश्वास और उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है ग्राम प्रधान ने बताया कि सचिन के साथ मिलकर लगातार प्रयास किया जा रहा है कि सभी ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले जिससे ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाएं और बेहतर बना पंचायत सहायक भी प्रतिदिन पंचायत भवन में मौजूद आकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हैं।जिससे उत्साह गांव के बुजुर्ग युवा एवं महिलाओ चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा है। ग्राम प्रधान लगातार ग्रामीणों को और अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी दिल्ली में जाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी लाकर गांव के ग्रामीणों को उसका लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। लगातार पंचायत भवन में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए समय-समय पर जनता दरबार भी लगाते हैं।

मिनी स्टेडियम से बनी गांव की अलग ही पहचान : तराई क्षेत्र में युवाओं को खेलने के लिए कोई खेल की व्यवस्था नहीं थी ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलकर ग्राम पंचायत में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया है। जिसमें सुबह-सुबह गांव के बुजुर्ग शांति और स्वच्छ वातावरण का आनंद लेते अक्सर दिखाई देते हैं। स्टेडियम में बने मंदिर में ग्रामीण पूजा अर्चना भी करते हैं।यह स्थान अब सामाजिक मेलजोल का केंद्र बन चुका है। स्टेडियम की सीढ़िओ पर बैठकर खेलों का आनंद लेकर ग्रामीण काफी उत्साहित दिखाई देते हैं।

# भाजपा सरकार सिर्फ़ लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही : राजू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सोमवार को पूरनपुर के ग्राम पिपरिया संतोष गाँव में पिछड़ा,दलित व अल्पसंख्यक जनपंचायत का आयोजन किया गया।इस दौरान जनपंचायत को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि ''भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण पिछ्डों,दलित व अल्पसख्यकों का विकास नहीं हो पा रहा है।

किसान-नौजवान परेशान व दुःखी हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय सिर्फ़ जुमलेबाजी चल रही है।उन्होंने कहा विभिन्न संस्थानों में खाली पड़े पदों पर भर्तियां बन्द हैं।पढ़ा-लिखा नौजवान बेकारी का दंश झेल रहा है।उन्होंने आगामी विधानसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील किया भाजपा सरकार सिर्फ़ लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही हैं।कार्यक्रम संयोजक समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है।उन्होंने कहा कि अगर आगामी चुनाव में भाजपा को नहीं रोका गया तो अल्पसख्यकों,पिछ्डों व दलितों का कॉफी नुकसान होगा पिछड़ों,दलितों व अल्पसख्यकों की सही मायने में हितैषी समाजवादी पार्टी ही है।विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक अरशद खा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा है।कि भाजपा सरकार दलितों,पिछड़ों व अल्पसख्यकों की सबसे बड़ी दुश्मन है।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता कल्याड़ सिंह सरोज ने एवं संचालन सपा नेता ओम शर्मा ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप सपा नेता कल्याण सिंह सरोज सतीश वर्मा,मीता सिंह,प्रशांत अवस्थी,दिनेश कुमार वर्मा, राम कुमार,ठाकुर प्रसाद,रामभजन,राम कुमार,शिवम यादव,हरिप्रसाद आदि बड़ी संख्या मे सपा कार्यकर्ता एवं ग्राम वासी उपस्तिथ रहे है।

## प्रदेश सचिव बने सभासद नादिर रजा बरकाती

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति से नादिर रजा बरकाती को समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल द्वारा की गई है।नादिर रजा बरकाती सभासद की नियुक्ति होने से उनके समर्थकों में खुशी का माहौल दिखाई दे रहा है।समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नादिर रजा बरकाती को प्रदेश सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने इस नियुक्ति के लिए अपनी संस्तुति दी है।समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल ने इस नियुक्ति की घोषणा की है।नादिर रजा बरकाती की नियुक्ति से समाजवादी पार्टी को एक अनुभवी और वरिष्ठ नेता की सेवाएं प्राप्त होंगी। यह नियुक्ति पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

## महिला ने जेठ के बेटे पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक विधवा महिला ने पुलिस को एक शिकायती दिया जिसमें उसने अपने जेठ के पुत्र दुष्कर्म करने का आरोप लगाया उसने ये भी कहा जेठ के बेटे ने ब्लैकमेल करने के इरादे से दुष्कर्म का वीडियो भी बना लिया आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो भी वायरल कर दिया पीड़िता ने सोमवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई पीड़िता के पति की मृत्यु करीब चार साल पहले हुई थी बच्चे के पालन पोषण और घर का खर्च चलाने का भरोसा दिया। इसी बहाने वह लगातार पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा एक साल पहले महिला अपने मायके चली गई। आरोपी उसे वापस लाने का दबाव बना रहा था महिला ने कहा कि वह अपने बेटे के साथ ही ससुराल वापस आयेगी इससे नाराज होकर आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। यह वीडियो उसके बेटे और रिश्तेदारों तक पहुंच गया पीड़िता ने पहले मामले को परिवार तक सीमित रखना चाहा लेकिन आरोपी की हरकतों से परेशान होकर उसे पुलिस में शिकायत करनी पड़ी पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है।

## आर्टिफिशियत ज्वैलरी बैच के प्रशिक्षण का डीसी मनरेगा ने किया निरीक्षण



**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त वंदना सिंह ने पीलीभीत में आर्टिफिशियल ज्वैलरी बैच के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और समूह की दीदियों के उत्साह का अवलोकन किया। उपायुक्त ने निदेशक आरसेटी को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त वंदना सिंह ने समूह के उत्पादों को सरस मेले,सरस शोरूम और ऑनलाइन मार्केटिंग से जोड़ने के निर्देश दिए। उपायुक्त वंदना सिंह ने शीघ्र जूट फाइल कवर मेकिंग का बैच शुरू करने के भी निर्देश दिए।इस निरीक्षण से समूह की दीदियों को अपने उत्पादों को बाजार में बेचने और अपनी आजीविका सुधारने में मदद मिलेगी साथ ही रोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे।

## डीसी मनरेगा ने कैंटीन का किया शुभारम्भ

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत में प्रेरण कैन्टीन का शुभारम्भ वंदना सिंह उपायुक्त स्वतःरोजगार एवं प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। कैन्टीन का संचालन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित दुर्गा स्वयं सहायता समूह, नावकूड, मरौरी के द्वारा किया जाएगा, कार्यक्रम में जिला मिशन प्रबन्धक, ब्लॉक मिशन प्रबन्धक एवं कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे है।



# पंच प्रण की शपथ एक को: संतोष सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई लंभुआ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह से 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम जो अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले पूरे भारतवर्ष में एक साथ पांच लाख विद्यालयों में एक सितंबर को विद्यालय प्रार्थना सभा में 'पंच प्रण' की शपथ के सफल आयोजन के लिया मिला। पंच प्रण के अंतर्गत आने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए संतोष सिंह ने कहा कि हम मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित तथा प्रेरणास्पद बनाए रखेंगे तथा विद्यालय की सम्पदा संसाधन तथा समय को साधन मानते हुए उनका संरक्षण और विवेक पूर्वक उपयोग करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि हम विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाएंगे, जहां कोई भेदभाव नहीं होगा तथा हम सभी समभाव से सीखने और सिखाने के पथ पर अग्रसर रहेंगे। शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण आत्मविकास और समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम इस विद्यालय को केवल एक संस्था नहीं अपितु संस्कार, सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील रहेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह नें कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय, छात्रों और शिक्षकों सभी के लिए लाभकारी है। ऐसी भावना सभी को रखना चाहिए तभी हम निपुण लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। संतोष सिंह ने अपने ब्लॉक के समस्त शिक्षक साथियों से इस कार्यक्रम को अपने अपने विद्यालय मे आयोजित कराने के लिए विनम्रता पूर्वक आग्रह किया स प्रतिनिधि मंडल में मंत्री सतीश कुमार पांडेय, संदीप गोस्वामी,राम नरेश, अम्बरीश पांडेय, जय कुमार, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, गंगा प्रसाद दुबे आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने ली योजनाओं की जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। माधोटाडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित तराई क्षेत्र में नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने लखनऊ कार्यालय के प्रमुख पद पर तैनात मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार पहुंचे।

उन्होंने तराई क्षेत्र में नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजना के बारे में जानकारी ली। साथ ही पूरनपुर शारदा सागर महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न उत्पादकों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान नगरिया खुर्द कला विवेकानंद सरकार ने बताया कि संस्था से जुड़कर महिला किसानों ने रोजगार के नए आयाम स्थापित किए हैं।

## खाद की किल्लत से किसान बेहाल

**बल्दीराय/सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बल्दीराय क्षेत्र के बघौना बाजार में किसानों को खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी गोदाम पर खाद वितरण की व्यवस्था इतनी अव्यवस्थित है कि किसान बरसात में भी घंटों लाइन में खड़े होकर परेशान होते दिखे। भारी बारिश के बावजूद किसान अपने हिस्से की खाद लेने के लिए भीगते हुए कतार में लगे रहे। किसानों का कहना है कि खाद डालने का समय निकलता जा रहा है और समय पर खाद न मिलने से फसल की उत्पादकता पर सीधा असर पड़ेगा। वही किसानों ने बताया कि बरसात में हम गोदाम के बाहर भीगते रहे गोदाम की छत टपकती है और अंदर पानी भर जाता है छत के ऊपर पन्नी डाल कर अंदर रखी खाद को बचाया जाता है लेकिन बिभागीय अधिकारियों द्वारा इसको नजर अंदाज किया जा रहा अधिकारी शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि खाद की आपूर्ति पर्याप्त नहीं होने के कारण बिचौलियों को फायदा मिल रहा है और खुले बाजार में महंगे दामों पर खाद बेची जाती है।

## पीडीए पंचायत, कार्यकर्ताओं ने 2027 चुनाव को लेकर लिया संकल्प

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इसौली विधानसभा के कुड़वार ब्लॉक के सेक्टर नंबर 29 हाजीपट्टी में बूथ अध्यक्ष वकील अहमद खान भुट्टो की अध्यक्षता में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज़िला पंचायत सदस्य व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राम शंकर यादव रहे,जिन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।बैठक में कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाने का आह्वान किया गया। पंचायत में यह संकल्प लिया गया कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज को एकजुट कर आगामी विधानसभा चुनाव में पीडीए के रहनुमा अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।कार्यकर्ताओं ने नारे के साथ संकल्प दोहराया न एक वोट छूटने पाए,न एक वोट कटने पाए।इस अवसर पर अख़तर खान प्रधान, अभिषेक यादव, अरबिद यादव, राम बरन कोरी, आरिफ खान, नसीम अहमद, नफ़ीस अहमद, बब्बू अहमद, जफ्फार, करमशेर, तौफ़ीक़अहमद, डॉ. इस्लाम खान, सकील अहमद, कल्लू कोरी, जगत पाल, राम नारायन रैदास, अमन चौहान, अभय विश्वकर्मा सहित सभी बूथ प्रभारी मौजूद रहे।

## मिलावटी घटिया सामग्री बिक्री पर सीडीओ ने दिए जांच के आदेश

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयाग अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण कर घटिया और मिलावटी सामग्री बनाए जाने के मामले को मुख्य विकास अधिकारी ने गंभीरता से लिया पराग मिल्क बार जो कि विकास भवन के मुख्य गेट के बगल स्थित है। आरोप है कि मिलावटी दूध से काफी और खाद्य सामग्री बनाई जा रही है। सेहत के साथ खिलवाड़ कर घटिया और मिलावटी खाद्य सामग्री बनाए जाना, पीडब्ल्यूडी के फुटपाथ पर अतिक्रमण करना, ओवर रेटिंग करना समेत अन्य समस्याओं को मुद्दा बनाकर मुख्यमंत्री ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने प्रकरण को गंभीरता से लिया है। पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कमरौली पुलिस ने स्मैक कारोबारी को भेजा जेल

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कमरौली पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत कस्बा इन्हौना के एक शातिर अपराधी को तीन सौ पन्द्रह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना कमरौली पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अरशद अली उर्फ सोनू पुत्र मुकर्रम अली निवासी मोहल्ला किला कस्बा व थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब अठाइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से तीन सौ पन्द्रह ग्राम ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## एसपी के निरीक्षण में सब कुछ मिला चुस्त दुरुस्त

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया और पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिये प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, मेस, बैरिक एवं महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया।

# खाद के लिये केंद्र के बाहर किसानों की भगदड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जनपद अमेठी के ग्रामीणांचल में किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नही ले रही हैं। किसानों को अब खाद के लिये जूझना पड़ रहा है और लम्बी लम्बी कतारों में लगने के बावजूद किसानों को खाद नही मिल पा रही है। सोमवार को इफको केंद्र बहादुरपुर में खाद को लेकर अव्यवस्था के साथ ही धक्का मुक्की के साथ भगदड़ मच गई जिसमें कई किसान मामूली रूप से चोटहिल भी हो गये है।जायस क्षेत्र के बहादुरपुर स्थित इफको केंद्र पर सोमवार को केंद्र खुलते ही खाद वितरण के दौरान अफरा तफरी मच गई।भारी संख्या में पहुंचे किसानों की भीड़ के कारण केंद्र पर अव्यवस्था फैल गई और धक्का मुक्की के बीच भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इफको केंद्र पर किसान लम्बी लाइन में खड़े रहे इसी में भीड़ के बीच धक्का मुक्की शुरु हो गई और किसान लाइन छोड़कर आगे बढ़ते तो कुछ किसान गिरते पड़ते हुये दूसरे किसानों को उठाते रहे। क्षेत्रीय किसानों की मानें तो खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह से अव्यवस्थित है। घण्टों लाइन में खड़े रहने के बावजूद खाद नही मिल पा रही है।अचानक भीड़ बढ़ने से हालात बिगड़ गये और कई किसान जमीन पर गिर पड़े। गनीमत यह रही कि कोई भी किसान गम्भीर रूप से घायल नही हुआ है। किसानों ने बताया कि हम लोग सुबह से लाइन में लगे हुये हैं लेकिन कोई व्यवस्था नही है।धक्का मुक्की में लोग गिर रहे हैं बहुत परेशानी हो रही है फिर भी खाद नही मिल रही है। क्षेत्रीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर आकर खाद वितरण की व्यवस्था दुरुस्त की जाये जिससे किसानों को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से खाद मिल सके। अब देखना यह है कि आखिर किसानों की समस्याओं का निराकरण कब होता है यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

# बाल विवाह रोकने पहुंची चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को जांच में लड़की मिली बालिग

अमेठी। बाल संरक्षण अधिकारी को बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। इस पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, टीम सदस्य रुचि सिंह, रोशन लाल तथा बाल संरक्षण अधिकारी अजय यादव के साथ एएचटीयू टीम के शिवप्रसाद सिंह बूढ़ी माता मंदिर, गौरीगंज पहुंचे। टीम ने मौके पर बालिका एवं परिजनों से जब पूंछतांछ की और दस्तावेजों का अवलोकन किया तो जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बालिका की आयु अठारह वर्ष से अधिक है। लड़की के पिता ने जानकारी दी कि विवाह दोनों परिवारों की सहमति और बच्चों की खुशी से गौरीगंज स्थित मंदिर में संपन्न किया जा रहा है। इस प्रकार प्राप्त शिकायत पर जांच के बाद मामला बाल विवाह का नहीं पाया गया और टीम ने परिवार को विवाह संबंधी कानूनी पहलुओं की जानकारी भी प्रदान की।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष क्रांति सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें जनपद अमेठी के तिलोई निवासी संजय कुमार सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।प्रदेश अध्यक्ष क्रांति सिंह, प्रदेश महामंत्री रामनरेश यादव के द्वारा प्रमाण पत्र देकर संजय सिंह को कर्मचारियों के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुये नई जिम्मेदारी प्रदान की गई।सोमवार को संजय कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने के बाद जनपद में प्रथम आगमन पर उनके संवर्ग के संघ पदाधिकारीयो ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने विकास भवन पहुंचकर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी से भेंट मुलाकात किया। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रशांत शुक्ला, सतीश सिंह, विश्वकर्मा बाबू, आर पी सिंह जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन,राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, विकास अधिकारी संघ, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने संजय सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी है।

### स्वदेशी जागरण मंच का उद्यमिता सम्मेलन आयोजित, युवाओं को स्वरोजगार व स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित

# स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान के तहत रविवार को भुवनेश्वरी प्रताप इंटरमीडिएट कॉलेज, कुड़वार में भव्य उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और उद्यमिता की ओर प्रेरित करना तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देना रहा।

इस सम्मेलन का आयोजन स्वदेशी जागरण मंच के विभाग सह संयोजक राजीव तिवारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, उद्यमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विभाग संयोजक धर्मेंद्र द्विवेदी ने कहा कि स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए उद्यमिता अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि 17वीं शताब्दी तक भारत का विश्व व्यापार में 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सा था। लेकिन विदेशी वस्तुओं के अत्यधिक प्रयोग ने भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि भारत को फिर से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है तो हर युवा को रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनना होगा। इसके लिए उद्यमिता सबसे बड़ा हथियार है। उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन के जरिए स्वदेशी जागरण मंच जिलों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है इसमें जनसंपर्क, सेमिनार, गोष्टी, नुक्कड़ नाटक एवं स्वदेशी विदेशी वस्तुओं के पत्रक वितरित कर जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की जानकारी दी जाएगी और आयातित वस्तुओं के प्रति जागरूक किया जाएगा जिससे लोकल फॉर वोकल के विजन को साकार किया जा सके तथा (ट्रंप) अमेरिका जैसे देशों के टैरिफ से लड़ने के लिए घरेलू खपत को बढ़ावा भी देना जरूरी है इसके जरिए हर घर स्वदेशी हर युवा उद्यमी बनना जरूरी है यह अभियान इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और देश को मजबूत करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती उपमा शर्मा ने युवाओं से जैविक खेती, डेयरी उद्योग, कुटीर उद्योग और आधुनिक स्टार्टअप की ओर कदम बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी हर किसी को नहीं मिल सकती, लेकिन मेहनत और लगन से किया गया व्यवसाय न केवल व्यक्ति बल्कि समाज और देश को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्राचार्य डॉ. तारा सिंह ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी भविष्य के कर्णधार हैं। उन्हें नौकरी की दौड़ में उलझने के बजाय उद्यमिता की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने स्वदेशी जागरण मंच के इस अभियान को ऐतिहासिक बताया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभाग सह संयोजक राजीव तिवारी ने उपस्थित सभी लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की शपथ दिलाई। साथ ही विदेशी वस्तुओं से दूरी बनाकर स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में युवा प्रमुख अमन त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों के बीच स्वदेशी और विदेशी वस्तुओं की सूची का वितरण किया। उन्होंने लोगों को बताया कि किस प्रकार छोटी-छोटी चीजों में भी हम विदेशी उत्पादों को त्यागकर स्वदेशी विकल्प अपना सकते हैं।

# भगवान भरोसे स्कूल

यह देश की विडंबना ही कही जाएगी कि शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकारें कामचलाऊ नीतियों के भरोसे ही रहती हैं। एक तरफ देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दस लाख स्वीकृत पद खाली पड़े हैं, वहीं देश में अथाह बेरोजगारी बनी हुई है। निस्संदेह, बच्चों की प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा उच्च शिक्षा की बुनियाद होती है, यदि बुनियाद ही कमजोर होगी तो राष्ट्र की इमारत कैसे मजबूत होगी? हाल ही में संसद की शिक्षा, महिला, बाल और खेल मामलों की स्थायी समिति ने खुलासा किया कि देश के शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के दस लाख पद खाली हैं। विडंबना यह है कि पांच साल पहले भी शिक्षामंत्री ने देश में दस लाख साठ हजार शिक्षकों के पद रिक्त होने की बात कही थी। यह भी जानकारी सामने आयी है कि वर्ष 2019 से इन पदों पर भर्ती हुई ही नहीं है। यानी आधे दशक में हम इस दिशा में कुछ भी करने में नाकाम रहे हैं। विडंबना यह है कि पिछले साल आई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि देश में एक लाख ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जहां एक ही शिक्षक नियुक्त है। सोचा जा सकता है कि एक शिक्षक कैसे सभी कक्षाओं के बच्चों को सारे विषय पढ़ाता होगा? विसंगति यह भी है कि इतने शिक्षकों की कमी के बावजूद सेवारत शिक्षकों को विभिन्न सरकारी अभियानों का जिम्मा भी दिया जाता है। जिसका खमियाजा छात्र की भुगतते हैं। आखिर हम अपनी प्राथमिक शिक्षा की ये कैसी बुनियाद रख रहे हैं? चिंताजनक स्थिति यह है कि सरकारी स्कूलों को समय की जरूरत के हिसाब से पर्याप्त बजट नहीं मिल पाता। स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव रहता है। कोरोना संकट ने सरकारी शिक्षण व्यवस्था की पोल खोली थी कि गिने-चुने स्कूलों में ही कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध थी। एक ओर देश के निजी स्कूलों में एआई और आधुनिक शिक्षण तकनीकों से ज्ञान दिया जा रहा है, वहीं सरकारी स्कूल शिक्षकों के लिये भी तरस रहे हैं। इन स्कूलों के पाठ्यक्रमों को समय की चाल में नहीं ढाला जा सका है। वहीं कौशल विकास की शिक्षा देना तो दूर की कौड़ी है। आखिर हम सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का कैसा भविष्य बना रहे हैं? क्या वे स्कूल-कालेजों से निकलकर वैश्विक चुनौतियों के साथ कदमताल कर पाएंगे? हम अपने छात्रों को वह आधुनिक ज्ञान नहीं दे पा रहे हैं जो आगे चलकर उन्हें बेहतर जीवनयापन के अवसर दे सके। सही मायनों में हम सरकारी स्कूलों के नाम पर बीमार भविष्य के कारखाने चला रहे हैं। जो कालांतर छोटी-मोटी नौकरी ही पा सकते हैं या फिर बेरोजगारी की अंतहीन शृंखला में खड़े हो जाते हैं। वहीं सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम को भी समय की जरूरत के हिसाब से नहीं ढाला जा रहा है। उलटे पाठ्यक्रमों को राजनीतिक दलों की विचारधारा के हिसाब से ढालने का उपक्रम लगातार किया जाता रहा है। निश्चय ही ये स्थितियां इन बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही कही जाएंगी। अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि हम भारत का कैसा भविष्य तैयार कर रहे हैं।

**बच्चों की प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा उच्च शिक्षा की बुनियाद होती है, यदि बुनियाद ही कमजोर होगी तो राष्ट्र की इमारत कैसे मजबूत होगी? हाल ही में संसद की शिक्षा, महिला, बाल और खेल मामलों की स्थायी समिति ने खुलासा किया कि देश के शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के दस लाख पद खाली हैं। विडंबना यह है कि पांच साल पहले भी शिक्षामंत्री ने देश में दस लाख साठ हजार शिक्षकों के पद रिक्त होने की बात कही थी। यह भी जानकारी सामने आयी है कि वर्ष 2019 से इन पदों पर भर्ती हुई ही नहीं है।**

# बुद्धि, विवेक, ज्ञान, कौशल, बल एवं साहस के देवता भगवान गणेश

**गणराज्य शब्द की उत्पत्ति भी गणेश के बहुत निकट है। पौराणिक संदर्भों के अनुसार उन्हें भगवान शिव के भक्तों का स्वामी माना गया है। गण (प्रजा) के स्वामी के रूप में उनका स्वरूप या आकृति आदर्श है। गणपति या गणेश का विशाल मस्तक उनके बुद्धिमान होने का प्रतीक है। वैसे भी हाथी को सबसे अधिक बुद्धिमान प्राणी माना गया है। गणेश जी का हाथी के समान मस्तक इस बात का प्रतीक है कि प्रजा के नायक को बुद्धिमान होना चाहिए। उनके विशाल कान इस तथ्य के प्रतीक हैं कि गणनायक को प्रत्येक बात की सूचना प्राप्त करने की कुशलता होना चाहिये। गणेश का स्वरूप चतुर्भुज है। वे एक हाथ में त्रिशूल, दूसरे हाथ में मोदक, तीसरे हाथ में पुस्तक तथा चौथे हाथ में कमल का फूल धारण करते हैं। अब ये चार हाथ और उनमें धारण की गई वस्तुएं भी विविध गुणों का प्रतिनिधित्व करती हैं। त्रिशूल का अर्थ है कि वे रक्षक हैं मोदक का अर्थ है खाद्य साम्रगी, पुस्तक का अर्थ है ज्ञान तथा कमल पुष्प का अर्थ है कोमलता। इसका सीधा अर्थ यह है कि प्रजानायक या गुणनायक को रक्षक, खाद्य पदार्थों का दाता, ज्ञान देने वाला तथा कोमल हृदय का होना चाहिए। उत्तर से लेकर दक्षिण तक तथा पूर्व से लेकर पश्चिम तक जिन गणेश जी की उपासना, आराधना एवं वंदना की जाती है तथा प्रत्येक शुभ एवं मंगल कार्य में सर्वप्रथम जिनकी पूजा की जाती है, उनकी उत्पत्ति, स्वरूप, गुण, धर्म एवं कर्म की अनेक गाथाएं भारतीय ग्रंथों में मिलती हैं।**

सर्वप्रथम पूजा के अधिकारी भगवान गणेश की उपासना, आराधना एवं पूजा भारत के कोने-कोने में होती है। शैव मत के धर्मावलम्बी उन्हें भगवान शिव का पुत्र मानते हैं तो वैष्णव एवं शाक्त मतों के धर्मावलम्बी उनकी उपासना एवं आराधना लक्ष्मी के साथ करते हैं। गणेश का शाब्दिक अर्थ होता है गुणों अर्थात् समुदायों के अधिपति (अर्थात गणपति)। पर व्यावहारिक रूप में भगवान गणेश को गुणों का अधिपति माना जाता है। वे बुद्धि, विवेक, ज्ञान, कौशल, बल एवं साहस के भी देवता माने जाते हैं। गणेशजी का स्वरूप उनके गुणों का ही प्रतिनिधित्व करता है। जैसे वह मूषक (चूहे) पर सवारी करते हैं। चूहे छुपकर अनाज खाकर मानव के खाद्य पदार्थों को क्षति पहुंचाते हैं और इस तरह राष्ट्र की समृद्धि को नुकसान पहुंचाते हैं। गणेश जी की मूषक सवारी का अर्थ यह हुआ कि राष्ट्र की समद्धि को क्षति पहुंचाने वालों पर हमारा पूरा नियंत्रण होना चाहिए। गणेश के कान बड़े होते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि हममें सबकी बातें सुनने का गुण होना चाहिए। गणेश जी को लम्बोदर कहा जाता है, इसका अर्थ यह है कि वे सबकी बात सुनते हैं और इन बातों को उदरस्थ कर जाते हैं, पर जो भी करते हैं अपने बुद्धि और विवेक से करते हैं। गणेश जी मस्तक पर चंद्रमा धारण करते हैं, इसका अर्थ यह है कि हमें किसी बात पर विचार करते समय ठंडे मस्तक से विचार करना चाहिए। गणराज्य शब्द की उत्पत्ति भी गणेश के बहुत निकट है। पौराणिक संदर्भों के अनुसार उन्हें भगवान शिव के भक्तों का स्वामी माना गया है। गण (प्रजा) के स्वामी के रूप में उनका स्वरूप या आकृति आदर्श है। गणपति या गणेश का विशाल मस्तक उनके बुद्धिमान होने का प्रतीक है। वैसे भी हाथी को सबसे अधिक बुद्धिमान प्राणी माना गया है। गणेश जी का हाथी के समान मस्तक इस बात का प्रतीक है कि प्रजा के नायक को बुद्धिमान होना चाहिए। उनके विशाल कान इस तथ्य के प्रतीक हैं कि गणनायक को प्रत्येक बात की सूचना प्राप्त करने की कुशलता होना चाहिये। गणेश का स्वरूप चतुर्भुज है। वे एक हाथ में त्रिशूल, दूसरे हाथ में मोदक, तीसरे हाथ में पुस्तक तथा चौथे हाथ में कमल का फूल धारण करते हैं। अब ये चार हाथ और उनमें धारण की गई वस्तुएं भी विविध गुणों का प्रतिनिधित्व करती हैं। त्रिशूल का अर्थ है कि वे रक्षक हैं मोदक का अर्थ है खाद्य साम्रगी, पुस्तक का अर्थ है ज्ञान तथा कमल पुष्प का अर्थ है कोमलता। इसका सीधा अर्थ यह है कि प्रजानायक या गुणनायक को रक्षक, खाद्य पदार्थों का दाता, ज्ञान देने वाला तथा कोमल हृदय का होना चाहिए। उत्तर से लेकर दक्षिण तक तथा पूर्व से लेकर पश्चिम तक जिन गणेश जी की उपासना, आराधना एवं वंदना की जाती है तथा प्रत्येक शुभ एवं मंगल कार्य में सर्वप्रथम जिनकी पूजा की जाती है, उनकी उत्पत्ति, स्वरूप, गुण, धर्म एवं कर्म की अनेक गाथाएं भारतीय ग्रंथों में मिलती हैं। उन्हें शिव एवं पार्वती का पुत्र मानते हुए जहां कुछ विद्वान उन्हें द्रविड़ों का देवता मानते हैं, वहीं आर्यों के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद एवं यजुर्वेद में भी उनकी वंदना की गई है। गणेश जी को गुणों का स्वामी माना जाता है, इसलिए उन्हें बुद्धि का दाता कहा जाता है। उनकी पत्नियों के नाम भी बुद्धि और सिद्धि कहे गए हैं। महाभारत को लिपिबद्ध करने के बारे में एक कथा है कि वेद व्यास ने इसे बोला तथा भगवान गणेश ने लिपिबद्ध किया। तब महाभारत के श्लोकों को समझने में बुद्धि ने ही अपने पति गणेश जी की सहायता की थी। गणेश जी के दो पुत्र भी माने जाते हैं, शुभ और लाभ। गणेश सिर्फ हिन्दुओं के ही देवता नहीं हैं। जैन धर्म में भी उनकी वंदना की गई है। बौद्ध तांत्रिकों के भी वे आराध्य देव हैं। भारत के बाहर नेपाल, तिब्बत, जावा, बाली, चीन तथा जपान में भी उनकी पूजा होती रही है। गणेश जी के नाम भी अनेक हैं। पुराणों में उनके अनेक नाम मिलते हैं। गणेश सहस्त्र नाम से यह सिद्ध होता है कि उनके एक हजार नाम हैं। उनके प्रसिद्ध नामों में गणपति, वक्रतुण्ड, महाकाय, एकदन्त, गणदेवता, गणेश्वर, विनायक आदि मुख्य हैं। उनके एकदंत और गजानन होने के संबंध में पुराणों में अनेक कथाएं हैं। एक दंत होने की कथा इस प्रकार है कि एक बार परशुराम शिवजी से मिलने गए। दरवाजे पर गणेश रक्षक के रूप में बैठे थे। गणेश ने परशुराम को प्रवेश करने से रोका इस पर दोनों में विवाद हुआ और बात लड़ाई तक पहुंच गई। इस लड़ाई में परशुराम ने फरसे से प्रहार किया, जिसमें गणेश का एक दांत टूट गया। इस कारण उन्हें एकदंत कहा जाता है। गजानन के बारे में स्कन्द पुराण की एक कथा के अनुसार एक समय पार्वती ने शनि को बुलाया कि वह गणेश को देखने आए। शनि आए तो किन्तु वे सिर नीचे करके बैठे रहे। पार्वती ने पूछा कि मेरे पुत्र को आप क्यों नहीं देख रहे हैं। शनि ने कहा कि यदि मैं इस बच्चे को देखूंगा तो इसका सिर नष्ट हो जाएगा। यह कहकर शनि ने गणेश को देखा और गणेश का सिर जलकर भस्म हो गया। इस पर ब्रह्मा ने कहा कि सबसे पहले जो प्राणी मिले उसका सिर काटकर गणेश के सिर के स्थान पर लगा दिया जाए। पार्वती को सबसे पहले हाथी मिला, जिसका सिर उन्होंने काट कर गणेश के सिर पर रख दिया। इस कारण ये गजानन कहलाए। एक दूसरी कथा के अनुसार पार्वती एक बार स्नान करने के लिए गई और अपने घर के दरवाजे पर गणेश को रक्षक के रूप में बैठा गई। इसी बीच शिवजी आए और उन्होंने घर में प्रवेश करना चाहा। गणेश ने उन्हें प्रवेश करने से रोका। इस पर क्रोध में आकर शिवजी ने गणेश जी का सिर काट दिया। जब पार्वती को पता लगा। तब शिवजी ने हाथी का सिर काटकर गणेश के सिर के स्थान पर जोड़ दिया। उनकी सर्वप्रथम पूजा होने के संबंध में भी अनेक कथाएं मिलती हैं। इस बारे में प्रचलित एक कथा यह है कि एक बार देवताओं में यह विवाद हुआ कि सर्वप्रथम किस देवता की पूजा हो। विवाद बढ़ा तो निर्णय भगवान शिव को सौंप दिया गया। भगवान शिव ने कहा कि जो देवता सबसे पहले तीनों लोकों की परिक्रमा कर लेगा, उसकी पूजा सबसे पहले होगी। सब देवता अपने-अपने वाहनों से तीनों लोकों की परिक्रमा के लिए रवाना हो गए। पर गणेशजी ने भगवान शिव की ही परिक्रमा कर डाली। भगवान शिव ने जब उनसे पूछा तो उन्होंने कहा कि तीनों लोक आप में ही हैं। आपकी परिक्रमा का ही अर्थ है तीनों लोकों की परिक्रमा। इस उत्तर से भगवान शिव इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने गणेश जी की पूजा सर्वप्रथम करने का निर्णय दे दिया। यह कथा कुछ और स्वरूपों में भी प्रचलित है पर निष्कर्ष यही है कि सर्वप्रथम पूजा गणेशजी की ही होती है। हर मंगल कार्य का शुभारंभ गणेश जी की पूजा से ही होता है। यात्रा का आरंभ गणेश जी का नाम लेकर किया जाता है। खाता-बहियों की शुरुआत भी श्री गणेशाय नमः से होती है और आज तो किसी काम को प्रारंभ करने को ही श्री गणेश करना कहा जाता है। ऋग्वेद के मंत्र *गणनां त्वा गणपति ऊं हवामहे* तथा यजुर्वेद के मंत्र *नमो गणेम्यो गणपतिम्यदा वो नमो नमः* से जिन गणेश और गणपति की वंदना और आराधना शुरू हुई थी वह आज भी जारी है। बीसवीं शताब्दी में तो भगवान गणेश ने राष्ट्रीय चेतना की भावना का श्री गणेश किया था। गणेशोत्सवों ने इस देश में राष्ट्रीय चेतना की जो ज्वाला प्रज्ज्वलित की थी, वह हमारे स्वतंत्रता आंदोलन की आधारशिला बन गई थी। ऋग्वेद से लेकर आज तक भगवान गणेश अनेक गुणों को लेकर अवतरित हुए और उनकी अनंत कथाएं भी प्रचलित रहीं। गणेशजी इतने गुणों के स्वामी हैं कि उनके इन गुणों एवं स्वरूप के आधार पर ही उनके एक हजार नाम प्रचलित हैं। पर मुख्य रूप से उनके द्वादश नाम प्रचलित हैं, जिनके नियमित पाठ से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं तथा सभी मनोरथों की सिद्धि होती है। इस संबंध में यह मंत्र प्रचलित है-

ओम सुमुख श्चैक दंतश्च कपिलौ गजकर्णकः लम्बोदरश्च विकटो विध्ननाशो विनायकः धूम्र केतू गणध्ययक्षो भाल चंद्रो गजाननः द्वादशैतानि नामानि य पठच्ध्रुणु यदापि। गणेश जी की उपासना एवं आराधना इतनी प्राचीन है कि उनके अनेक अवतारों के वर्णन भी धर्मग्रथों में मिलते हैं। उनके जो मुख्य अवतार हुए हैं वे है- वक्रतुण्डावतार, एकदंतावतार, महोदरावतार, गजाननावतार, लम्बोदरावतार, विकटावतार। विघ्नराजावतार में मत्सरासुर से, एकदंतावतार में मदासुर से, महोदरावतार में मोहासुर से, गजाननावतार में लोभासुर से, लम्बोदरातार में क्रोधासुर से विकटावतार में कामासुर से, विघ्नराजावतार में ममतासुर से, धूम्रवर्णवतार में अभिमानानुसार से देवताओं और मानव जाति को मुक्ति दिलाई। इन अवतारों की कथा से एक और तथ्य स्पष्ट होता है कि भगवान गणेश गुणों के देवता ही नहीं है, अपितु अवगुणों से विशेषकर मद, मोह, लोभ, क्रोध, काम, माया एवं अभिमान से भी मुक्ति दिलाते हैं। भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष की चतुर्थी को सारे देश में ग्यारह दिवसीय गणेशोत्सव मनाने का क्रम प्रारंभ हो जाता है, पर गणेश जी की उपासना एवं आराधना वर्ष भर ही चलती रहती है। हर मंगल कार्य में यहां तक कि दैनिक उपासना एवं आराधना में भी गणेश जी को सर्वप्रथम स्मरण किया जाता है। माह में दो बार आने वाली चतुर्थी को भी गणेश जी की उपासना की जाती है। इन चतुर्थी में से कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकट नाशक चतुर्थी तथा शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी कहा जाता है। इन चतुर्थी पर हजारों भारतवासी गणेश जी की आराधना एवं उपासना करते हैं तथा उपवास रखते हैं। संकट नाशक चतुर्थी को गणेश जी की आराधना करने एवं उपवास करने से हर प्रकार के संकटों का नाश हो जाता हैं। **–पवन कुमार वर्मा**

# चरित्र और आदर्श की कीमत पर विकास निरर्थक

**संजीव ठाकुर**

हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है, जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है, बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं, सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं, मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए, यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है, जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है, यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है, मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए,इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है, और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है, भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है,ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था। परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है। आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता है अन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

## सेहत मंत्र

# पेट से जुड़ी कई समस्याओं का इलाज है इसबगोल की भूसी

पेट की समस्या कई रोगों को जन्म देती है। अगर रोजाना किसी का पेट साफ नहीं होता है या फिर खाना खाते ही दस्त आने लगते हैं। तो यह दोनों ही स्थिति मेडिकल कंडीशन में साफ नहीं मानी जाती हैं। इन समस्याओं में इसबगोल की भूसी का इस्तेमाल फायदेमंद हो सकता है। बहुत सारे लोगों को लगता है कि इसबगोल का इस्तेमाल सिर्फ कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए किया जाता है। जबकि ऐसा नहीं है, यह आयुर्वेदिक औषधि का अलग-अलग तरीके से सेवन करने से दस्त, डायरिया और कब्ज की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है। इसबगोल की सीलियम हस्क के नाम से भी जानते हैं। आयुर्वेदमें इसबगोल को ऑयली माना जाता है, जोकि वात और पित्त के बैलेंस को ठीक करता है। इसबगोल की भूसी खाने से पेट से जुड़ी कई बीमारियों से आपको राहत मिलती है। इसबगोल को खाने के दो तरीके बताए गए हैं, जोकि कब्ज के अलावा डायरिया की समस्या को खत्म करेंगे। जिन लोगों को बार-बार दस्त की समस्या होती है, उनको इसबगोल की भूसी को दही के साथ मिलाकर खाना चाहिए। ऐसा करने से लूज मोशन यानी की दस्त की समस्या दूर होगी। अगर किसी व्यक्ति को हर समय कब्ज की समस्या बनी रहती है, तो इसको गर्म दूध के साथ मिलाकर खाना चाहिए। इससे कब्ज की समस्या दूर होती है। जिन लोगों को पाइल्स और फिशर की समस्या रहती है, उनको भी इसबगोल को गर्म दूध के साथ खाना चाहिए। पाइल्स और फिशर की समस्या में भी आराम मिलता है। अगर किसी व्यक्ति को पुअर गट हेल्थ की समस्या रहती है, तो उसको बॉडी में गुड बैक्टीरिया बढ़ाते हैं और उसको इसबगोल की भूसी को जरूर खाना चाहिए। इससे गट में गुड बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ाने में मदद मिलती है।

## धर्म मंत्र

# शिवलिंग पर पंचामृत चढ़ाने से दूर होते हैं मन के विकार, मिलती है आध्यात्मिक उन्नति

शिवलिंग भगवान शिव का निराकार स्वरूप माना जाता है। शिवलिंग की पूजा करने से मन को शांति मिलती है और आध्यात्मिक उन्नति होती है। शिवलिंग की पूजा से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और जातक पर अपनी कृपा बरसाते हैं। वैसे तो रोजाना भगवान शिव की पूजा करना जातक को उन्नति की ओर ले जाता है। वहीं सावन, सावन सोमवार और प्रदोष व्रत आदि तिथियों पर शिवलिंग का पूजन करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। साथ ही भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और जीवन में सुख-समृद्धि के लिए शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र और फूल आदि चढ़ाते हैं। बता दें कि ठीक इसी तरह शिवलिंग पर पंचामृत चढ़ाने भी शुभ और लाभकारी माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि शिवलिंग पर पंचामृत चढ़ाने के क्या लाभ मिलते हैं। दूध और दही पंचामृत की प्रमुख सामग्रियां हैं, जोकि ज्योतिष शास्त्र में चंद्रमा से संबंधित मानी जाती है। ज्योतिष में चंद्रमा मन और भावनाओं का कारक माना जाता है। ऐसे में शिवलिंग पर पंचामृत चढ़ाने से मन शांत होता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। पंचामृत चढ़ाने से नकारात्मक विचार और भावनाएं दूर होती हैं और व्यक्ति को आंतरिक शांति मिलती है। इससे जीवन में सकारात्मकता महसूस होती है।

## पर्यटन



# इतिहास, विरासत और हथकरघे की नगरी है चंदेरी

मध्य प्रदेश की मालवा और बुंदेलखंड की सीमाओं पर बसा चंदेरी एक ऐतिहासिक नगर है जो अपने भव्य किलों, प्राचीन स्मारकों, जैन मंदिरों और विश्वप्रसिद्ध चंदेरी साड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। यह नगर न केवल इतिहास प्रेमियों, बल्कि कला, संस्कृति और पारंपरिक वस्त्रों के शौकीनों के लिए भी एक आकर्षक पर्यटन स्थल है। चंदेरी का इतिहास लगभग 11वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है। यह नगर विभिन्न राजवंशों– जैसे प्रतिहार, गुर्जर, सुल्तान, मुग़ल, बुंदेला और मराठा – के अधीन रहा है। यहां की वास्तुकला में हिन्दू, इस्लामी और जैन प्रभावों का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। पारंपरिक व्यापार मार्गों पर स्थित होने के कारण यह नगर व्यापार, विशेष रूप से वस्त्र उद्योग, का एक बड़ा केंद्र रहा है। बंदरगढ़ पहाड़ी पर स्थित यह भव्य किला 13वीं शताब्दी में बना था और चंदेरी के इतिहास की रक्षा करता प्रतीत होता है। यहां से पूरे शहर का मनोरम दृश्य देखा जा सकता है। किले में कौशक महल नामक भव्य महल भी है, जिसे मुगल सम्राट जहांगीर के समय में बनवाया गया था। चंदेरी की मस्जिदें अपनी मुगलकालीन वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध हैं। इनका निर्माण 15वीं शताब्दी में किया गया था और ये आज भी अपनी भव्यता और शांति के लिए जानी जाती हैं। यह दो स्तंभों पर खड़ी एक अनूठी संरचना है, जो देखने में एक घोड़े के कटे हिस्से जैसी प्रतीत होती है। यह चंदेरी की पहचान बन चुकी है। यहां प्राचीन जैन मंदिरों की श्रृंखला है और नालगिरी पर्वत पर स्थित विशाल जैन तीर्थ क्षेत्र एक आध्यात्मिक केंद्र है, जहां भगवान आदिनाथ की विशाल प्रतिमा स्थापित है। चंदेरी की पहचान सबसे अधिक उसकी चंदेरी साड़ियों से है। ये साड़ियाँ अपनी हल्के वजन, चमकदार कपड़े और पारंपरिक बूटियों के लिए प्रसिद्ध हैं। रेशम और सूती धागों से बनी ये साड़ियाँ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में लोकप्रिय हैं।

# चोरों ने मोबाइल, बर्तन और किराना दुकानों को बनाया निशाना, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक साथ चार दुकानों पर धावा बोलकर व्यापारियों में दहशत फैला दी। चोरी की यह घटनाएँ सादुल्लापुर और सैदनपुर चौराहे पर घटित हुईं। सूत्रों के अनुसार, सादुल्लापुर चौराहे पर स्थित शिव मोबाइल दुकान से चोर चार मोबाइल फोन उठा ले गए। इसी चौराहे पर एक बर्तन की दुकान में भी चोरी की वारदात हुई, जहाँ से चोर आवश्यक सामान लेकर फरार हो गए।

वहीं, सैदनपुर चौराहे पर एक बीज भंडार तथा एक किराना दुकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। यह स्थान कोठी थाने से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मंगलवार सुबह जब व्यापारियों ने दुकानों के शटर उठाए तो चोरी की जानकारी सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही व्यापारियों में आक्रोश और दहशत का माहौल फैल गया। तत्काल पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस टीम और कोठी थाने की पुलिस मौके पर पहुँची। इसके साथ ही विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी जांच के लिए मौके पर पहुँची और साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि आरोपितों तक पहुँचा जा सके। थाना प्रभारी कोठी अमित सिंह भदोरिया ने बताया कि अभी तक पीड़ित दुकानदारों की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सक्रियता से चोरों की तलाश कर रही है और शीघ्र ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कजरी तीज पर्व पर भक्तिमय हुआ वातावरण बम बम भोले से गुंजायमान रहा वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर/निदूरा बाराबंकी। सुप्रसिद्ध शिवतीर्थ श्रीलोधेश्वर महादेवा में कजरी तीज पर्व पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।अर्धरात्रि को मंदिर के कपाट खुलते ही हजारों श्रद्धालु महिलाओं ने जयकारों के साथ कतारों से मठ में पहुंचकर श्रीलोधेश्वरजी का जलाभिषेक आरम्भ कर दिया।अयोध्या कानपुर उन्नाव रायबरेली फतेहपुर गोंडा बहराइच लखनऊ सीतापुर हरदोई औरैया व बिठूर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से कठिन पदयात्रा कर आए कांवरिए नंगे पांव महादेवा पहुंचे।महिलाएं व युवतियां भी बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंचीं और गंगाजल बेलपत्र भांग धतूरा दूध दही व कमल पुष्प अर्पित कर भगवान का जलाभिषेक किया।फतेहपुर तहसील से लगभग 40 श्रद्धालुओं का जत्था 23





अगस्त को बिठूर कानपुर से गंगाजल लेकर पैदल इस जत्थे ने यहां आकर गंगाजल से अभिषेक किया।मंदिर के प्रमुख पुजारी वीरेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि हरितालिका कजरी तीज का पर्व महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है।मान्यता है कि इस दिन भोलेनाथ के जलाभिषेक से मनचाहा वर और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।इसी कारण बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां पूजन अर्चन करती दिखी।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशों पर मंदिर परिसर में सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम किए गए थे।एसडीएम गुंजिता अग्रवाल सीओ गरिमा पंत व प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। आज करीब एक लाख श्रद्धालुओं जिसमें बड़ी संख्या महिलाओं की थी, भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।निंदूरा प्रतिनिधि ने बताया कि कजरी तीज के अवसर पर मंगलवार को क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों भगौली तीर्थ आदि में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दराज़ से आए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर मां गौरी की पूजा-अर्चना की। पूरा मेला परिसर हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के बाद मां गौरी को श्रृंगार का सामान अर्पित की वस्तुएं अर्पित किया। मान्यता है कि कजरी तीज पर गौरी पूजन का विशेष महत्व होता है।

## सफदरगंज में निकली शिव बारात

कजरी तीज के पर्व पर हर वर्ष की भांति क्षेत्र के कस्बा सफदरगंज स्थित निद्धेश्वर मंदिर से भव्य शिव बारात का शुभारम्भ हुआ। बारात निकलते ही हजारों की संख्या में शिव भक्त बारात में झूम उठे। ग्राम चिलौकी पहुंची शिव बारात का ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत सहित हजारों भक्तो ने बारात की आगवानी की ओर जानकी मंदिर विधि विधान से विवाह सम्पन्न हुआ तथा भंडारे मे हजारों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया । शिव बारात के संयोजक प्रधानपति अजय वर्मा समाजसेवी अमित गुप्ता, संजय तिवारी, कमलाकांत गुप्ता, मोहम्मद रफीक, मुकेश जायसवाल, संत प्रसाद यादव, प्रदीप राठौर,सोनू जयसवाल,मोहित वर्मा ,पवन विश्वकर्मा,मन्नू रावत आदि सैकड़ों की संख्या में फौज लेकर शिव बारात कस्बा के निद्धेश्वर शिव मन्दिर से कस्बा होते हुए क्षेत्र के ग्राम रानीगंज स्थित बाबा मन्ना दास राधा कृष्ण मन्दिर पहुंची।

# रोजगारोन्मुखी हैं व्यावसायिक शिक्षा : नवनीत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में आइसेक्ट संस्था के तत्वावधान में आयोजित एक अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यवसायिक शिक्षा की महत्ता पर पुरजोर चर्चा की।

प्रवक्ता नवनीत कुमार ने व्यावसायिक शिक्षा का महत्व की चर्चा करते हुए छात्रों को बताया कि यह योजना रोजगारुंमुखी है और इसके माध्यम से छात्र विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार अर्जित कर अपना भविष्य संवार सकते हैं।

अपने व्याख्यान में नवनीत कुमार ने विभिन्न व्यापार, भूमि परिवहन, भंडारण एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समझाया कि भंडारण क्या है?और कैसे किया जाता है। तथा इसका भविष्य की संभावनाओं से क्या संबंध है। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा को छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी और रोजगारोन्मुखी बताया । वहीं प्रवक्ता निलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना में छात्र अलग-अलग ट्रेड में चयनित होकर आत्मनिर्भर बनते हैं।

कार्यक्रम में करीब एक सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अवसर का लाभ उठाया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य व प्रवक्ता कुमार नंदन प्रधान, निलेश कुमार सिंह, महेंद्र कुमार, व्यावसायिक प्रशिक्षक हरीश कुमार एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में बवाल : होमगार्ड और साथियों का हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के बुधनई गांव में जमीन विवाद ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया। कोठी थाने में तैनात होमगार्ड सत्येंद्र कुमार ने करीब दो दर्जन साथियों के साथ विपक्षी पक्ष के घर पर धावा बोल दिया। घटना के समय पीड़ित पक्ष के पुरुष सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। हमलावरों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला किया। इस दौरान गायत्री देवी और काजल को सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिससे वे मौके पर ही बेहोश हो गईं। वहीं विशाल, पीहू, बेबी, नैंसी और राशि भी घायल हो गए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 30 सेकेंड के एक वीडियो में आरोपी खुलेआम लाठी-डंडों और ईंटों से हमला करते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच सहन की

## महिलाओं समेत कई लोग घायल, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हमले का वीडियो

जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है।पीड़ित पक्ष का कहना है कि यह हमला एकतरफा था और उनकी जान लेने की नीयत से किया गया। घटना के बाद नैंसी ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने और कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

## बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत पीसीपीएनडीटी कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजना बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ में प्राचार्य प्रोफ़ेसर देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पीसीपीएनडीटी कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में हुआ जिसमें चिकित्सा विभाग के माध्यम से छात्र–छात्राओं को पीसीपीएनडीटी अधिनियम (1994) के प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्साधिकारी के डी मिश्रा (नोडल पीसी एण्ड पीएनडीटी) द्वारा गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व (भ्रूण) लिंग परीक्षण कानूनन दण्डनीय अपराध है के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।
उक्त के अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग द्वारा उपस्थित HEW के कार्मिकों द्वारा, महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाएं तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, मुखबिर योजना आदि का प्रचार–प्रसार किया गया साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा अंकित बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ डायरी पेन एवं कप उपस्थित सदस्यों को प्रदान किया गया। अरविंद सिंह कार्मिक के द्वारा घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन1098 तथा पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100/112 आदि के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक चिकित्सा विभाग शादाब ने भी सहभागिता की । समस्त कार्यक्रम का आयोजन वर्तिका शुक्ला कार्मिक जिला प्रोबेशन कार्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अर्चना सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें समस्त छात्राओं ने बहुत ही उत्साह पूर्वक सहभागिता की और विषय संबंधित प्रश्न भी पूछे।

## प्रधान व सरपंच के चुनाव को लेकर सीटें हो आरक्षित :कौशल किशोर

**लखनऊ।** पंचायत चुनावों की आहट के बीच ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश ने केंद्रीय चुनाव आयोग, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर विधायक व सांसद की तर्ज पर प्रधान व सरपंच के होने वाले चुनाव में सीट आरक्षण की मांग की है। इस बाबत संगठन का तर्क है कि विधायक व सांसदों की तरह प्रधान मुखिया व सरपंचों के भी चुनाव होते हैं। ऐसे में सीट आरक्षण की प्रक्रिया एक समान रखी जाए। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने अपने पत्र में कहा है कि सांसदों व विधायकों का एक कार्यकाल के बाद सीटों का आरक्षण नहीं बदलता है लेकिन प्रधान के एक कार्यकाल के बाद सीट का आरक्षण बदल जाता है। जिसका सीधा असर गांव के विकास पर पड़ता है। पांडेय ने अपने पत्र में कहा है कि जैसे ही चुनाव आता है प्रधान को यह आशंका बनी रहती है कि अगली बार सीट निर्धारण की स्थिति बदल जाएगी। पांडेय ने कहा है कि आरक्षण प्रक्रिया के चलते सीट बदलने से जनता उन्हें दोबारा नहीं चुनती है। जिससे योग्य होने के बावजूद प्रधान को लेकर जनमत की उपेक्षा हो जाती है। वहीं ग्राम प्रधान, मुखिया, सरपंच की योग्यता का लाभ ग्राम वासियों को नहीं मिल पाता है। कुल मिलाकर ग्रामों के विकास की प्रक्रिया बाधित हो जाती है। उन्होंने कहा है कि गांव के समग्र विकास को लेकर विधायक व सांसद की तर्ज पर ग्राम प्रधान, मुखिया, सरपंच के निर्वाचन को लेकर सीटों के आरक्षण की स्थिति तय की जाए।

## इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पहुंचे कांग्रेस कार्यालय, मांगा समर्थन

**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी मंगलवार को चुनाव में सांसदों के समर्थन की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने उपस्थित सांसदों से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन मांगा। कांग्रेस से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के पास भी गए, जहां उन्होंने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद जस्टिस बी रेड्डी कांग्रेस सांसदों से भी मिले। उन्होंने इस दौरान सांसदों से समर्थन भी मांगा। जिस पर उपस्थित सांसदों ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा उर्फ मोना, पूर्व कांग्रेस सांसद पीएल पुनिया, राकेश राठौर, सांसद तनुज पुनिया, उज्ज्वल रमण सिंह, के एल शर्मा व इमरान मसूद मौके पर मौजूद रहे।

# अटल आवासीय विद्यालयों के लिये एकीकृत निगरानी प्रणाली पोर्टल का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया।

इस पोर्टल के जरिए प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों की गतिविधियों की रीयल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल श्रमिकों के बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अनुशासित शिक्षा दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अटल कमांड सेंटर आधारित ईआरपी प्रणाली के माध्यम से विद्यालयों के सभी क्रियाकलापों की डिजिटल निगरानी शुरू की गई है। इस प्रणाली के जरिये उपस्थिति प्रबंधन,शैक्षणिक निगरानी,स्टाफ प्रोफाइल सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके अलावा शिक्षकों और कर्मचारियों का विवरण जुड़ा होगा, जो जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करेगा। व्यय, बजट और बिलिंग की पारदर्शी जानकारी ईआरपी पर दर्ज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्याल बीओसी बोर्ड से जुड़े श्रमिकों के बच्चों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपना पसीना बहाकर दूसरों के लिए घर और स्कूल बनाता था, लेकिन उसका अपना बच्चा पढ़ नहीं पाता था। यह पीड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की थी, जिसे पूरा करने के लिए श्रम और सेवायोजन मंत्रालय ने 18 आवासीय विद्यालय शुरू किए। इन विद्यालयों में उत्तम इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक शिक्षा की व्यवस्था है, जो यूपी के किसी अन्य विद्यालय में नहीं है। योगी ने कहा कि अब उसी तर्ज पर हमने बेसिक एजुकेशन में भी इंटीग्रेटेड कैंपस की एक व्यवस्था प्रारंभ की है। पहले चरण में 57 मुख्यमंत्री अभ्युदय और कंपोजिट विद्यालयों की स्थापना का कार्य हमने प्रारंभ कर दिया है। यह डे स्कूल होंगे जहां बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्राप्त होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'श्रम न्याय सेतु पोर्टल', औद्योगिक न्यायाधिकरण वेबसाइट और ई-कोर्ट पोर्टल की भी शुरुआत की।

# तेज रफ्तार बस ने श्रद्धालुओं से भरे हाफ डाले को मारी टक्कर, 17 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। थाना रामनगर क्षेत्र में मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गोंडा में बाबा दुखहरन नाथ मंदिर से दर्शन-पूजन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा हाफ डाला, रायबरेली डिपो की तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे के किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। हादसे में 17 लोग घायल हो गए, जिनमें से 5 की हालत गंभीर है।

जानकारी के मुताबिक श्रद्धालु कजरी तीज के अवसर पर गोंडा स्थित बाबा दुखहरन नाथ मंदिर से पूजन कर हाफ डाला में सवार होकर घर लौट रहे थे। जब वाहन ग्राम नचना के निकट अंचल चंचल ढाबा के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही रायबरेली डिपो की रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हाफ डाला हाईवे के किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया।

सूचना पाकर नायब तहसीलदार सैयद



तहजीब हैदर, विजय प्रकाश तिवारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भेजा गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद 5 गंभीर घायलों – जयकरण (30) पुत्र सियाराम निवासी टांडा महमूदाबाद, सीतापुर; रामगोपाल (45) पुत्र शंकर निवासी विषणापुर, सीतापुर; रोलमती (40) पत्नी राजकुमार निवासी महमूदाबाद, सीतापुर; श्याम लाल (49) पुत्र हंगा निवासी बड्डूपुर, बाराबंकी; एवं दिनेश (48) पुत्र पुत्ती दीन निवासी किजनापुर, बाराबंकी – को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शेष एक दर्जन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने श्रद्धालुओं को बस की व्यवस्था कराकर सुरक्षित उनके घर पहुंचवाया।

# केंद्रीय कर्मचारी पेंशनर्स सेमिनार सम्पन्न, राष्ट्रीय महासचिव हुए सम्मिलित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का सम्मेलन चीफपोस्टमास्टर जनरल ऑफिस लखनऊ के प्रांगण में सैकड़ों सेवानिवृत कर्मचारी साथियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन कामरेड वीरेंद्र तिवारी द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव

कामरेड के, राघवेंद्रन, का. हरि किशोर तिवारी, का. शिवबरन सिंह यादव, का. आर पी सिंह, का. के आर यादव व का. अजय त्रिवेदी आदि ने संबोधित किया। जनवरी में फौरी तौर पर चुनावी मुद्दे की तरह घोषित 8 वें वेतन आयोग को 8 माह होने के बाद तत्काल घोषित करने और पेंशन वापसी वेलेडिटेशन नियम 2025 के कन्फ़ेशन को अभी तक उच्च स्तर की संगठन और अधिकारियों के बीच हुई वार्ताओं के क्रम में स्पष्ट पत्र जारी किये




जाने पर चर्चा पर एक मत से सभी ने हाथ उठा कर विरोध स्वरूप आंदोलनात्मक, ध्यानाकर्षण कार्यक्रम काने हेतु संकल्प लिया। महासचिव के राघवेंद्रन ने बताया कि भारत सरकार कर्मचारियों और पेंशनर्स के मुद्दे पर गंभीर नहीं है जहां आठवां वेतन आयोग का गठन नहीं कर रही है। वहीं, पेंशनर्स को भी महंगाई राहत से अलग करने की कोशिश में हैं, जिसे हम लोग किसी भी प्रकार से सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने ऑल इंडिया लेबल पर आंदोलन चलाने पर बल दिया कॉम हरीकिशोर तिवारी ने उत्तर प्रदेश में केंद्रीय कर्मचारीसंगठन व पेंशनर्स संगठनों के साथ मिलकर चरणबद्ध तरीके से विरोध करेंगेकेंद्रिय कर्मचारियों के संगठनों के साथ मिलकर पूर्व की भांति अपनी जायज मांग को पूरा कराएंगे। कॉम के आर यादव, कॉम आर पी सिंह और कॉम शिवबरन सिंह ने भी आठवीं वेतन आयोग के विधिवत गठन कराकर कर्मचारियों को लाभ दिलाने महंगाई राहत पूर्व की तरह जारी रखना तथा पेंशन के राशिकरण को पंद्रह वर्ष से कम कर ग्यारह वर्ष करने आदि पर केंद्र व राज्य एक साथ मिलकर काम करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ पेंशनर्स एसोसिएशन को और मजबूत करने पर बल दिया गया।

# संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के जरिये मजबूत राष्ट्र का निर्माण: डॉ. भागवत

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि इस संगठन की स्थापना हिन्दू समाज की बुराइयों को दूर कर उसमें गुणों का विकास करने के उद्येश्य से व्यक्ति का निर्माण करने के लिए की गयी, ताकि एक स्वस्थ और मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

डॉ भागवत ने यहां कहा कि संघ के लिए 'हिंदू' का अर्थ किसी और मतावलम्बी या पूजापद्धति का विरोध नहीं है। हिंदू कोई 'शब्दार्थ नहीं' बल्कि एक एक ऐसी विचार-सामग्री है, जिसमें वसुधैव कुटुम्बकम की भारत की संस्कृति और अनंत के साथ एकत्व का भाव निहित है। वह संघ की सौ वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले संवाद और संपर्क कार्यक्रमों के प्रारंभ में राजधानी में तीन दिन के कार्यक्रम के पहले दिन संघ की स्थापना के विषय में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, ़ हिंदू यानी क्या- जो इसमें विश्वास करता है कि अपने-अपने रास्ते पर चलो, दूसरों को बदलो मत। उन्होंने कहा कि बाहर के लोगों ने हमें हिंदू कहा, हमारे दर्शन को देख कर सब मतों को ईश्वर प्राप्ति का पंथ मामने की श्रद्धा रखने वाले को नाम दिया हिंदू। रास्तों को लेकर झगड़ा नहीं , जिनकी यह संस्कृति है, वह हिंदू है। उन्होंने कहा, ़ हमारा धर्म शास्त्र हिंदू धर्म शास्त्र नहीं, बल्कि मानव धर्म शास्त्र है।.. दूसरे की श्रद्धा का भी सम्मान करो, अपमान मत करो, ये परंपरा जिनकी है, संस्कृति जिनकी है, वो हिंदू हैं। उन्होंने रवीन्द्रनाथ ठाकुर को उद्धरित करते हुए कहा, ़-जो स्वयं शुद्ध चरित्र का हो, जिसका समाज से निरंतर संपर्क हो, जिस पर समाज विश्वास करता हो, जो समाज के लिए जीवन-मरण करने को तत्पर हो-ऐसा नायक चाहिए, जिसके जीवन से एक वातावरण बनता है। ऐसे नायकों का निर्माण होना चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा कि नेता, नीति, पार्टी यह सब तो सहायक होते हैं, मूल कार्य तो समाज का परिवर्तन है। (राष्ट्र उन्नति के लिये) कुछ गुण हैं जिन्हें विकसित करना होता है। उन्होंने कहा कि संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना से पहले कांग्रेस और अन्य विचारधारा के नेताओं के साथ काम करते हुए उनकी बातों में यह पाया था कि ' सभी यह सोचते हैं कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर गुणात्मक उन्नति के बाद ही समस्याओं का स्थायी समाधान हो सकता है। कुछ दोषों को निकालना जाना चाहिए और कुछ गुण है, जो पैदा होना चाहिए, पर कांग्रेस के सभी नेताओं का यह भी मानना था कि उन्होंने जो काम (राजनीतिक) लिया है वे उसे छोड़ नहीं सकते थे। डॉ भागवत ने कहा, ़ हम हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं, तो प्रश्न खड़ा होता है।... जब हम हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं, तो उसमें किसी के प्रति दुराव नहीं है।.. हमारे देश में हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध आपस में संघर्ष करते हुए भी साथ रहने का अपना समाधान निकाल लेंगे और वह समाधान गैर हिंदू नहीं बल्कि हिंदू होगा। उन्होंने कहा कि डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के संघ का बीजारोपण 1925 से पहले हो चुका था। उद्येश्य था संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करना है। हिंदू समाज को जिम्मेदार समाज होना है। ...हम मनुष्यों में अंतर नहीं करते थे। हमारा विचार तो ऐसा था कि मानवता और पूरी सृष्टि परमात्मा के नाम से जुड़ी है। डॉ भागवत ने कहा, ़ अपना देश है, उसकी जय जयकार होनी चाहिए, उस देश को विश्व में अग्रगण्य स्थान मिलना चाहिए।संघ के बारे में बहुत सी चर्चायें चलती आयी हैं। चर्चायें हैं, संघ के बारे में जानकारी नहीं है, जो जानकारी है, वो प्रमाणिक नहीं है। इसलिए संघ की सही जानकारी देना जो भी संघ के बारे में जानकारी हो वो परसेप्शन के आधार पर नहीं, फैक्ट (तथ्य) के आधार पर हो। निष्कर्ष निकालना सुनने वाले का अपना अधिकार है, किसी को कनवेंस नहीं करना है बस बताना है। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक संगठन का इतने समय तक इतना बड़ा विरोध किसी संगठन का नहीं हुआ, जितना विरोध संघ का हुआ, संगठन के लोगों की हत्यायें तक की गयी। गुरु जी के घर पर 1948 में हमला हुआ तो उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा, ़ मेरे आंगने में मेरा लहू बहेगा, समाज का नहीं , समाज हमारा है। उन्होंने कहा कि संघ को अपनी स्थापना के बाद लंबे समय तक उपेक्षा और भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पर 30-40 साल पहले कुछ लोग संघ के धुर विरोधी थे, उनमें से बहुत से लोग संघ के साथ हो गये हैं।

# आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025: इंदौर के होल्कर स्टेडियम पहुंची आईसीसी ट्रॉफी

**भारत और श्रीलंका के चुनिंदा शहरों से होते हुए आगे बढ़ेगा टूर**

एजेंसी



इंदौर। डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 ट्रॉफी टूर ने इंदौर में एक पड़ाव डाला, जिससे आगामी वैश्विक आयोजन के जश्न में पूरे शहर में उत्साह का माहौल बन गया।

अपनी समृद्ध विरासत और खेल के प्रति जुनून के लिए प्रसिद्ध, इंदौर ने इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। ट्रॉफी ने शहर के कुछ सबसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों का दौरा किया, जिनमें राजवाड़ा पैलेस, गांधी हॉल, केंद्रीय संग्रहालय, सिरपुर झील और पितृ पर्वत शामिल हैं।

इस पांच दिवसीय टूर का एक प्रमुख आकर्षण इंदौर के विभिन्न स्कूलों का दौरा था, जिनमें द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, निरंजना गर्ल्स स्कूल, एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल, श्री सत्य साईं विद्या विहार, भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल और सन्मति हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। छात्रों ने ट्रॉफी का गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया, क्रिकेट-थीम वाले खेलों और क्विज में भाग लिया और आईसीसी के विशेष सामान और उपहार जीते - जिससे विश्व कप का उत्साह कक्षा में भी व्याप्त हो गया। इस उत्साह को और बढ़ाते हुए, भारत की अंडर-19 क्रिकेटर आयुषी शुक्ला डीपी वर्ल्ड के साथ भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल में ट्रॉफी टूर में शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की और छात्रों से बातचीत की - जिससे अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों, खासकर युवा लड़कियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। अंतिम दिन, ट्रॉफी आगामी टूर्नामेंट के आधिकारिक स्थलों में से एक, होलकर स्टेडियम पहुंची। स्टेडियम में मीडिया के साथ एक आकर्षक बातचीत हुई, जिसमें उपस्थित लोगों को तस्वीरें खिंचवाने का अवसर भी मिला। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें मानद सचिव संजीव राव, उपाध्यक्ष रमणीक सलूजा, सीएओ रोहित पंडित, मानद संयुक्त सचिव सुश्री सिद्धायनी पाटनी और मानद कोषाध्यक्ष पवन जैन शामिल थे, ने पूर्व क्रिकेटर संध्या अग्रवाल और चित्रा बाजपेयी के साथ मीडिया को संबोधित किया और इंदौर की क्रिकेट संस्कृति पर प्रकाश डाला।

प्रतिष्ठित स्थानों पर कई कार्यक्रमों और मीडिया रोड शो के माध्यम से, इस टूर का उद्देश्य हजारों प्रशंसकों को इस बहुप्रतीक्षित वैश्विक प्रतियोगिता से पहले इस बहुमूल्य सिल्वर मेडल से जुड़ने का अवसर प्रदान करना है। यह टूर भारत और श्रीलंका के चुनिंदा शहरों से होते हुए आगे बढ़ेगा, और इसका अगला पड़ाव मुंबई होगा।

# यूएस ओपन में पहले दौर की हार के बाद दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने टेनिस को कहा अलविदा

एजेंसी



न्यूयॉर्क। दो बार की विंबलडन विजेता और पूर्व विश्व नंबर-2 चेक गणराज्य की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने यूएस ओपन 2025 के पहले दौर में हार के बाद पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया। सोमवार को फ्लशिंग मीडोज़ में खेले गए पहले राउंड में क्वितोवा को फ्रांस की डायेन पेरी के हाथों 6-1, 6-0 की हार झेलनी पड़ी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में 35 वर्षीय बाएं हाथ की खिलाड़ी ने भावुक होते हुए अपने करियर को अलविदा कहा। मैच के बाद कोर्ट पर क्वितोवा की आंखों से आंसू छलक पड़े और उन्होंने अपने पति व कोच जीरी वानेक को गले लगाया। दोनों पिछले साल जुलाई में बेटे पेत्र के माता-पिता बने थे, जिसके बाद क्वितोवा 17 महीने के अंतराल के बाद इस साल कोर्ट पर लौटी थीं। क्वितोवा ने इस साल की शुरुआत में ही घोषणा कर दी थी कि वह यूएस ओपन के बाद टेनिस से संन्यास लेंगी। अपने शानदार करियर में क्वितोवा ने 2011 और 2014 में विंबलडन खिताब जीता। 2019 में वह ऑस्ट्रेलियन ओपन की उपविजेता रहीं और विश्व रैंकिंग में नंबर-2 तक पहुंचीं। दिसंबर 2016 में क्वितोवा के करियर पर संकट तब आया जब एक हमलावर ने उनके घर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया था। उनकी बायीं हाथ की कलाई और उंगलियों की सर्जरी करनी पड़ी थी। इसके बावजूद वह महज छह महीने बाद फ्रेंच ओपन में कोर्ट पर लौटीं और अपने पहले ही मैच में जीत हासिल की। अपने करियर को याद करते हुए क्वितोवा ने कहा कि मैं कई बातों पर गर्व महसूस करती हूं। खासकर मानसिक मजबूती पर। चोटों और बीमारियों के बावजूद हमेशा टॉप-10 में बने रहना मेरे लिए खास उपलब्धि है।

# संक्षिप्त समाचार

## बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप : पहले ही दौर में हारे लक्ष्य सेन, विश्व नंबर-1 शी यू ची से मिली हार

**पेरिस।** भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का अभियान निराशाजनक ढंग से समाप्त हो गया। पुरुष एकल के पहले ही दौर में उन्हें विश्व नंबर-1 और शीर्ष वरीय चीन के शी यू ची के हाथों सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। 24 वर्षीय लक्ष्य, जो 2021 में कांस्य पदक जीत चुके हैं, ने सोमवार को कड़ा मुकाबला किया लेकिन अंततः 17-21, 19-21 से 54 मिनट में पराजित हुए। मैच के दौरान उन्होंने कई लंबी रैलियों में दमदार खेल दिखाया, लेकिन अहम मौकों पर शी की मजबूत डिफेंस और तेज स्मैश को भेदने में असफल रहे। लक्ष्य सेन इस टूर्नामेंट में ओलंपिक 2024 की चौथे स्थान वाली निराशा को पीछे छोड़ने के इरादे से उतरे थे, लेकिन शुरुआती दौर में ही फॉर्म में चल रहे शी यू ची से भिड़ना उनके लिए मुश्किल साबित हुआ। चीनी खिलाड़ी जनवरी 2024 से अब तक खेले गए नौ फाइनल में अपराजित रहे हैं और अपने शानदार खेल से उन्होंने इस मुकाबले पर भी दबदबा बनाए रखा। इस जीत के साथ शी ने लक्ष्य पर अपना आमने-सामने का रिकॉर्ड 4-1 कर लिया। पहले गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार रैलियों से दर्शकों को बांधे रखा। एक 47 शॉट की लंबी रैली लक्ष्य की गलती पर खत्म हुई और शी ने बढ़त बना ली। हालांकि लक्ष्य ने बीच में वापसी करते हुए 11-11 की बराबरी की, लेकिन उसके बाद चीनी खिलाड़ी ने लगातार आक्रामक स्मैश से बढ़त हासिल कर पहला गेम 21-17 से जीत लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य ने अच्छी शुरुआत की और 5-5 तक मुकाबला बराबरी पर रहा। लेकिन शी ने अपनी गति और विविध शॉट्स से बढ़त बनानी शुरू कर दी। उनकी 414 किमी/घंटा की रफ्तार वाली स्मैश ने मुकाबले का रुख तय कर दिया। हालांकि लक्ष्य ने स्कोर 16-17 तक पहुंचाकर जोरदार वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक क्षणों में लगातार दो अनफोर्स्ड एरर ने उन्हें हार की ओर धकेल दिया। अंततः शी ने दूसरा गेम 21-19 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत की पांडा बहनें — रुतुपर्णा और स्वेतापर्णा — भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें बुल्गारिया की स्टोएवा बहनों — गैब्रिएला और स्टेफानी — ने 21-12, 21-11 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

## नेमार ब्राजील विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

**रियो डी जेनेरियो।** नेमार को चिली और बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह लगातार चोटों से जूझ रहे हैं। 33 वर्षीय सैंटोस फॉरवर्ड ने अक्टूबर 2023 के बाद से ब्राजील के लिए कोई मैच नहीं खेला है, जब उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान उनके बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (अग्रस्थ क्रूसिएट लिगामेंट) फट गया था। मांसपेशियों की बार-बार की समस्याओं के कारण उनकी रिकवरी में बाधा आ रही है और पिछले गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान उनकी जांघ में फिर से खिंचाव आ गया। ब्राज़ील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''नेमार (टीम में) नहीं हैं क्योंकि पिछले हफ्ते उन्हें कोई समस्या हुई थी। लेकिन हमें नेमार को परखने की ज़रूरत नहीं है। तकनीकी समिति से लेकर प्रशंसकों तक, हर कोई उन्हें जानता है। बाकी सभी की तरह, नेमार को भी राष्ट्रीय टीम की मदद करने और विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अच्छी शारीरिक स्थिति में रहना होगा।'' अगले साल होने वाले फ़ुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका ब्राजील, 4 सितंबर को रियो डी जेनेरियो में चिली से और पांच दिन बाद एल ऑल्टो में बोलीविया से भिड़ेगा।

## सिनक्यूफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा को संयुक्त बढत, गुकेश हारे

**सेंट लुइस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढत बना ली। लगातार ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा की यह दूसरी जीत है। वह अमेरिका के फ़ेबियानो कारूआना के साथ 4 . 5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश को अमेरिका के वेसली सो के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। लेवोन आरोनियन और वेसली चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव, पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ और अमेरिका के सैमुअल सेवियान संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश और अलीरजा तीन तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव डेढ अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं। पिछले दो दौर में सारे मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद सातवें दौर में पांच में से तीन मुकाबलों के नतीजे निकले। अलीरजा और गुकेश के अलावा नोदिरबेक को भी पराजय झेलनी पड़ी जिन्हें डुडा ने हराया।

## एप्पल चार सितंबर को पुणे में खोलेगी अपना चौथा भारतीय स्टोर

**नयी दिल्ली।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह चार सितंबर को पुणे में एक नया स्टोर खोलेगी। कंपनी ने कहा कि यह कदम देश में एप्पल के लिए एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जो पुणे में ग्राहकों को एप्पल उत्पादों को जानने और खरीदने का अवसर देगा। साथ ही वे एप्पल की सेवाओं का व्यक्तिगत रूप से अनुभव कर पाएंगे। कंपनी ने बयान में कहा, '' एप्पल ने आज घोषणा की है कि वह चार सितंबर को पुणे में अपना पहला स्टोर 'एप्पल कोरेगांव पार्क' खोलेगी।

## गन्ने के लिए बेहतरीन संभावनाएं, निर्यात कोटा पर चीनी उद्योग से सहमति बनाने का आग्रह: खाद्य सचिव

**नयी दिल्ली।** खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को कहा कि गन्ने की फसल के लिए बेहतरीन संभावनाएं हैं। उन्होंने साथ ही केवल अपने संयंत्रों से निर्यात करने की इच्छुक मिलों को निर्यात कोटा आवंटित करने पर उद्योग संगठनों से आम सहमति बनाने की अपील की। चोपड़ा ने बताया, ''हमने उद्योग जगत के विचार मांगे हैं। उन्हें आपस में आम सहमति बनानी चाहिए और फिर हमारे पास आना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैं यह नहीं कह सकता कि कोई आम सहमति नहीं है, लेकिन हमें उनसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। एक बार आम सहमति बन जाए, तो हम सभी बिंदुओं की जांच कर सकते हैं और फिर एक व्यापक नजरिया अपना सकते हैं। चीनी निर्यात इस समय अंकुश की श्रेणी में है, और सरकार मिलों के बीच आनुपातिक रूप से वितरित कोटा के आधार पर मात्रा को नियंत्रित करती है। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने हाल ही में कहा था कि मौजूदा कोटा प्रणाली के चलते बड़ी मात्रा में चीनी निर्यात नहीं हो पाता है। इसके तहत पिछले उत्पादन के आधार पर सभी मिलों को निर्यात के लिए सीमित आवंटन दिया जाता है, जबकि दूरस्थ या निर्यात नहीं करने वाली मिलों को अपना कोटा दूसरों को बेचने की अनुमति देती है।

# पुरुष एशिया कप हॉकी: दर्शकों को मिलेगी फ्री एंट्री, टिकट होंगे मुफ्त

**29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर हॉकी स्टेडियम में होगा एशिया कप का आयोजन**

एजेंसी




नई दिल्ली, 26 अगस्त (हि.स.)। हॉकी प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि हीरो पुरुष एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 के सभी मैचों में दर्शकों का प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा। 29 अगस्त से 7 सितंबर तक नव-निर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में होने वाला यह टूर्नामेंट बिहार की धरती पर हॉकी का ऐतिहासिक उत्सव बनने जा रहा है। प्रशंसक अपनी मुफ्त टिकट पाने के लिए www.ticketgenie.in या हॉकी इंडिया ऐप पर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद उन्हें वर्चुअल टिकट प्राप्त होगा, जिससे स्टेडियम में प्रवेश सहज और बिना किसी परेशानी के हो सकेगा। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, राजगीर में हीरो पुरुष एशिया कप की मेजबानी भारतीय हॉकी के लिए ऐतिहासिक क्षण है। हम चाहते हैं कि हर प्रशंसक इस यात्रा का हिस्सा बने। प्रवेश निशुल्क रखने का उद्देश्य खेल को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है ताकि परिवार, छात्र और युवा खिलाड़ी विश्वस्तरीय हॉकी का आनंद ले सकें। यह सिर्फ टूर्नामेंट नहीं, बल्कि खेल का उत्सव है और बिहार के लोग इसके केंद्र में हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा,ह्हम बेहद उत्साहित हैं कि सभी मैचों के लिए दर्शकों को निशुल्क प्रवेश मिलेगा। राजगीर ने हॉकी के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाया है और हमें विश्वास है कि दर्शक बड़ी संख्या में स्टेडियम आएंगे। यह पहल पूरे भारत में हॉकी संस्कृति को मजबूत बनाने की दिशा में हमारा संकल्प है। इस टूर्नामेंट में एशिया की शीर्ष आठ टीमें भाग लेंगी – भारत, जापान, चीन, कजाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे। यह टूर्नामेंट एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफायर भी है, जिससे हर मुकाबला और ज्यादा रोमांचक होगा। भारतीय टीम पूल-ए में जापान, चीन और कजाकिस्तान के साथ रखी गई है। भारत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा, 31 अगस्त को जापान से भिड़ेगा और 1 सितंबर को कजाकिस्तान से अपना अंतिम पूल मैच खेलेगा।

## भारत को महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम में स्वर्ण

शिमकेंट (कजाखस्तान)। ओलंपियन सिफत कौर सामरा , अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सामरा और आशी क्वालीफिकेशन में क्रमशः दूसरे और पांचवें स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में भी पहुंचे। भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिये खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही।

# विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले मुक्केबाजी टीम विदेश में प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

एजेंसी




नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले एक उच्च-तीव्रता वाले संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफ़ील्ड, यूनाइटेड किंगडम भेजा है। यह कदम भारतीय मुक्केबाजों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने और टूर्नामेंट से पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए सर्वोत्तम संभव तैयारी सुनिश्चित करने के बीएफआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। वर्तमान में शेफ़ील्ड में मौजूद टीम में 9 पुरुष और 8 महिला मुक्केबाज हैं, जिन्हें 8 कोच और 2 स्टाफ सदस्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं। 28 अगस्त तक उनके साथ 1 पुरुष और 2 महिला मुक्केबाज, 1 सहायक स्टाफ भी शामिल हो जाएगा। भारतीय टीम यूके के प्रमुख उच्च-प्रदर्शन खेल केंद्रों में से एक, इंग्लिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट शेफ़ील्ड में चल रहे अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा है। यह शिविर मुक्केबाजों को शीर्ष अंतरराष्ट्रीय एथलीटों के साथ गुणवत्तापूर्ण अभ्यास और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है। इसके बाद टीम चैंपियनशिप से पहले की तैयारियों के अंतिम चरण के लिए 2 सितंबर को लिवरपूल रवाना होगी। पुरुष टीम का मार्गदर्शन कोच धर्मेंद्र यादव, तोरक खरप्राण, जय सिंह पाटिल और अभिषेक साह कर रहे हैं, जबकि महिला टीम चंद्रलाल, मोहम्मद ऐतसामुद्दीन, गीता चानू और राडिया देवी की देखरेख में है। टीम को काफी पहले भेजकर और उन्हें यूके में चल रहे इस शिविर का हिस्सा बनाकर, बीएफआई भारतीय मुक्केबाजों के लिए वैश्विक मंच पर तैयारी, अनुकूलन और प्रदर्शन के लिए सही माहौल तैयार कर रहा है।

# आगामी एशिया कप के लिए नवोदित ओमान ने टीम की घोषणा की

एजेंसी

मस्कट। ओमान अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करने वाली नवीनतम टीम बन गई है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज जतिंदर सिंह आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में ओमान की कप्तानी करेंगे। टीम को ग्रुप ए में पाकिस्तान, मेजबान यूएई और भारत के साथ रखा गया है। 17 सदस्यीय टीम में पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों से अलग खिलाड़ी शामिल हैं। कुल चार नए चेहरे - सुफियान यूसुफ, ज़िक्रिया इस्लाम, फैसल शाह और नदीम खान - अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के लिए तैयार हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह ओमान का एशिया कप में पहला प्रदर्शन होगा और मुख्य कोच दलीप मेंडिस यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि टीम क्या हासिल कर पाती है। मेंडिस ने कहा, ''यह सच है कि हम एशिया कप में हिस्सा ले रहे हैं - यह एक बड़ा टूर्नामेंट है और हमारे खिलाड़ियों के लिए वैश्विक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर है। भारत और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ खेलना किसी भी क्रिकेटर के लिए एक यादगार पल होता है। एक तेज-तर्रार टी20 मैच में कुछ भी हो सकता है, जहां एक शानदार ओवर सब कुछ बदल सकता है। मेंडिस ने कहा,''ओमान एशिया कप में अनुभव और युवाओं के मिश्रण के साथ उतर रहा है, जो एशिया की क्रिकेट की महाशक्तियों के खिलाफ अपनी छाप छोड़ने के लिए दृढ़ है। यह टूर्नामेंट न केवल उनके कौशल का, बल्कि खेल के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले मंचों में से एक पर उनकी मानसिक दृढ़ता का भी परीक्षण करेगा। ओमान टीमः जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्ज़ा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

# जीएसटी में प्रस्तावित सुधारों से वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा: आईटीसी प्रमुख पुरी

एजेंसी

कोलकाता। आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे में सुधार के आह्वान की सराहना करते हुए मंगलवार को कहा कि इस कदम से उपभोग, निवेश, वृद्धि और रोजगार का एक अच्छा चक्र शुरू होगा। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न सहित आवश्यक वस्तुओं की सामर्थ्य एवं सुलभता पर सरकार का ध्यान मध्यम वर्ग, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और किसानों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करेगा। पुरी ने बयान में कहा, '' दैनिक उपभोग की सभी वस्तुओं की सामर्थ्य एवं सुलभता बढ़ाकर जीवन को आसान बनाने के सरकार के संकल्प से मध्यम वर्ग, एमएसएमई और किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शी, सरलीकृत एवं विकासोन्मुख कर संरचना से न केवल उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा, बल्कि कारोबार सुगमता एवं लागत दक्षता को भी बढ़ावा मिलेगा। पुरी ने कहा, '' प्रस्तावित उपाय अर्थव्यवस्था को संगठित बनाने, अधिक कर-अनुपालन वाले समाज का निर्माण करने एवं आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि ये सुधार युवाओं को बेहतर अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता करेंगे। केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह के समक्ष ''योग्यता'' और ''मानक'' वस्तुओं व सेवाओं के लिए पांच और 18 प्रतिशत की द्वि-स्तरीय कर संरचना के साथ ही पांच से सात वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की दर का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव में मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत कर 'स्लैब' को समाप्त करना शामिल है। बाजार को उम्मीद है कि इससे अमेरिकी उच्च शुल्क से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में मदद मिलेगी।

# सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख सोना और चांदी की घटी चमक

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट का रुख बना हुआ है। कीमत में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,800 रुपये से लेकर 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 93,600 रुपये से लेकर 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है।

# एससीओ घोषणापत्र में आतंकवाद की निंदा पर सहमति बनाने की कोशिशों में जुटा है भारत: विदेश मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह के अंत में तियांजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की 25 वीं बैठक में भाग लेने के लिए चीन जा रहे हैं जहां आतंकवाद के मुद्दे पर विशेष रूप से चर्चा होनी है और इसके साथ ही भारत संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद की कड़ी निंदा किये जाने के लिए सदस्य देशों के साथ सहमति बनाने की कोशिशों में जुटा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एससीओ बैठक से इतर विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें किये जाने की भी संभावना है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को एक विशेष ब्रीफिंग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 29 अगस्त से 1 सितम्बर तक की जापान और चीन यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री मोदी 29 से 30 अगस्त तक जापान यात्रा पर रहेंगे जहां वह जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वह 31 अगस्त से एक सितम्बर तक चीन की यात्रा पर रहेंगे और तियांजिन में एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की 25 वीं बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एस सी ओ बैठक से इतर



विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन बैठकों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और अभी से इनके बारे में कुछ भी कहा जाना जल्दबाजी होगी।

एससीओ की बैठक के बाद संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद पर चर्चा के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने कहा कि 25वें एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए घोषणापत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सदस्य देशों और साझीदारों के साथ मिलकर इस दिशा में काम कर रहा है कि इसमें सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की जाये। उन्होंने कहा कि अभी घोषणा पत्र तैयार नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी तीन बुराइयों का मुकाबला करने के प्राथमिक लक्ष्य के साथ की गई थी । उन्होंने कहा कि ये तीनों समस्या आज भी चुनौती बनी हुई हैं। श्री लाल ने कहा कि एससीओ की बैठकों में पहले भी आतंकवाद की कड़ी निंदा की गयी है। विशेष रूप से वर्ष 2023 में जब एससीओ की बैठक भारत की अध्यक्षता में यहां हुई तो संयुक्त वक्तव्य में आतंकवाद की कड़ी निंदा की गयी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 'सुरक्षित एससीओ' के थीम पर जोर दिया गया था जिसका तात्पर्य सदस्य देशों के बीच सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और व्यापार, संपर्क, एकता, संप्रभुता के लिए सम्मान और प्रादेशिक अखंडता तथा पर्यावरण से था। बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में अलगाववाद, उग्रवाद और आतंकवाद से मिलकर निपटने की बात कही गयी थी। उल्लेखनीय है कि गत जून में एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था क्योंकि इसमें 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले और सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं का उल्लेख नहीं था, बल्कि बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों को शामिल किया गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बाद में कहा था कि भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के बाद संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद का उल्लेख चाहता था, लेकिन यह 'एक सदस्य देश' को स्वीकार्य नहीं था।

# भारत पांच साल में 100 गीगावाट पवन ऊर्ज़ा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध: जोशी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय नवीन एवं नवीनीकृत ऊर्ज़ा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत साल अगले पांच साल में 100 गीगावाट पवन ऊर्ज़ा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वैश्विक पवन ऊर्ज़ा परिषद (जीडब्ल्यूईसी) की रिपोर्ट ''विंड एट द कोरः ड्राइविंग इंडियाज ग्रीन एम्बिशन्स एंड इंटरनेशनल इन्फ्लुएंस'' के अनावरण के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में एक वीडियो संदेश में श्री जोशी ने कहा, ''भारत दुनिया के सबसे महत्वाकांक्षी ऊर्ज़ा परिवर्तनों में से एक को क्रियानवित कर रहा है। हम 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें 100 गीगावाट पवन ऊर्ज़ा क्षमता शामिल है। नवीकरणीय ऊर्ज़ा मिश्रण में पवन ऊर्ज़ा के लगभग एक-चौथाई योगदान की उम्मीद के साथ, भारत न केवल स्वच्छ ऊर्ज़ा के जुड़े बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है, बल्कि हम भविष्य का निर्माण भी कर रहे हैं।''

रिपोर्ट का अनावरण नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्रालय के सचिव संतोष कुमार सारंगी ने किया। इसमें बताया गया है कि साल 2030 तक भारत की पवन ऊर्ज़ा क्षमता 51 गीगावाट से दोगुनी होकर 107 गीगावाट पर पहुंच सकती है। हालांकि एनआरईएल, आईईए, डब्ल्यूआरआई और लॉरेंस बर्कले जैसे संगठनों की रिपोर्टें 2030 तक 121-164 गीगावाट पवन ऊर्ज़ा की सिफारिश करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रिड संबंधी चिंताओं का समाधान, आरपीओ अनुपालन को मजबूत करना, और बोली प्रक्रियाओं को राज्य की जरूरतों के अनुरूप बनाना ऊर्ज़ा संयंत्रों को पूरी क्षमता तक पहुंचा सकता है। जीडब्ल्यूईसी और इंडियन विंड टर्बाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईडब्ल्यूटीएमए) के अध्यक्ष गिरीश तांती ने कहा कि वैश्विक ऊर्ज़ा परिदृश्य एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसमें पवन ऊर्ज़ा न्यूनतम लागत वाली ऊर्ज़ा परिवर्तनों को गति देने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। साल 2030 तक नवीकरणीय ऊर्ज़ा से वैश्विक बिजली की लगभग आधी आपूर्ति होने की उम्मीद है, जिसमें पवन ऊर्ज़ा का योगदान लगभग 20-25 प्रतिशत होगा। भारत भी इसी राह पर चलने के लिए तैयार है और अपनी पवन क्षमता को दोगुना करके 100 गीगावाट और 2050 तक 452 गीगावाट तक बढ़ाएगा। जीडब्ल्यूईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बेन बैकवेल ने कहा, ''भारत की पवन ऊर्ज़ा क्षमता को 2030 तक 100 गीगावाट से अधिक तक बढ़ाने से आर्थिक विकास, विनिर्माण विस्तार और व्यापक ऊर्ज़ा पहुंच संभव हो सकती है। रिपोर्ट दर्शाती है कि इस क्षेत्र में 1,54,000 नौकरियां मिलने की संभावना है। भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पवन उपकरण निर्माण केंद्र है और 2030 तक वैश्विक मांग के 10 प्रतिशत की आपूर्ति कर सकता है।

# जीएसटी की दरों के बारे में अटकलबाजी से बाजार अस्थिर हो सकता है: सीबीआईसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यश कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने लोगों से माल और सेवा कर (जीएसटी) की प्रत्याशित नयी दरों के बारे में जीएसटी परिषद की घोषणाओं से पहले अटकालबाजियां करने से बचने का अनुरोध किया है।

सीबीआईसी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा , ङ्कसमय से पहले अटकलें लगाने से निराधार अफवाहें फैलती हैं और बाज़ार में अस्थिरता पैदा हो सकती है। बयान में कहा कि जीएसटी की दरों के बारे में निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा सामूहिक रूप से लिए जाते हैं, जिसमें केंद्र और राज्य शामिल होते हैं। जीएसटी की बैठक अगले माह के प्रारंभ में होने वाली है। सीबीआईसी ने कहा है, ङ्कसभी हितधारकों को सलाह दी जाती है कि वे तीन और चार सितंबर को होने वाली जीएसटी




परिषद की बैठक के बाद की जाने वाली आधिकारिक घोषणाओं की प्रतीक्षा करें। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बार स्वाधीनता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में दीवाली तक जनता को जीएसटी में सुधार का तोहफा देने की घोषणा की है। तब से जीएसटी की दरों को लेकर अटकलबाजियां बढ़ गयी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जीएसटी में अब चार की जगह दो दरें - पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत रखी जाएंगी, 12 प्रतिशत की दर को समाप्त कर दिया जाएगा तथा 28 प्रतिशत की उच्चतम दर की जगह 40 प्रतिशत की एक दर रखी जाएगी जो शराब जैसी अहितकर वस्तुओं पर लागू होगी।

# भारत में मोबाइल फोन उत्पादन में 2,700% की वृद्धि हुई है: मोदी

एजेंसी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि 2014 की तुलना में मोबाइल फोन उत्पादन में 2,700 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

श्री मोदी ने अहमदाबाद जिले के हांसलपुर में सुजुकी की ई-विटारा इलेक्ट्रिक कार के अनावरण अवसर पर कहा कि अकेले इसी दशक में, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में लगभग 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और पिछले एक दशक में रक्षा उत्पादन में भी 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां एक ओर दुनिया आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों का सामना कर रही है, वहीं पिछले एक दशक में भारत के नीतिगत निर्णय अत्यंत प्रभावी साबित हुए हैं। राष्ट्र की सेवा का अवसर मिलने के बाद 2014 में इस परिवर्तन की तैयारी शुरू होने का स्मरण करते हुए, उन्होंने मेक इन इंडिया अभियान की शुरुआत और वैश्विक तथा घरेलू, दोनों ही निर्माताओं के लिए अनुकूल वातावरण के निर्माण पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत अपने विनिर्माण क्षेत्र को कुशल और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए काम कर रहा है। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए देश भर में औद्योगिक गलियारे विकसित किये जा रहे हैं और प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना तथा लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित किये जा रहे हैं तथा कई क्षेत्रों के निर्माताओं को विनिर्माण-संबद्ध प्रोत्साहन योजना के तहत लाभ दिये जा रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि निवेशकों के सामने लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान बड़े सुधारों के माध्यम से किया गया है, इन सुधारों ने निवेशकों के लिए भारतीय विनिर्माण में निवेश करना आसान बना दिया है। उन्होंने इन प्रयासों के ठोस परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अकेले इसी दशक में, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में लगभग 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 की तुलना में मोबाइल फोन उत्पादन में 2,700 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में रक्षा उत्पादन में भी 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यह सफलता भारत के सभी राज्यों को प्रेरित कर रही है और इसने सुधारों और निवेश के लिए राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है, जिसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है। उन्होंने राज्यों से वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए व्यापार सुगमता बढ़ाने वाली विकासात्मक नीतियों और सुधारों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, भारत यहीं नहीं रुकेगा, हमारा लक्ष्य उन क्षेत्रों में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करना है, जहां भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है।ङ्क सरकार इस प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मिशन मैन्युफैक्चरिंग को प्राथमिकता दे रही है। भारत का ध्यान अब भविष्य के उद्योगों पर केंद्रित होगा। देश भर में छह संयंत्रों की स्थापना के साथ सेमीकंडक्टर क्षेत्र की प्रगति के बारे में उन्होंने भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण को और बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार दुर्लभ खनिजों की कमी के कारण ऑटो उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति भी सचेत है। इस क्षेत्र में राष्ट्रीय क्षमताओं को मज़बूत करने के लिए, उन्होंने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की शुरुआत का ज़िक्र किया। इस मिशन के तहत, महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान के लिए भारत के विभिन्न स्थानों पर 1,200 से ज़्यादा अन्वेषण अभियान चलाये जायेंगे।

प्रधानमंत्री ने अगले हफ़्ते जापान की होने वाली अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि भारत और जापान के बीच संबंध राजद्वारी संबंधों से कहीं आगे तक फैले हैं। ये सांस्कृतिक और आपसी विश्वास पर आधारित हैं। दोनों देश एक-दूसरे के विकास में अपनी प्रगति देखते हैं। मारुति सुज़ुकी से शुरू हुआ सफ़र अब बुलेट ट्रेन की रफ़्तार तक पहुंच गया है, इस बात का ज़िक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि भारत-जापान साझेदारी की औद्योगिक क्षमता को साकार करने की मुख्य पहल गुजरात में शुरू हुई थी। अतीत को याद करते हुए, उन्होंने कहा कि 20 साल पहले जब वाइब्रेंट गुजरात समिट की शुरुआत हुई थी, तब जापान एक प्रमुख साझेदार था। उन्होंने गुजरात के लोगों द्वारा अपने जापानी समकक्षों के प्रति दिखाये गये स्नेह की सराहना की। उन्होंने बताया कि उद्योग से जुड़े नियम और क़ानून आसानी से समझ में आने के लिए जापानी भाषा में छपवाये गये थे और जापानी मेहमानों की सुविधा के लिए जापानी भोजन की व्यवस्था की गयी थी। उन्होंने जापानियों के गोल्फ प्रेम की सराहना की और कहा कि उनके हितों को ध्यान में रखते हुए 7-8 नए गोल्फ कोर्स विकसित किये गये हैं और भारत के कॉलेज और विश्वविद्यालय अब जापानी भाषा शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। श्री मोदी ने कहा, ''भारत के निरंतर प्रयास भारत और जापान के बीच लोगों के बीच संपर्क को मज़बूत कर रहे हैं। दोनों देश अब कौशल विकास और मानव संसाधन के क्षेत्र में एक-दूसरे की ज़रूरतों को पूरा करने में सक्षम हैं।

# पेज एक का शेष

## मोदी ने ट्रम्प...

जिनपिंग से मिला था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तब गुजरात आए थे और मोदी से दोस्ती का वादा किया था, लेकिन उसी समय चीन की सेना हिमालय में भारतीय इलाके में घुस आई थी। इसके बाद भी मोदी ने जिनपिंग से अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश की, लेकिन हालात तब और बिगड़ गए जब चीनी सैनिकों से भारतीय जवानों की झड़प हो गई। उस घटना के बाद से कहा जाता है कि मोदी के मन में गहरी कड़वाहट बैठ गई। अब ट्रम्प का रवैया भी कुछ ऐसा ही हो गया है। फरवरी में वे मोदी को व्हाइट हाउस बुलाकर उनकी तारीफ कर रहे थे और उन्हें एक फोटो एल्बम भेंट कर रहे थे। दोनों देशों के रिश्ते काफी बेहतर चल रहे थे। यहां तक कि दिल्ली के पास ही ट्रम्प के नाम से लग्जरी टावर बने, जिनके 300 फ्लैट (कीमत 108 करोड़ रुपए तक) एक ही दिन में बिक गए, लेकिन हाल की घटनाओं ने माहौल बदल दिया। ट्रम्प ने भारत को 'डेड इकोनॉमी' कहकर अपमानित किया। इससे दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। अखबार में बताया गया है कि मोदी, वियतनाम लीडर और ट्रम्प के बीच हुए विवाद को लेकर भी सतर्क थे। दरअसल, ट्रम्प ने वियतनाम के सुप्रीम लीडर तो लम से टैरिफ मामले को लेकर फोन पर बात की थी। इस बातचीत में कोई पक्का समझौता नहीं हुआ था। लेकिन ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर ऐलान कर दिया कि उन्होंने वियतनाम के साथ व्यापार समझौता कर लिया है, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं हुआ था। अखबार लिखता है कि मोदी नहीं चाहते कि भारत भी ऐसे किसी 'स्टंट' का हिस्सा बने, इसलिए उन्होंने ट्रम्प से बातचीत को लेकर साफ मना कर दिया। इसीलिए मोदी ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की प्रस्तावित दिल्ली यात्रा रद्द कर दी और संदेश दिया कि भारत ट्रम्प की इस कॉन्ट्रोवर्सी का हिस्सा नहीं बनेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के 50% टैरिफ से भारत के इम्पोर्ट पर असर पड़ सकता है। भारत का 20% इम्पोर्ट, जैसे कपड़े, ज्वेलरी और ऑटो पार्ट्स अमेरिका जाता है। इस भारी भरकम टैरिफ से भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5% से घटकर 5.5% हो सकती है। ट्रम्प पिछले 3 महीने में करीब 30 बार भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने का दावा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी साफ तौर पर इससे इनकार कर चुके हैं। भारत का साफ कहना है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर आपसी बातचीत से हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का रोल नहीं है। इसके अलावा ट्रम्प ने पाकिस्तान में ऑयल रिजर्व डेवलप करने की बात कही थी और पाकिस्तानी सेना प्रमुख को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। ये फैसले भी भारत को नाराज करने वाले थे। गौरतलब है कि अमेरिका में होने वाले कुल निर्यात भारत की हिस्सेदारी 20 फीसदी के करीब है। खासकर कपड़े, गहने, दवाइयाँ और ऑटो पार्ट्स। लेकिन सीमा शुल्क की वजह से अब यह व्यापार घट सकता है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत के बजाय सिर्फ़ 5.5 प्रतिशत रह जाएगी। कहा जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के अप्रत्याशित रुख को भारत सरकार ने अच्छे ढंग से नहीं लिया है। जून में ही एक सर्वे के अनुसार जर्मनी में 18% लोग ट्रंप पर भरोसा करते हैं, जबकि भारत में ट्रंप को सबसे कम भरोसेमंद राष्ट्रपति माना जाता है।

## शेयर बाजार धड़ाम...

एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, स्वास्थ्य, रियलिटी, आईटी, धातु, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक 0.41 प्रतिशत से 2.24 प्रतिशत तक टूट गये। विदेशी बाजारों में रही गिरावट का असर भी घरेलू बाजार पर देखा गया। सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर लाल निशान में रहे। सन फार्मा में सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 2.88 फीसदी, बजाज फाइनेंस का 2.67, ट्रेंट का 2.45, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.02 और बजाज फिनसर्व का दो प्रतिशत टूटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, बीईएल, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड में 1.53 फीसदी की गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 2.38 प्रतिशत चढ़ा। मारुति सुजुकी में 1.85 प्रतिशत और आईटीसी में 0.93 फीसदी की तेजी रही। टीसीएस का शेयर 0.49 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.19 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। ज्यादा शेयरों वाले निफ्टी-100 सूचकाक में 1.08 प्रतिशत की गिरावट रही और मझौली कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.91 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 2.03 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.97 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.18 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.39 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.36 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56 फीसदी की गिरावट में रहा।

## सीमाओं पर सोची समझी...

बढ़ गई है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे देश के सभी सीमावर्ती गांवों के लिए एक संदेश है कि इन गांवों में लौटने की प्रवृत्ति सही दिशा में बढ़ रही है। शाह ने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने वीवीपी की अवधारणा प्रस्तुत की तो यह निर्णय लिया गया कि इसे चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ङ्कन केवल हर सीमांत गांव को सभी सुविधाओं से युक्त किया जाए, बल्कि सीमांत गांवों में रहने वाले हर नागरिक को भारत सरकार और राज्य सरकार की सभी योजनाओं से लैस करके उनके व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाया जाए। शाह ने कहा कि इन गांवों को देश और सीमा की सुरक्षा के मजबूत उपकरण के तौर पर विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के अंतिम गांव को देश के पहले गांव के रूप में नामित कर सीमावर्ती गांवों को देखने का लोगों का नजरिया बदल दिया। शाह ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में आईटीबीपी (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) ने वाइब्रेंट गांव से दूध, सब्जियां, अंडे और अनाज जैसी दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं खरीदने का सफल प्रयोग किया है और उन्होंने प्रत्येक सीमावर्ती गांव में इस प्रयोग को जमीनी स्तर पर लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## 'उदयगिरि' और...

शिवालिक-श्रेणी के फ्रिगेट से लगभग पांच प्रतिशत बड़े हैं। फिर भी इनका आकार अधिक सुडौल है और इनका रडार क्रॉस सेक्शन कम है। नौसेना के मुताबिक इन्हें डीजल इंजन और गैस टर्बाइनों का उपयोग करते हुए संयुक्त डीजल या गैस प्रणोदन संयंत्रों से संचालित किया जाता है, जो नियंत्रणीय-पिच प्रोपेलर चलाते हैं और एक एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से प्रबंधित होते हैं। हथियार सूट में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 76 मिमी एमआर गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन हथियार प्रणालियों और पनडुब्बी रोधी/पानी के नीचे की हथियार प्रणालियों का संयोजन शामिल है। दोनों जहाजों के निर्माण में 200 से अधिक एमएसएमई का सहयोग रहा है। इससे लगभग 4,000 प्रत्यक्ष नौकरियों और 10 हजार से अधिक अप्रत्यक्ष नौकरियों का मौका मिला है। उदयगिरि और हिमगिरि का जलावतरण जहाजों के डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके बाद अन्य स्वदेशी जहाजों, जैसे विध्वंसक आईएनएस सूरत, फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि, पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, पनडुब्बी आईएनएस अर्णाला और गोताखोरी सहायता पोत आईएनएस निस्तार का जलावतरण 2025 में ही होगा। कठोर समुद्री परीक्षणों के दौरान फ्रिगेट्स के पतवार, मशीनरी, अग्निशमन, क्षति नियंत्रण, नौवहन और संचार प्रणालियों ने पुष्टि की है कि वे परिचालन तैनाती के लिए तैयार हैं।लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री वाले ये जहाज रक्षा निर्माण में सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। अपने प्रतिष्ठित पूर्ववर्तियों के नामों को पुनर्जीवित करने की नौसेना की परंपरा को ध्यान में रखते हुए दोनों फ्रिगेटों का नाम पूर्ववर्ती आईएनएस उदयगिरि (एफ35) और आईएनएस हिमगिरि (एफ34) के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने सेवामुक्त होने से पहले 30 वर्षों से अधिक समय तक राष्ट्र की विशिष्ट सेवा की थी। इस प्रकार नये उदयगिरि और हिमगिरि का जलावतरण उनके पूर्वजों की विरासत का सम्मान तथा जहाज निर्माण क्षमता के नये युग का सूत्रपात है। उदयगिरि और हिमगिरि के नौसेना में शामिल होने से समुद्री युद्धक तत्परता बढ़ेगी और हिंद महासागर क्षेत्र में अपने समुद्री हितों की रक्षा करने में भारत और मजबूत होगा।

## शांति चाहिए...

रूप से जटिल होंगे, जहां तीनों सेनाओं का समन्वय निर्णायक होगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घोषित 'सुदर्शन चक्र मिशन' का भी जिक्र किया, जिस पर कार्य आरंभ हो चुका है। इस मिशन के तहत विकसित होने वाली प्रणाली वर्ष 2035 तक भारत के लिए आयरन डोम जैसी सुरक्षा कवच प्रदान करेगी। सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि आधुनिक युद्ध में इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकनॉसेंस (आईएसआर) की बहुआयामी व्यवस्था अनिवार्य है। इसके लिए भूमि, वायु, समुद्र, अंतरिक्ष और पानी के भीतर के सभी सेंसर को आपस में जोड़कर रियल-टाइम डेटा एनालिसिस करना होगा। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा और क्वांटम टेक्नोलॉजी का बड़ा योगदान रहेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह सब न्यूनतम लागत पर हासिल करना भारत की विशेषता होगी। इस दौरान नौसेना के वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' के अनुभवों को आगे बढ़ाते हुए तकनीकी सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह सहित थल सेना, जल सेना और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इस संवाद कार्यक्रम में युद्ध, युद्धनीति और युद्ध पर आधुनिक तकनीक के प्रभाव जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसमें सेनाओं के अफसर बल्कि रक्षा उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी विचार साझा करेंगे। उन्होंने संयुक्त प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने और परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर और क्वांटम जैसी निरंतर विकसित हो रही तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। मजबूत नागरिक सैन्य एकीकरण के लिए सीडीएस ने भविष्य के युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में क्षमताओं के विकास पर जोर दिया। भविष्य के युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में क्षमताओं का विकास आवश्यक है। जनरल चौहान ने कौटिल्य का हवाला देते हुए कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विचारों और ज्ञान का स्रोत रहा है। युद्ध, नेतृत्व, प्रेरणा, मनोबल और तकनीक के विभिन्न आयामों पर गंभीर शोध किए जाने की आवश्यकता है। भारत को सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित बनना होगा और यह तभी संभव है, जब सभी हितधारक भविष्य के लिए तैयार सेनाओं के निर्माण में सामूहिक रूप से भाग लें। सीडीएस ने बताया कि रण संवाद का उद्देश्य वास्तविक अभ्यासकर्ताओं के लिए एक मंच तैयार करना है, ताकि एक ऐसा वातावरण तैयार किया जा सके, जहां नए विचारों के बीच सामंजस्य और सद्भाव, सैन्य-कर्मियों के अनुभव के साथ सह अस्तित्व में रह सके।

## उच्च न्यायालयों की...

में अपने पहले के फैसले का हवाला देते हुए न्यायालय ने दोहराया कि समय पर फैसले सुनाना न्याय प्रदान करने की प्रणाली का एक अनिवार्य हिस्सा है। उच्चतम न्यायालय ने नए निर्देश जारी करते हुए आदेश दिया कि प्रत्येक उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार उन मामलों की सूची वाली एक मासिक रिपोर्ट तैयार करें जिनमें फैसले सुरक्षित रखे गए हैं, लेकिन सुनाए नहीं गए हैं। यह रिपोर्ट संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को प्रस्तुत की जानी चाहिए। यदि तीन महीने के भीतर फैसला नहीं सुनाया जाता है, तो महापंजीयक को मामले को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत करना होगा, जो दो सप्ताह के भीतर फैसला सुनाने का निर्देश देंगे। यदि कोई पीठ फिर भी फैसला नहीं सुनाती है, तो मामले को किसी अन्य पीठ को सौंप दिया जाना चाहिए। पीठ ने स्पष्ट किया, ये निर्देश इस न्यायालय द्वारा पहले ही जारी किए जा चुके निर्देशों के अतिरिक्त हैं' और अपने आदेश को अनुपालन के लिए सभी उच्च न्यायालयों भेजने का निर्देश दिया।

## श्री माता वैष्णो देवी...

के अनुमान के मुताबिक कल जम्मू, सांबा, कठुआ, रियासी, उधमपुर, राजौरी, रामबन, डोडा और किश्तवाड़ जिलों में कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बादल फटने, अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन की आशंका जतायी गयी है। प्रशासन ने ऐसे में लोगों से अपील की है कि भारी बारिश में अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

## युवाओं को न्यूनतम...

जा रहा है। इसमें किसी भी युवा की उसकी जाति उसका मत उसका मजहब उसका चेहरा देखकर के नहीं बल्कि उसकी रुचि के अनुसार उसे यह सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। अब तक 70,000 से अधिक युवाओं ने इस स्कीम से जुड़कर अपने उद्यम स्थापित किए हैं। योगी ने कहा कि बीते 8 वर्षों में पारदर्शिता के साथ 8.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इसमें पुलिस विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पीडब्ल्यूडी और विश्वविद्यालयों में भी बड़ी संख्या में नियुक्तियां हुई हैं। इतने कम समय में इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाने वाला देश के अंदर सबसे बड़े राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश की गिनती आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के चलते प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बना है। पिछले 8 वर्षों में 33 से अधिक सेक्टोरियल पॉलिसी लागू की गईं। इन्वेस्ट यूपी पोर्टल, निवेश मित्र और सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के जरिए पारदर्शी व्यवस्था बनाई गई। परिणामस्वरूप 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश जमीनी स्तर पर उतरे हैं और 60 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन और स्किल डेवलपमेंट मिशन के जरिए युवाओं को नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स की ट्रेनिंग दी जा रही है। टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में नई लैब और कोर्स शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विदेश जाने वाले युवाओं को भाषा प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जर्मनी जाने वालों को जर्मन भाषा, जापान जाने वालों को जापानी और अन्य देशों में जाने वालों को उनकी भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वहां पहुंचने के बाद युवाओं को प्रशिक्षण या भाषा की वजह से कठिनाई न झेलनी पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि हर टेक्नोलॉजी हमेशा एक जैसी नहीं रहती, वह समय के अनुरूप बदलती है हमें समाज के मांग के अनुरूप अपने आप को अपडेट करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों के हितों की रक्षा और उद्योगों की सुचारुता दोनों को ध्यान में रखते हुए श्रम कानूनों में सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से श्रमिक का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। श्रमिक का पूरा वेतन मिलना अनिवार्य होगा, जबकि अतिरिक्त चार्जेज सरकार अपने स्तर पर वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रोजगार महाकुंभ युवाओं और इंडस्ट्री को जोड़ने का मंच है। इससे न केवल नौकरियां मिलेंगी बल्कि नई टेक्नोलॉजी की मांग के अनुरूप ट्रेनिंग और कोर्स भी तय होंगे। उन्होंने कहा कि जब श्रमिक और अन्नदाता खुशहाल होंगे, तब ही देश और प्रदेश खुशहाल होगा। यह सुनिश्चित होते ही विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश को दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक पाएगी।

# बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में उद्योग विभाग के 9 एजेड़ों समते कुल 26 प्रस्तावों पर लगी मुहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में उद्योग विभाग के 9 एजेंडों सहित कुल 26 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने इसकी विस्तृत जानकारी दी। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि बिहार में उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 के बाद अब नया बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 (बीआईपीपीपी-2025) लागू किया है। इसके तहत 40 करोड़ रूपये तक की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि नई इकाइयों को स्वीकृत परियोजना लागत का 300 प्रतिशत तक शुद्ध राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) की प्रतिपूर्ति 14 वर्षों के लिए की जाएगी। 30 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। निर्यात प्रोत्साहन की सीमा 14 वर्ष की अवधि के लए 40 लाख रूपये प्रतिवर्ष होगी। इसके अतिरिक्त कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग, स्टाम्प ड्यूटी एवं भूमि रूपांतरण शुल्क की प्रतिपूर्ति, निजी औद्योगिक पार्कों

■ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न



को सहयोग, पेटेंट पंजीकरण एवं गुणवत्ता प्रमाणन के लिए सहायता दी जाएगी। इस नए औद्योगिक पैकेज 2025 के तहत निवेश को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क भूमि आवंटित की जाएगी। 100 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली एवं 1000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाली औद्योगिक इकाइयों को 10 एकड़ तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी। 1000 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली औद्योगिक इकाइयों को 25 एकड़ तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी। फॉर्च्यून 500 कंपनियों को 10 एकड़ तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी। औद्योगिक पैकेज 2025 के अंतर्गत लाभ लेने के लिए निवेशकों को 31 मार्च 2026 से पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा। इस नए औद्योगिक पैकेज 2025 से 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने में सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें राज्य के अंदर ही अधिक से अधिक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा मे कहा कि भोजपुर आरा के तरारी में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए 249.48 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए 52 करोड़ 62 लाख 22,900 की स्वीकृति दी गई है। शेखपुरा जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए 250.06 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 42 करोड़ 16 लाख 30,233 की स्वीकृति हुई है। कौशल विकास प्रोत्साहन (स्किल डेवलपमेंट इंसेंटिव) के तहत 20 हजार तक प्रति कर्मी देने का भी फैसला कैबिनेट में लिया गया है। नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग (रिन्यूएबल एनर्जी यूज) करने वाले को प्रोत्साहन (इंसेंटिव) के तौर पर 6 लाख रुपये तक देने की भी स्वीकृति दी गई है। मुख्य सचिव ने कहा कि 32 औद्योगिक पार्क बनाने का सरकार ने फैसला लिया है और उसके तहत 8000 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है। 14600 एकड़ जमीन अधिग्रहण और करने का फैसला लिया गया है। दरभंगा जिला के बहादुरपुर में औद्योगिक क्षेत्र विस्तार के लिए 385.45 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए तीन अरब 76 करोड़ 7 लाख 79,329 रुपये की स्वीकृति दी गई है। अमृत लाल मीणा ने कहा कि पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे के समीप पूर्णिया में 279.65 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए 66 करोड़ 91 लाख 91318 रुपये की स्वीकृति दी गई है। पटना जिला के फतुहा में लॉजिस्टिक पार्क के लिए 242 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के लिए 408 करोड़ 81 लाख 30503 रुपये की स्वीकृति दी गई है। बिहार जल विद्युत निगम के अंतर्गत 12 निर्माण मशीन परियोजनाओं में से परियोजनाओं के लिए 166.81 करोड़ राशि की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान जल संसाधन विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत पटना मुख्य नहर के 62.60 किलोमीटर पर एक पुल है, जिससे राष्ट्रीय राज्य मार्ग-139 गुजरती है।

# भाजपा ने अमेरिका में पंजाबी ट्रक चालकों के कार्य वीज़ा निलंबन पर राजनयिक हस्तक्षेप का किया अनुरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से अमेरिका में विदेशी ट्रक चालकों विशेषकर पंजाबियों के कार्य वीज़ा निलंबन पर तत्काल राजनयिक हस्तक्षेप का अनुरोध किया है।

श्री शर्मा ने विदेश मंत्री को पत्र लिखकर कहा कि फ्लोरिडा में हाल ही में पंजाबी मूल के ट्रक चालक हरजिंदर सिंह के साथ हुई दुखद दुर्घटना के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने कथित रूप से विदेशी ट्रक चालकों के लिए कार्य वीज़ा जारी करने पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस घटनाक्रम ने हजारों भारतीय नागरिकों विशेषकर पंजाबियों के बीच व्यापक संकट एवं अनिश्चितता उत्पन्न कर दी है जो अमेरिकी परिचालन एवं परिवहन क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि पंजाबियों ने अपने लचीलेपन, मेहनती स्वभाव और कड़ी मेहनत के प्रति प्रतिबद्धता के लिए वैश्विक ख्याति अर्जित की है। अमेरिका में पंजाबी ट्रक चालक कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जो राज्यों में आवश्यक वस्तुओं, दवाओं, खाद्य आपूर्ति और औद्योगिक सामग्री की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करके आपूर्ति श्रृंखलाओं को बनाए रखते हैं। उनका योगदान विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान दिखाई दिया जब उन्होंने निर्बाध आपूर्ति को बनाए रखने के लिए खतरनाक परिस्थितियों में अथक परिश्रम किया। पंजाबियों ने खुद को अमेरिका के सबसे जीवंत एवं मेहनती समुदायों में से एक के रूप में भी स्थापित किया है। वे विशेष रूप से कैलिफ़ोर्निया, न्यूयॉर्क और मध्य-पश्चिम में प्रमुख हैं जहां अकेले कैलिफ़ोर्निया में अधिकांश ट्रक संचालन पंजाबी मूल के ड्राइवरों द्वारा प्रबंधित किए जाते हैं। ट्रक चलाने के अलावा, पंजाबी खेती, व्यवसाय, शिक्षा और सार्वजनिक सेवा में लगे हुए हैं जिससे अमेरिका के आर्थिक विकास और सामाजिक ताने-बाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है साथ ही हमारे दोनों देशों के बीच एक मजबूत सांस्कृतिक और आर्थिक सेतु का काम भी करते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि हरजिंदर सिंह के मामले को संबंधित अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके मामले को निष्पक्ष, पारदर्शी और मानवीय तरीके से निपटाया जाए। साथ ही इस बात पर ज़ोर दिया जाना चाहिए कि किसी एक व्यक्ति के कृत्य या दुर्भाग्य को कभी भी पूरे कानून का पालन करने वाले समुदाय को कलंकित या दंडित करने का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए। हालांकि फ्लोरिडा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना वास्तव में दुखद थी लेकिन किसी एक दुर्घटना के कारण पूरे समुदाय को दंडित करना न तो उचित है और न ही न्यायसंगत। व्यापक प्रतिबंध लगाने से न केवल मेहनती पंजाबियों की आजीविका खतरे में पड़ती है, बल्कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था और समाज में उनके अमूल्य योगदान को भी कमज़ोर करता है। इस तरह का सामान्यीकरण गहरा भेदभावपूर्ण है और हमारे प्रवासी समुदाय में अलगाव की भावना पैदा करता है।

भाजपा नेता ने अनुरोध किया कि इस मामले को अमेरिकी सरकार के समक्ष उठाया जाना चाहिए और इस बात पर ज़ोर देना चाहिए कि एक अकेली घटना के लिए पूरे मेहनती समुदाय को दंडित करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन डी.सी. स्थित भारतीय दूतावास को विदेशी ट्रक ड्राइवरों के लिए कार्य वीज़ा पर लगाए गए प्रतिबंधों की तत्काल समीक्षा और पुनर्विचार के लिए संबंधित अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत शुरू करने का निर्देश देना चाहिए जिससे पंजाबी ट्रक ड्राइवरों और उनके परिवारों की आजीविका और भविष्य सुरक्षित हो सके। हरजिंदर सिंह को कानूनी और कांसुलर सहायता सुनिश्चित करना चाहिए जिससे उनके मामले का निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटारा हो सके।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने 341.43 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं से संबंधित पटना शहरी क्षेत्र (पूर्वी) के लिए भद्र घाट, पटना सिटी में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 341.43 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास / कार्यारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि 4 घोषणाओं से संबंधित 5 योजनाओं का शिलान्यास आज किया जा रहा है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से पटना सिटी के लोगों तथा प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में पटना साहिब आनेवाले सिख श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से पटना शहरी क्षेत्र (पूर्वी) के आम लोगों को काफी फायदा होगा। उन्हें बेहतर जनसुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने भद्र घाट, पटना सिटी में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 158.40 करोड़ रुपये लागत की गायघाट-कंगन घाट-दीदारगंज तक (लंबाई 7.80 किलोमीटर) गंगा के किनारे पुराने पथ के चौड़ीकरण/निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पटना सिटी क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। साथ ही छठ महापर्व और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के लिए गंगा नदी तक पहुंचने में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने भद्र घाट, पटना सिटी में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 61.95 करोड़ रुपये की लागत से गाय घाट में जेपी गंगा पथ से सटे नदी की ओर डाउन रैंप के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर कार्यारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस इवसर पर कहा कि इस योजना के पूर्ण होने पर जेपी गंगा पथ से गाय घाट उतरने में सुविधा होगी। जेपी गंगा पथ गाय घाट में यू-टर्न व्यवस्था के कारण निरंतर जाम की समस्या बनी रहती है, अब इस कार्य के पूर्ण होने पर जाम से निजात मिलेगी। यातायात सुगम होगा और सड़क सुरक्षा बेहतर होगी। मुख्यमंत्री ने भद्र घाट, पटना सिटी में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 99.26 करोड़ रुपये लागत की पटना साहिब में तख्त श्री हरमंदिर साहिब जी, कंगन घाट में मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने भद्र घाट, पटना सिटी में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 14.05 करोड़ रुपये लागत की पटना सिटी के मंगल तालाब में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास एवं 7.77 करोड़ रुपये लागत की नागरिक सुविधाओं के विकास कार्य का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम के पश्चात लौटने के क्रम में मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर रुककर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की लगायी गयी तस्वीर को देखा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस पथ पर जगह-जगह और अच्छे ढंग से लोकनायक जयप्रकाश नारायण की तस्वीर लगाएं।

## संगठित अपराध मॉड्यूल का भंडाफोड़, हथियारों सहित चार अपराधी गिरफ्तार

**पठानकोट।** पंजाब में पठानकोट काउंटर इंटेलिजेंस ने मंगलवार को खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए एक अभियान में, कई जघन्य अपराधों में शामिल एक संगठित अपराध मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके एक लक्षित हत्या को सफलतापूर्वक टाल दिया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने दो नाबालिगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से दो पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जाँच में उनके विदेश में रहने वाले निशान सिंह (निवासी जौरियाँ), शमशेर सिंह उर्फ शेरा मान उर्फ हनी (निवासी मान) और साजन मसीह उर्फ गोरू (निवासी वेरोके, थाना डेरा बाबा नानक) से संबंध होने का पता चला है। राज्य भर में अन्य आपराधिक गतिविधियों के बारे में भी महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।










चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063